इंटरनेट पर देखें
www.dainikdawa.com

संस्कारधानी से प्रकाशित मध्यभारत व छत्तीसगढ़ अंचल का सर्वप्रसारित लोकप्रिय हिंदी समाचार पत्र

भारत सरकार व छत्तीसगढ़ शासन से विज्ञापन के लिए अधिकृत

दैनिक प्रातः संस्करण

"यो आत्मानं वेति, सर्वं स वेति"।।

# दावा

आर.एन.आई.नं. 58841/93
डाक पंजीयन छ.ग./दुर्ग/14/2024-26

सम्पादक - दीपक कुमार बुद्धदेव

**पैसे बीमारी ठीक होने के बाद**

उम्र की अधिकता और बीपी, शुगर से आई कमजोरी, मोटापा, लकवा, संतान न होना, नौजवानों की शारीरिक कमजोरी, धातु रोग, शीघ्र पतन, ईन्द्रीयों की समस्या, शुक्राणु की कमी, टायमिंग की कमी एवं गुप्त रोगों का विशेष आयुर्वेदिक पद्धति से इलाज किया जाता है। मनचाही शक्ति सफलता से प्राप्त करने हेतु संपर्क करें।

तुलसी आयुर्वेदिक

चौरसिया कॉम्प्लेक्स (मस्जिद के सामने)
गुड़ाखू लाईन, शॉप नं.-4, राजनांदगांव
मो.नं.-7566609039
हर दिन सु. 10 बजे से शाम 7 बजे तक



## नीट यूजी 2024: ग्रेस मार्क्स विवादित 1563 विद्यार्थियों के स्कोर कार्ड रद्द, 23 जून को पुनः परीक्षा का विकल्प

नई दिल्ली। नीट यूजी 2024 की 23 जून को दोबारा परीक्षा होगी, जिसका नतीजा 30 जून तक आ जायेगा। सुप्रीम कोर्ट वर्तमान में नीट 2024 को रद्द करने और फिर से परीक्षा कराने की याचिकाओं पर सुनवाई कर रहा है, जो पेपर लीक और ग्रेस मार्क्स के आवंटन में अनियमितताओं के आरोपों के कारण प्रेरित थे। कार्यवाही के दौरान, यह घोषणा की गई कि 1,563 नीट यूजी 2024 उम्मीदवारों के अंक अमान्य कर दिए गए हैं। नीट ने अदालत को सूचित किया है कि इन उम्मीदवारों के लिए 23 जून को फिर से परीक्षा होगी, जिसके परिणाम और काउंसलिंग 30 जून तक आने की उम्मीद है। जस्टिस विक्रम नाथ और अहसानुद्दीन अमानुल्लाह की अवकाश पीठ शिवांगी मिश्रा और नौ अन्य द्वारा 1 जून को परिणाम घोषित होने से पहले दायर की गई पहली याचिका पर सुनवाई कर रही है।

उधर, नीट यूजी 2024 परीक्षा में ओएमआर शीट फटी मिलने के कारण परिणाम घोषित न होने के एक मामले में दाखिल याचिका पर हाई कोर्ट ने नैशनल टेस्टिंग एजेंसी (एनटीए) से मूल दस्तावेज पेश करने को कहा है। जस्टिस राजेश चौहान की अवकाश कालीन पीठ ने छात्रा आयुषि पटेल की याचिका पर यह आदेश दिया। सुनवाई के दौरान



### फटी ओएमआर शीट मामले में एनटीए से मूल दस्तावेज तलब- अजय कुमार

कोर्ट ने पाया कि छात्रा की ओएमआर शीट से भरा अप्लीकेशन नंबर और ई-मेल से भेजा गया नंबर अलग-अलग हैं। इस पर कोर्ट ने एनटीए और याची को तीन दिन का समय देते हुए ओरिजिनल दस्तावेज पेश करने का आदेश दिया। अगली सुनवाई 18 जून को होगी। याचिका में मांग की गई है कि छात्रा की ओएमआर शीट का मैनुअल मूल्यांकन करवाया जाए। एनटीए के खिलाफ केंद्र सरकार को जांच का आदेश दिया जाए और वर्तमान याचिका के विचाराधीन रहते काउंसलिंग पर रोक लगाई जाए। याची की ओर से दलील दी गई कि उसे एनटीए से एक ई-मेल मिला, जिसमें कहा गया कि उसकी ओएमआर शीट फटी मिली है। लिहाजा, उसका परिणाम घोषित नहीं किया जा रहा है। याचिका का विरोध करते एनटीए की ओर से छात्रा की ओरजिनल ओएमआर शीट स्कोर कार्ड और अटेंडेंस शीट पेश कर बताया गया कि इन दस्तावेज में छात्रा का अप्लीकेशन नंबर 240411340741 है, जिसे छात्रा ने खुद हस्ताक्षरित किया है। इसके बावजूद छात्रा अप्लीकेशन नंबर 240411340741 के बारे में ई-मेल भेज रही थी। कोर्ट ने पाया कि दोनों अप्लीकेशन नंबर में एक अंक '3' और '8' का अंतर है। इस पर कोर्ट ने दोनों पक्षों को अगली सुनवाई पर ओरिजिनल रेकॉर्ड पेश करने का आदेश दिया है।

जबकि यूजी के मामले में आरोपों से घिरी एनटीए के अधिकारियों ने बुधवार दावा किया कि पेपर लीक नहीं हुआ और मेडिकल प्रवेश परीक्षा की पवित्रता से कोई समझौता नहीं किया गया है। एनटीए के डीजी सुबोध कुमार सिंह ने दावा किया कि एग्जाम में अनुचित (शेष पृष्ठ 6 पर...)

## कुवैत में 45 भारतीयों के शवों की हुई पहचान, घायलों से मिले केंद्रीय मंत्री; एयरफोर्स के विमान से भारत लाए जाएंगे शव

दुबई। कुवैत के अधिकारियों ने एक इमारत में आग लगने की घटना में मारे गए 45 भारतीयों और फिलीपींस के तीन नागरिकों के शवों की पहचान कर ली है। कुवैत ने घटना की त्वरित जांच करने और मृतकों के शवों को भेजने में पूर्ण सहयोग करने का आश्वासन दिया है।



दक्षिणी शहर मंगाफ में बुधवार को छह मंजिला इमारत में आग लगने से कम से कम 49 विदेशी श्रमिकों की मौत हो गई और 50 अन्य घायल हो गए। इस इमारत में 196 प्रवासी कामगार रह रहे थे।

अंग्रेजी अखबार अरब टाइम्स की खबर के अनुसार कुवैत के प्रथम उप प्रधानमंत्री, गृह मंत्री और रक्षा मंत्री शेख फहद अल-यूसुफ अल-सबा ने कहा कि अधिकारियों ने 48 शवों की पहचान कर ली है। इनमें 45 भारतीय और तीन फिलीपींस के नागरिक हैं। शेष एक शव की पहचान के प्रयास अब भी जारी हैं। भारतीयों के शवों को वापस लाने के लिए भारतीय वायुसेना का एक विमान तैयार रखा गया है। रक्षा अधिकारी ने कहा कि भारतीय वायु सेना का सी-130जे सुपर हरक्यूलिस परिवहन विमान कुवैत में आग लगने की घटना में जान गंवाने वाले भारतीय मूल के लोगों के शवों को वापस लाने के लिए कुवैत के लिए रवाना हो गया है। कल वापसी की उम्मीद है। भारतीयों को दी जाने वाली सहायता का जायजा लेने तथा मृतकों के शवों की शीघ्र वापसी सुनिश्चित करने के लिए कुवैत पहुंचे विदेश राज्यमंत्री कीर्ति वर्धन सिंह ने वहां के विदेश मंत्री अब्दुल्ला अली अल-याह्या से मुलाकात की, जिन्होंने पूर्ण समर्थन का आश्वासन दिया तथा त्रासदी की शीघ्र जांच करने की प्रतिबद्धता जताई।

### कीर्ति वर्धन सिंह ने घायल लोगों से मुलाकात की

केंद्रीय विदेश राज्य मंत्री कीर्ति वर्धन सिंह ने आग की घटना में घायल हुए लोगों से मुलाकात की और उन्हें भारत सरकार की ओर से हरसंभव सहायता का आश्वासन दिया। उन्होंने प्रथम उप प्रधानमंत्री शेख फहद से भी मुलाकात की, जिन्होंने अमीर की ओर से संवेदना व्यक्त की (शेष पृष्ठ 6 पर...)

## डोभाल राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार, मिश्रा प्रधानमंत्री के प्रधान सचिव बने रहेंगे



नयी दिल्ली। भारतीय पुलिस सेवा (आईपीएस) के सेवानिवृत अधिकारी श्री अजीत डोभाल को लगातार तीसरी बार राष्ट्रीय सलाहकार नियुक्त किया गया है और डॉ़ पी. के. मिश्रा को दोबारा प्रधानमंत्री का प्रधान सचिव बनाया गया है।

केन्द्रीय मंत्रिमंडल की नियुक्ति मामलों की समिति ने इन दोनों अधिकारियों की नियुक्ति को गुरुवार को मंजूरी दे दी। समिति ने भारतीय प्रशासनिक सेवा के सेवानिवृत अधिकारियों अमित खरे और तरूण कपूर को भी प्रधानमंत्री कार्यालय में प्रधानमंत्री का सलाहकार नियुक्त किया गया है।

केन्द्रीय कार्मिक और प्रशिक्षण विभाग ने आज बताया कि श्री डोभाल और डॉ. मिश्रा की नियुक्ति 10 जून से प्रभावी होगी और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के कार्यकाल या अगले आदेश जो भी पहले हो तब तक रहेगी। दोनों अधिकारियों को केबिनेट मंत्री का दर्जा दिया गया है। दोनों अधिकारियों की नियुक्ति की सेवा शर्तों के बारे में अलग से अधिसूचना जारी की जायेगी। श्री खरे और श्री कपूर की नियुक्ति दो वर्ष के लिए होगी और उन्हें केन्द्र सरकार के सचिव के समकक्ष रखा गया है।

## सौर ऊर्जा से रोशन होगा नया विधानसभा भवन, नई टेक्नोलॉजी से रहेगा लैस, डॉ. रमन ने की समीक्षा

रायपुर (दावा)। विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह और मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने आज यहाँ अपने निवास कार्यालय में नवा रायपुर में निर्माणाधीन नवीन विधानसभा भवन, विधायक विश्रामगृह एवं विधानसभा के अधिकारियों-कर्मचारियों के लिए बन रहे आवासों की प्रगति की समीक्षा की। मुख्यमंत्री ने बैठक में कहा कि निर्माण कार्य अच्छी गुणवत्ता के साथ समय-सीमा में पूर्ण करें। समय-समय पर प्रगति की समीक्षा की जाए। बैठक में उप मुख्यमंत्री अरूण साव, संसदीय कार्य मंत्री बृजमोहन अग्रवाल, वित्त मंत्री ओ. पी. चौधरी, मुख्य सचिव अमिताभ जैन भी उपस्थित थे।

विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह ने बैठक में कहा कि विधानसभा भवन का निर्माण आने वाली पीढ़ियों को ध्यान में रखकर किया जाना है। हमारा प्रयास यह हो कि पूरा विधानसभा सौर ऊर्जा से संचालित हो। यह पूरे देश के लिए एक उदाहरण बने। उन्होंने कहा कि पूरा परिसर हरित वातावरण से सुसज्जित हो इसलिए



- निर्माण कार्य समय सीमा में पूरा करें, प्रगति की सतत् समीक्षा हो- सीएम साय
- विधानसभा भवन का निर्माण आने वाली पीढ़ियों को ध्यान में रखकर करें - विस अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह

अधिक से अधिक वृक्षारोपण किया जाना चाहिए। उन्होंने परिसर में बागवानी के पौधों के अलावा छत्तीसगढ़ के मुख्य वृक्षों महुआ, कुसुम, साल और सागौन जैसे वृक्षों का रोपण किया जाए। विधानसभा अध्यक्ष डॉ. सिंह ने रेन वाटर हार्वेस्टिंग के साथ ही ऐसी व्यवस्था अपनाने की बात कही जिससे पानी का पुनः उपयोग सिंचाई में भी किया जा सके। उन्होंने परिसर में एक प्राकृतिक तालाब भी निर्मित करने की बात कही जिससे पानी की उपलब्धता बनी रहे। निर्माण कार्य में तीव्रता और कसावट लाने के लिए अध्यक्ष डॉ. सिंह ने मुख्य सचिव को प्रति माह बैठक आयोजित कर समीक्षा करने की भी बात कही।

संसदीय कार्य मंत्री बृजमोहन अग्रवाल ने अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि निर्माण में उच्च एवं आधुनिक गुणवत्ता के सामान का उपयोग करें। उन्होंने कहा कि यह विधानसभा देश भर में अनूठा बने इसका ध्यान रखते हुए निर्माण करें क्योंकि देश भर से लोग विधानसभा भ्रमण के लिए आते हैं। यह छत्तीसगढ़ की बड़ी पंचायत है तो इसकी छटा पूरे देश में दिखाई पड़नी चाहिए। छत्तीसगढ़ की संस्कृति की झलक के साथ ही सिरपुर जैसे धरोहरों की रेप्लीका भी दिखाई पड़नी चाहिए। गौरतलब है कि नवा रायपुर अटल नगर के सेक्टर-19 में लगभग 20.78 हेक्टेयर भूमि पर 217.12 करोड़ की (शेष पृष्ठ 6 पर...)

## नीट परीक्षा- कोई साठगांठ पायी जायेगी, तो कार्रवाई होगी- प्रधान

नयी दिल्ली। केन्द्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान ने राष्ट्रीय पात्रता सह प्रवेश परीक्षा (नीट-यूजी) के मुद्दे पर कांग्रेस पर हमला बोलते हुये गुरुवार को कहा कि पार्टी इस ग़लतफ़हमी में न रहे कि कोई भी साठगांठ पायी जायेगी, तो उस पर कार्रवाई नहीं होगी।



श्री प्रधान ने कहा है कि नीट परीक्षा के मामले में राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी (एनटीए) उच्चतम न्यायालय के निर्देशों का पालन करते हुये उचित कार्रवाई करने के लिये कटिबद्ध है। न्यायालय के निर्देश के मुताबिक 1563 विद्यार्थियों की परीक्षा दोबारा करायी जायेगी। उन्होंने कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खडगे द्वारा 'एक्स' पर किये गये एक पोस्ट का जवाब देते हुये कहा, नीट परीक्षा मामले में एनटीए उच्चतम न्यायालय के निर्देशों का पालन करते हुये उचित कार्यवाही करने को कटिबद्ध है। माननीय शीर्ष अदालत के निर्देशानुसार 1563 विद्यार्थियों की परीक्षा दोबारा करायी जायेगी।

उन्होंने कहा, परीक्षा में किसी प्रकार की धांधली, भ्रष्टाचार या पेपर लीक की कोई भी पुख्ता सबूत अभी तक सामने नहीं आया है। इससे संबंधित सारे तथ्य उच्चतम न्यायालय के सामने हैं और विचाराधीन हैं। मैं कांग्रेस को यह याद दिलाना चाहता हूं कि पेपर लीक रोकने और नक़ल रहित परीक्षा के लिए केंद्र सरकार ने इसी साल सार्वजनिक परीक्षा (शेष पृष्ठ 6 पर...)

## कर्नाटक के पूर्व सीएम येदियुरप्पा पर नाबालिग से शोषण का आरोप, गैर-जमानती अरेस्ट वारंट जारी

बेंगलुरु। बेंगलुरु की एक स्पेशल कोर्ट ने गुरुवार को भाजपा नेता और कर्नाटक के पूर्व मुख्यमंत्री बीएस येदियुरप्पा के खिलाफ गैर-जमानती वारंट जारी किया. नाबालिग लड़की के कथित यौन उत्पीड़न से संबंधित पॉक्सो मामले में ये वारंट जारी किया गया है. पॉक्सो मामलों के लिए फर्स्ट फास्ट ट्रैक कोर्ट ने अभियोजन पक्ष की इस दलील पर विचार करते हुए वारंट जारी किया कि येदियुरप्पा पावरफुल व्यक्ति हैं. ऐसी जानकारी है कि इस समय वह दूसरे राज्य में हैं.



येदियुरप्पा ने मामले को दबाने की कोशिश की थी. शिकायतकर्ता को शिकायत वापस लेने के लिए दो लाख रुपये का लालच भी दिया था. अभियोजन पक्ष ने अदालत को यह भी बताया कि नोटिस जारी किए जाने के बाद भी येदियुरप्पा जांच के लिए उपस्थित नहीं हुए. आदेश के बाद, कर्नाटक पुलिस पॉक्सो मामले के सिलसिले में येदियुरप्पा को गिरफ्तार करने की तैयारी कर रही है. इस बीच, येदियुरप्पा ने गुरुवार को मामले में अग्रिम जमानत के लिए कर्नाटक हाईकोर्ट का रुख किया. उनकी याचिका पर अभी कोर्ट में सुनवाई होनी है. येदियुरप्पा ने जांच पर रोक लगाने और मामले को रद्द करने के लिए भी याचिका दायर की है. अदालत याचिका पर शुक्रवार को सुनवाई कर सकती है. पीड़िता की मां ने इस साल मार्च में येदियुरप्पा के खिलाफ पॉक्सो एक्ट के तहत मामला दर्ज कराया था.

आरोप लगाया गया था कि जब उनकी बेटी मदद मांगने के लिए पूर्व सीएम के आवास पर गई थी, तब उसका उत्पीड़न किया गया था. पीड़िता की मां की 26 मई को मौत हो चुकी है. इस बीच, बुधवार को कर्नाटक हाईकोर्ट में एक रिट याचिका दायर की गई. जिसमें मामले में येदियुरप्पा की गिरफ्तारी की मांग की गई. पीड़िता के भाई ने रिट याचिका दायर कर दावा किया कि पूर्व सीएम के खिलाफ (शेष पृष्ठ 6 पर...)

## लोकसभा के बाद अब छत्तीसगढ़ नगरीय निकाय चुनाव की कवायद शुरु, वार्डों का नए सिरे से होगा परिसीमन

रायपुर। विधानसभा, लोकसभा चुनाव के बाद अब नगरीय निकाय चुनाव की कवायद शुरू हो चुकी है। नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग ने नवंबर-दिसम्बर में नगरीय निकाय चुनाव के मद्देनजर निकायों में वार्डों के नए सिरे से परिसीमन के निर्देश दिए हैं। नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग के सचिव डा. बसवराजु एस. ने इस संबंध में सभी जिलों के कलेक्टरों को परिपत्र जारी किया है। कलेक्टरों को जारी परिपत्र में कहा गया है कि 2011 की जनसंख्या के आधार पर परिसीमन किया जाएगा। 2011 की जनसंख्या 2.55 करोड़ बताई गई है। वर्तमान में आबादी तीन करोड़ से अधिक है। प्रदेश में 184 निकाय है,वहीं इनमें 169 निकायों में चुनाव होंगे। बाकी निकायों का कार्यकाल वर्ष 2025 में पूरा होगा। परिसीमन कार्य को इसलिए गंभीरता से करने के निर्देश दिए गए हैं, ताकि मतदाता सूची शीघ्र तैयार किया जा सके।

### जातिगत आंकड़ें भी शामिल होंगे

वार्ड की औसत जनसंख्या तथा प्रत्येक प्रस्तावित वार्ड की जनसंख्या (शेष पृष्ठ 6 पर...)

## उद्धव ठाकरे की पार्टी 48 वोटों से हार पर कोर्ट जाने को तैयार, शिंदे गुट को इसी सीट पर एक अन्य उम्मीदवार ने दी टेंशन

मुंबई। लोकसभा चुनाव समाप्त हो गया है. हालांकि, देश में एक लोकसभा सीट ऐसी भी है जहां अब भी चुनावी तपिश बरकरार है. मुंबई की उत्तर पश्चिम लोकसभा सीट उद्धव ठाकरे और एकनाथ शिंदे के लिए प्रतिष्ठा बचाने वाली सीट थी. इस सीट पर एकनाथ शिंदे की पार्टी चुनाव जीत गई. अब उद्धव ठाकरे की पार्टी इसे लेकर चुनाव आयोग से तो शिकायत कर ही रही है, कोर्ट जाने की भी तैयारी कर रही है.




### हारे उम्मीदवार के दावे

उत्तर पश्चिम सीट पर लोकसभा चुनाव लड़ने वाले शिवसेना (यूबीटी) उम्मीदवार अमोल कीर्तिकर ने एनडीटीवी से बात करते हुए कहा कि हम जल्द ही कोर्ट का दरवाजा खटखटाने वाले हैं. अमोल कीर्तिकर ने कहा, मतगणना के दिन भी मैंने सवाल उठाया था कि 19वें राउंड के बाद प्रत्येक राउंड के वोटों की घोषणा क्यों बंद हो गए थे, जबकि उससे पहले, प्रत्येक राउंड के बाद डाले गए वोटों की संख्या के बारे में घोषणाएं की गईं थीं. 19वें राउंड के बाद यह बंद हो गया था. 26वें दौर के बाद, उन्होंने सीधे वाइकर को विजयी उम्मीदवार घोषित कर दिया. कीर्तिकर ने यह भी कहा मतगणना केंद्र का सीसीटीवी फुटेज भी मांगा गया है. ताकि यह सुनिश्चित किया जा सके कि कुछ भी गड़बड़ नहीं हुआ है. अब एक सप्ताह हो गया है लेकिन मुझे सीसीटीवी फुटेज नहीं दिया गया है. इस संबंध में शिवसेना (यूबीटी) ने महाराष्ट्र के मुख्य निर्वाचन कार्यालय और चुनाव आयुक्त को पत्र लिखा है.

### संजय राउत ने लगाए आरोप

उद्धव ठाकरे की पार्टी के ही संजय राउत ने इस मामले पर कहा कि चोर सीसीटीवी फुटेज गायब करता है. (शेष पृष्ठ 6 पर...)

## बाबा गुरुघासीदास ने दिखाया शांति और सद्भाव का मार्ग- मुख्यमंत्री विष्णु देव साय

रायपुर (दावा)। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने बलौदाबाजार जिले की घटना के संबंध में सतनामी समाज के प्रमुखों से कहा है कि बाबा गुरू घासीदास का संदेश समाज में शांति और सद्भाव का रहा है। आप सबकी भी जिम्मेदारी है कि समाज भ्रमित न हो और शांति स्थापित करने की दिशा में साथ मिलकर आगे बढ़े।

सतनामी समाज प्रमुखों ने कहा कि समाज के सभी लोग घटना से आहत हैं। उन्होंने कहा कि जिन लोगों ने प्रदर्शन के दौरान हिंसा और तोड़फोड़ की कार्रवाई की है, वे असामाजिक तत्व थे और हमारे प्रतिनिधिमंडल का हिस्सा नहीं थे। शांति और सौहार्द्र स्थापित करने के लिए हम सब दृढ़संकल्पित है। गौरतलब है कि सतनामी समाज के राज्यभर से आए प्रतिनिधि मण्डल ने मुख्यमंत्री श्री साय से आज यहां उनके निवास कार्यालय में मुलाकात की और



- सतनामी समाज के प्रमुखों ने कहा शांति और सौहार्द्रपूर्ण वातावरण के लिए मिलकर करेंगे कार्य
- बलौदाबाजार जिले की घटना पर सतनामी समाज आहत

बलौदाबाजार जिले में हुई घटना के संबंध में शांति और सौहार्द्रपूर्ण वातावरण बनाए रखने के लिए महत्वपूर्ण चर्चा की और एक बार फिर शांति स्थापित करने के लिए मिलकर काम करने का संकल्प दोहराया। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने कहा कि सतनामी समाज परम पूज्य गुरू बाबा घासीदास के अनुयायी है। बाबा ने दुनिया को सत्य और अहिंसा का रास्ता दिखाया है। उन्होंने कहा कि पिछले दिनों असामाजिक तत्वों द्वारा जैतखाम का अपमान किया गया।

शासन ने इसका संज्ञान लेते हुए न्यायिक जांच की घोषणा भी की है। मुख्यमंत्री श्री साय ने कहा शांति के टापू छत्तीसगढ़ में इस घटना का होना अत्यंत निंदनीय है। मुख्यमंत्री श्री साय ने सतनामी समाज के प्रमुखों से कहा कि आप सभी प्रदेश के विभिन्न इलाकों से आए हैं। आप सबकी भी जिम्मेदारी है कि भ्रम की स्थिति न निर्मित हो और शांति स्थापित करने की दिशा में सब साथ मिलकर आगे बढ़े। मुख्यमंत्री ने समाज प्रमुखों से कहा (शेष पृष्ठ 6 पर...)

## डॉ. रमन सिंह बोले: देश के कई सरकारों से बेहतर रहा साय के 6 महीने का कार्यकाल, सीएम विष्णुदेव ने जताया आभार

रायपुर। छग विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह और सीएम विष्णुदेव साय ने गुरुवार को मुख्यमंत्री निवास कार्यालय में नवा रायपुर में बन रहे विधानसभा के नवीन भवन निर्माण की प्रगति की समीक्षा की। इस दौरान रमन ने चर्चा में कहा कि आज मुख्यमंत्री और अधिकारियों की मौजूदगी में समीक्षा बैठक की गई है। विधानसभा के नवनिर्मित भवन की प्रगति संतोषजनक है और तेजी से निर्माण कार्य हो रहा है। हमें उम्मीद है कि 2024 में काम पूरा हो जाएगा। चीफ सेक्रेटरी समयबद्ध निर्माण के लिए महीने में एक बार अधिकारियों से चर्चा करेंगे और जो भी विभागीय दिक्कत होगी उसे दूर करेंगे। डॉ. रमन सिंह ने कहा कि 6 महीने में देश में कई सरकारों से अभूतपूर्व कार्य साय सरकार का रहा है।

मुख्यमंत्री साय और उनके सरकार के कार्यों की तारीफ पर सीएम साय ने रमन सिंह का आभार जताते हुए कहा है कि आभारी हूं डॉ. रमन सिंह का। आपके इन शब्दों से न केवल



उत्साह बढ़ा है बल्कि और अधिक बेहतर करने की प्रेरणा भी मिली है। डॉ. रमन सिंह ने वीडियो जारी कर कहा कि छत्तीसगढ़ में मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के 6 महीने का कार्यकाल निश्चित रूप से पिछली कई सरकार से और देश में भी कई सरकारों से अभूतपूर्व रहा है।

इन छह महीनों में सरकार ने बड़े निर्णय लिए गए। मोदी की गारंटी संकल्प पत्र के अनुरूप कार्य करते हुए साय जी की सरकार ने मात्र 6 महीने में ही 3100 सौ प्रति क्विंटल के हिसाब से धान खरीदी की, 2 साल का बकाया बोनस 3716 करोड़ किसानों के खातों में पहुंचा, प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत गरीबों के लिए पक्के आवास की स्वीकृति दी, महतारी वंदन योजना से 70 लाख से ज्यादा माताओं-बहनों को प्रति माह 1000 की सहायता राशि सुनिश्चित कर प्रदेश की सरकार ने अद्भुत कार्य किया है। सभी योजनाओं का क्रियान्वयन शत-प्रतिशत हुआ है। शुरुआत के छह महीनों में विष्णु सरकार का प्रदर्शन बेहतर रहा है।

### विस का मानसून सत्र 22 जुलाई से

छत्तीसगढ़ विधानसभा के मानसून सत्र की तारीख सामने आ गई है। विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह ने 22 जुलाई से मानसून सत्र बुलाया है। संसदीय कार्य मंत्री के प्रस्ताव पर मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने मानसून सत्र के लिए तारीख तय की है। वहीं मानसून सत्र 31 जुलाई तक चलेगा। इस दौरान आज विधानसभा अध्यक्ष ने छत्तीसगढ़ सरकार के कामों की तारीफ भी की।

# आबकारी कार्यालय के सामने संचालित हो रहा भरकापारा जर्जर स्कूल

## स्कूल प्रांगण में रहती है शराब की खाली शीशियां, चखना पैकेट, डिस्पोजल-ग्लास

राजनांदगांव (दावा)। 17 जून से नए शिक्षण सत्र में स्कूल खुलने जा रहे है। आरटीओ द्वारा स्कूल बसों की फिटनेश जांच शुरू कर दी गई है लेकिन शिक्षा विभाग द्वारा अपने क्षेत्रांतर्गत आने वाले जर्जर स्कूलों की ओर देखने की फुर्सत नहीं है। यही नहीं किन स्कूलों में समस्याओं का अंबार है, कही बच्चों के बैठने की जगह नहीं, तो कही शिक्षक नहीं है, इस ओर उनका ध्यान ही नहीं जा रहा। सबसे बड़ी दिक्कत यह कि शहर के कुछ स्कूल जर्जर हालात में होने के कारण किसी भी क्षण गिरने के कगार पर है, उस ओर ध्यान नहीं जा रहा। भले ही वह भवन बारिश में भरहटा कर गिर जाए या उसमें बच्चें दब कर दुर्घटना का शिकार हो जाए... किसी को कोई मतलब नहीं नजर आ रहा।

### भरकापारा स्कूल की जर्जर स्थिति

बता दे कि शहर के पुराना बस स्टैण्ड रोड स्थित भरकापारा-टांकापारा स्कूल किसी जमाने में बच्चों से चहचहाया करता था। आज इस स्कूल में मुश्किल से 30-40 बच्चे पढ़ पा रहे है। इसकी वजह इस स्कूल की काफी जर्जर होना है जो हवा-तूफान, बारिश में कभी भी गिर सकता है। यही वजह है कि पालक अपने बच्चों को यहां पढ़ना भेजना नहीं चाहते। इसके चलते इस स्कूल में मीडिल में बामुश्किल 16-17 बच्चे तो प्राईमरी में 20-25 बच्चों की उपस्थिति दर्ज हो पाती है।

**बारिश में कभी भी हो सकता है धरासायी... बच्चों की जान पर खतरा**



कभी भरकापारा-टांकापारा स्कूल के नाम से मशहूर रहे इस स्कूल के सामने बड़ा मैदान हुआ करता था। अब उसे चारो तरफ से घेर कर व मैदान वाले भाग में कुछ आफिस-भवन आदि बना कर काफी संकुचित कर दिया गया है। जिसके कारण बच्चों के खेलने के लिए मैदान ही नहीं रह गया है। एक बाउंड्रीवाल के भीतर सिमटे इस स्कूल के छोटे से प्रांगण की हालत भी काफी दयनीय है। बारिश के दिनों में यहां पूरा पानी भरा रहता है। पढ़ने वाले बच्चे व स्कूल के शिक्षक-शिक्षिकाए गंदे पानी से भरे इस स्कूल प्रांगण को पार करने ईटों पत्थरों को टाप बना कर कूदते फांदते हुए जाना पड़ता है। यहां सबसे ज्यादा भय इसके पुराने जर्जर इमारत के गिर जाने की है। स्कूल सूत्रों से मिले जानकारी के अनुसार विधानसभा चुनाव के कलेक्टर आदि निरीक्षण कर चले गए है। इसके बाद भी स्कूल की जर्जर हालात की ओर ध्यान नहीं दिया जा रहा है। स्कूल के प्रधान पाठक अजीत नायर ने बताया कि स्कूल के उक्त जर्जर भवन व अन्य कमियों के सम्बंध में कई बार शिक्षा विभाग व नगर निगम का ध्यान आत्कृष्ट किया जा चुका है। प्रस्ताव बनाकर भी भेजे जा चुके है। इसके बाद भी स्कूल की समस्याएं की ओर सुधि नहीं ली जा रही है।

### स्कूल के सामने आबकारी कार्यालय

भरकापारा स्कूल में अपने बच्चों को पढ़ने के लिए नहीं भेजने की एक वजह इस स्कूल के ठीक सामने आबकारी कार्यालय का होना है, जहां जिले भर में पकड़े गए अवैध शराब की खेप पहुंचती है। यहां जिसे रखा जाता है। यही वजह है कि भरका पारा स्कूल प्रांगण में शराब की खाली शीशियां, चखना पैकेट, डिस्पोजल ग्लास आदि यत्र-तत्र पड़े दिखाई देते है। जिससे यहां पढ़ने आने वाले बच्चों के मनो-मस्तिष्क में बूरा प्रभाव पड़ रहा है। यही वजह है कि इस स्कूल में पालक अपने बच्चों को पढ़ने-भेजने से कतराते है जिसके चलते यहां बच्चों की दर्ज संख्या काफी कम हो गई है।

### दर्जन भर बच्चों से संचालित स्कूलें

बता दे कि शहर में कई सरकारी स्कूल ऐसे है जहां बच्चों की दर्ज संख्या दर्जन भर व उसके आसपास है। भरकापारा स्कूल में मात्र 17 बच्चें है। लखोली नाका प्राईमरी स्कूल में लगभग 15 बच्चे है। इतने कम बच्चों के पीछे शिक्षक-शिक्षिकाए व प्रधानाचार्य देकर शासन लाखों रूपए की इन्हें तनख्वाह दे रही है। जबकि पढ़ाई के मामले में ऐ स्कूल काफी फिसड्डी साबित हो रहा है। बता दे कि राजनांदगांव के अंतर्गत 1337 के लगभग शालाए संचालित है। इनमें से 424 शालाओं के मरम्मत और अतिरिक्त कक्ष निर्माण के लिए शासन द्वारा 22.47 करोड़ रूपए की राशि का आंबटटन भी कर दिया गया है। अब दो चार दिन में बारिश होने वाली है। लेकिन कही दिखता नहीं कि जर्जर भवन की हालत सुधारी जा रही है। या उसे डिस्मेंटल किये जाने की योजना है। सबसे बड़ी हकीकत भरकापारा स्कूल के जर्जर भवन सामने है। समस्याओं के अंबार को समेटे इस स्कूल की ओर न तो शिक्षा विभाग और न नगर निगम का ध्यान जा रहा है।

> शासकीय शालाओं की समस्याओं का समाधान जल्द से जल्द करने की कोशिश की जा रही है। भरकापारा के जर्जर स्कूल का फोटो भेज दीजिए मैं इसे देख लूंगा। चाहे कितनी भी दर्ज संख्या हो सरकारी स्कूल को चलाना पड़ेगा।
> **- अभय जायसवाल, जिला शिक्षा अधिकारी राजनांदगाव**

## पहला कॉलम...

### हिन्दू जागरण मंच ने सौपा ज्ञापन



राजनांदगांव (दावा)। हिन्दू जागरण मंच ने आज 13 जून को दोपहर 1 बजे कलेक्टर एवं एसपी को ज्ञापन दिया गया डोंगरगढ़ लवजिहात मामले में ज्योति साहू के परिवार एवं उसको न्याय दिलाने के लिए तथा साहू समाज के प्रमुख लोग के नेतृत्व में ज्ञापन दिया गया हिंदू परिवार के बहनों के साथ हो रहे अत्याचार के खिलाफ में तथा उसे न्याय दिलाने के लिए मुजैहिद्दीन खान डोंगरगढ़ गिरफ्तारी की मांग एवं उनके खिलाफ कड़ी से कड़ी कार्रवाई के लिए कलेक्टर तथा एसपी को ज्ञापन देकर कार्यवही की मांग की. जिसमें प्रांत विधि प्रमुख आयाम राजेश खांडेकर, जिला संयोजक आदर्श सिंह ठाकुर, विष्णु साव, विश्व हिंदू परिषद अरूण गुप्ता, पुष्पेंद्र साहू, महेंद्र साहू, रवि सिंह राजपूत, रोहित शर्मा, अरूण भास्कर गुप्ता, राहुल साहू आदि उपस्थित थे।

### दीनदयाल नगर चिखली में पांच दिवसीय योग शिविर 17 से



राजनांदगांव (दावा)। छ.ग. शासन व संचालनालय रायपुर के आदेश अनुसार तथा जिला आयुर्वेद अधिकारी डॉ.शिल्पा पाण्डेय के मार्गदर्शन से शासकीय आयुष योगा वेलनेस सेंटर दीनदयाल नगर चिखली राजनंदगांव में पांच दिवसीय योग शिविर 17 जून से 21 जून तक योग चिकित्सक डॉ. भारती यादव द्वारा कराया जायेगा। जिसमें कॉमन योग प्रोटोकॉल के अनुसार योग सिखाया जाएगा साथ ही रोगानुसार जैसे की उच्च रक्तचाप, मधुमेह, बात, पीसीओडी, मोटापा, मानसिक रोगों के लिए योग सिखाए जाएंगे इस योग शिविर में विभिन्न प्रतियोगिताओं का भी आयोजन किया जाएगा जिसमें पुरस्कार वितरण तथा विशेष जलपान का वितरण किया जाएगा अतः समस्त नागरिकों से अनुरोध है कि अधिक से अधिक संख्या में योग शिविर में उपस्थित होकर चिकित्सा का लाभ ले और अपना शरीर स्वस्थ बनाएं। शिविर प्रातः 6 बजे से आयुष योगा वेलनेस सेंटर, आयुष पॉलीक्लिनिक पानी टंकी के बाजू दीनदयाल नगर चिखली में आयोजित होगा।

### राजेन्द्र महोबिया का निधन



डोंगरगढ़ (दावा)। राजेन्द्र महोबिया पिता स्व. शत्रुहन महोबिया उम्र 47 का आकस्मिक निधन हो गया है। उनकी काठी छिरपानी मुक्तिधाम में की गई।

### मुरलीप्रसाद दुबे का निधन



डोंगरगांव (दावा)। शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला अर्जुनी से सेवानिवृत प्रधानपाठक मुरली प्रसाद दुबे का देहावसान 88 वर्ष की आयु में दिनांक 12 जून 2024, बुधवार को भिलाई में हो गया है. उनकाअंतिम संस्कार का कार्यक्रम मटिया, डोंगरगांव में सम्पन्न हुआ. वे अपने पीछे भरापूरा परिवार छोड़ कर गए हैं.

# लखोली एवं कन्हारपुरी में सफाई निरीक्षण के दौरान आयुक्त लोगों से रूबरू हो



राजनांदगांव (दावा)। नगर निगम आयुक्त अभिषेक गुप्ता आज के सफाई निरीक्षण में लखोली, दुर्गा चौक व सेठी नगर तथा कन्हारपुरी में अधिकारियों के साथ पहुँच सफाई व्यवस्था देख लोगों से रूबरू हो पानी व सफाई व्यवस्था की जानकारी ली।

**पानी व सफाई की ली जानकारी**

लखोली, दुर्गा चौक, सेठी नगर तथा कन्हारपुरी में सफाई व्यवस्था का जायजा लेकर आयुक्त श्री गुप्ता ने हाजरी रजिस्टर की जॉच की एवं अनुपस्थित कर्मचारी के संबंध में जानकारी लेकर वार्ड प्रभारी से सफाई व्यवस्था दुरूस्त करने के निर्देश दिये। उन्होंने कहा कि आगामी वर्षा ऋतु में मौसमी बीमारी न फैले उसके लिये नियमित रूप से साफ सफाई करे, सघन बस्ती में पानी जमाव की स्थिति न हो, नाली नालों की नियमित सफाई करे, लोगों को स्वच्छता अपनाने समझाईस देवे। उन्होने तालाब सफाई निरीक्षण के दौरान तालाब के किनारे रखे कचरा हटवाने के निर्देश दिये, जिससे लोगों को नहाने आदि कार्य में सुविधा हो।

कन्हारपुरी में मुस्लिम समाज सामुदायिक भवन में शौचालय निर्माण, दुर्गा चौक में साहू समाज सामुदायिक भवन निर्माण कार्य का जायजा लेकर सामाजिक लोगों के भावना के अनुरूप निर्माण कर समय सीमा में कार्य पूर्ण करने के निर्देश दिये। उन्होंने प्र.कार्यपालन अभियंता श्री कामना सिंह यादव से कहा कि अन्य जो भी कार्य है, उसे बारिश के पूर्व जल्द प्रारंभ कराये। सेठी नगर में पानी सप्लाई हेतु टंकी लगाने कार्य का निरीक्षण कर लोगों से पानी के संबंध में जानकारी ली। महिलाओं ने जानकरी देते हुये कहा कि कम प्रेशर के कारण नल में ठीक से पानी नहीं आता लेकिन टंकी लग जाने से पानी की समस्या दूर हो गयी। उन्होंने लखोली, दुर्गा चौक एवं सेठी नगर में आंगनबाडी भवन का निरीक्षण कर बच्चों को दी जाने वाली सुविधा तथा उनके प्रारंभिक शिक्षा के संबंध में आंगनबाडी कार्यकर्ता व सहायिका से जानकारी ली। उन्होंने दुर्गा चौक आंगनबाडी भवन में फ्लोरिंग करने के निर्देश दिये।

निरीक्षण के दौरान उप अभियंता श्रीमती गरिमा वर्मा व सुश्री आयुषी सिंह, वरिष्ठ स्वच्छता निरीक्षक राजेश मिश्रा, जिला समन्वयक एसबीएम श्री देवेश साहू व श्री कीर्तन साहू, प्र.पटवारी श्री मिलिंद रेड्डी सहित निगम का अमला उपस्थित था।

# आज नवनिर्वाचित सांसद संतोष पाण्डेय का नगर आगमन



डोंगरगांव (दावा)। केन्द्र में सरकार गठन के बाद भाजपा के नवनिर्वाचित सांसद संतोष पाण्डेय 14 जून को पहली बार नगर आगमन हो रहा है. आमजनता का आभार जताने आ रहे श्री पाण्डेय के स्वागत की भाजपा तथा समस्त विंगों द्वारा व्यापक तौर पर तैयारी की गई है. वे यहां नगर भ्रमण के साथ स्थानीय पुराना बस स्टैण्ड में एक सभा को भी संबोधित करेंगे.

मंडल भाजपा अध्यक्ष रामकुमार गुप्ता ने बताया कि राजनांदगांव लोकसभा क्षेत्र से दूसरी बार निर्वाचित सांसद श्री पाण्डेय का शुक्रवार को शाम 5 बजे चौकी मार्ग से आगमन होगा. सर्वप्रथम उनका कॉलेज रोड फव्वारा चौक में भव्य और वृहद रूप से स्वागत किया जायेगा. पश्चात् वे नागरिकों का आभार जताने के लिए नगर भ्रमण करेंगे. इसके बाद शाम 6 बजे स्थानीय पुराना बस स्टैण्ड में आभार सभा का आयोजन किया गया है. इस दौरान प्रदेश भाजपा उपाध्यक्ष मधुसूदन यादव, प्रदेश महामंत्री भरत वर्मा, जिला भाजपा अध्यक्ष रमेश पटेल, जिला महामंत्री राजेन्द्र गोलछा, रविन्द्र वैष्णव, चुनाव प्रभारी तथा लोकसभा चुनाव सह संयोजक दिनेश गांधी व नीलू शर्मा सहित अन्य वरिष्ठ नेता उपस्थित रहेंगे। मंडल भाजपा महामंत्री संतोष यादव, बालकृष्ण सिन्हा, मीडिया प्रभारी लोकेश यदु ने भाजपा, भाजयुमो, महिला मोर्चा सहित समस्त मोर्चा प्रकोष्ठ के पदाधिकारियों तथा कार्यकर्ताओं सहित समस्त जिला पंचायत, समस्त जनपद सदस्य, सरपंच, पंच, पार्षद तथा समस्त निर्वाचित जनप्रतिनिधियों से कार्यक्रम में उपस्थित रहेंगे.

# राजस्व अधिकारी जनसामान्य के हित में करें अच्छा कार्य - संभागायुक्त सत्यनारायण राठौर

- पुराने प्रकरणों को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए समाधान करने के दिए निर्देश
- आम जनता के प्रति होना चाहिए अच्छा व्यवहार
- राजस्व अधिकारी संवेदनशीलतापूर्वक आम जनता की समस्याओं का करें समाधान - कलेक्टर संजय अग्रवाल, फिल्ड में जाकर कार्य करने पर बढ़ेगी विश्वसनीयता

राजनांदगांव (दावा)। संभागायुक्त सत्यनारायण राठौर ने आज कलेक्टोरेट सभाकक्ष में जिले के राजस्व अधिकारियों की बैठक लेकर उनके द्वारा किए जा रहे कार्यों की समीक्षा की। इस दौरान कलेक्टर श्री संजय अग्रवाल उपस्थित रहे। संभागायुक्त श्री सत्यनारायण राठौर ने कहा कि राजस्व अधिकारी जनसामान्य के हित में अच्छा कार्य करें और आम जनता के प्रति उनका व्यवहार अच्छा होना चाहिए तथा राजस्व के प्रकरणों का निराकरण समय पर हो। उन्होंने कहा कि आम जनता की समस्या को समझते हुए शीघ्रता से प्रकरणों का निराकरण करें, ताकि उन्हें भटकना नहीं पड़े। पुराने प्रकरणों को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए समाधान करें। उन्होंने कहा कि अनावश्यक पेशी नहीं बढ़ाएं, इससे आम जनता को परेशानी होती है। कोर्ट में बैठने से पेशी नहीं बढ़ेगी, इसके लिए कार्यालय में बैठने हेतु सोमवार एवं मंगलवार का दिन सुनिश्चित करते हुए राजस्व प्रकरणों का निराकरण करें। इस बात का विशेष ध्यान रखें कि पेशी न बढ़े। उन्होंने कहा कि राजस्व के कार्य आम जनता के हितों से जुड़े हुए महत्वपूर्ण कार्य हैं, अपनी इस जिम्मेदारी को गंभीरतापूर्वक पूर्ण करें। पक्षकारों के साथ व्यवहार अच्छा होना चाहिए। इसके लिए सभी एसडीएम अपने अधीनस्थ तहसीलदार, राजस्व निरीक्षक एवं पटवारियों के कार्यों की अच्छी तरह से मानिटरिंग करें। उन्होंने कहा कि किसी भी तरह की दिक्कत, प्रशिक्षण की जरूरत एवं मार्गदर्शन के लिए जरूर बताएं। उन्होंने कहा कि राजस्व प्रकरणों का निरीक्षण करने पर लापरवाही होने पर कार्रवाई की जाएगी। संभागायुक्त ने कहा कि सक्रियतापूर्वक एवं सजगतापूर्वक अपने दायित्वों का निर्वहन करें।

कलेक्टर संजय अग्रवाल ने कहा कि राजस्व अधिकारी संवेदनशीलतापूर्वक आम जनता के समस्याओं का समाधान करें। फिल्ड में कार्य करने पर जनसामान्य की समस्याओं की जानकारी मिलेगी तथा निराकरण करने पर विश्वसनीयता बढ़ेगी। उन्होंने कहा कि ग्रामीण क्षेत्रों में लगातार दौरा करते रहें। राजस्व शिविर के माध्यम से राजस्व प्रकरणों का शीघ्र निराकरण करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि पटवारी के कार्यों पर नियंत्रण रखें और निर्धारित दिनों में पटवारी को अपने मुख्यालय में उपस्थित होना चाहिए। अपने महत्वपूर्ण कार्यों के लिए आम जनता को भटकना नहीं पड़े। उन्होंने कहा कि ग्रामीण क्षेत्रों में राजस्व के प्रकरण लंबित नहीं होना चाहिए। राजस्व, आपदा प्रबंधन, कानून एवं व्यवस्था, समन्वय जैसे कार्य सुचारू रूप से चलते रहे। कलेक्टर ने नामांतरण, बटवारा, सीमांकन, आय-जाति-निवास प्रमाण पत्र जैसे कार्यों को शीघ्र पूर्ण करने कहा। कलेक्टर ने पांच वर्ष से लंबित ऐसे प्रकरणों जिसमें कारण नहीं बताया गया है, उसमें रीडर की एक वेतन वृद्धि रोकने तथा तहसीलदार एवं नायब तहसीलदार को कारण बताओ नोटिस जारी करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि कानून एवं व्यवस्था बनाए रखने के लिए राजस्व अधिकारी एवं पुलिस अधिकारी सतत संपर्क में रहे। जल संरक्षण एवं वजन त्यौहार, स्कूल का निरीक्षण, प्रधानमंत्री आवास योजना अंतर्गत आवास निर्माण, अवैध शराब पर कार्रवाई जैसे कार्यों पर ध्यान दें। सजगता एवं सतर्कता के साथ अपने क्षेत्र से जुड़ी सूचनाओं से लैस रहें। प्रधानमंत्री आवास योजनांतर्गत कालोनी विकसित करने के लिए भूमि का चिन्हांकन करें। जल सुरक्षा मिशन अंतर्गत जल संरक्षण एवं पौधरोपण जैसे कार्यों में सहभागिता होनी चाहिए। बारिश के मौसम को ध्यान में रखते हुए डॉक्टरों की जानकारी एवं अन्य सुरक्षात्मक तरीके अपनाएं। भू-अर्जन के प्रकरणों में मुआवजा देने के पश्चात रिकार्ड प्राथमिकता से अपडेट करवाएं। अपने क्षेत्र में किसानों को धान के बदले अन्य फसल लगाने के लिए प्रोत्साहित करें एवं अन्य गतिविधियों में शामिल हो। स्कूल, आश्रम, छात्रावास का निरीक्षण करते रहें तथा आवश्यक सुझाव देते रहें। कलेक्टर ने कहा कि ऐसे हितग्राही जिन्हें वनाधिकार पट्टा प्रदान किया गया है, उन्हें शासन की अन्य योजनाओं का लाभ दिलाने के लिए समन्वित तरीके से कार्य करने की जरूरत है। वार्ड परिसीमन के लिए तैयारी करें तथा नगरीय निकाय एवं त्रि-स्तरीय पंचायती निर्वाचन के लिए तैयारी करें।

कलेक्टर संजय अग्रवाल ने कहा कि ऐसे प्रकरण जिनका समाधान हो सकता है, उनका त्वरित निराकरण करें। जिन प्रकरणों का निराकरण नहीं हो सकता उसका कारण जरूर बताएं। उन्होंने कहा कि राजस्व के मामलों में किसी तरह की लापरवाही नहीं होना चाहिए। सभी अधिकारी गंभीरतापूर्वक इसके लिए कार्य करें। पुराने प्रकरणों को विशेष तौर पर ध्यान देते हुए निराकृत करें। एक साल के ऊपर के प्रकरण पर कार्य करें तथा उसके बाद अन्य प्रकरणों का तेजी से निराकरण करें। कलेक्टर ने मानवाधिकार आयोग, अनुसूचित जाति-जनजाति आयोग, अल्पसंख्यक आयोग, महिला आयोग, लोक आयोग से प्राप्त लंबित प्रकरण की स्थिति, सामाजिक प्रास्थिति प्रमाण पत्र, स्थानीय निवास प्रकरण पत्र, व्यक्तिगत वनाधिकार पत्र, सामुदायिक वनाधिकार पत्र, सामुदायिक वन संसाधन अधिकार पत्र, अतिवृष्टि एवं अल्पवृष्टि के कारण हुई फसल क्षति की जानकारी, नजूल भू-भाटक की राशि वसूली पत्रक, अविवादित नामांतरण, विवादित नामांतरण, अविवादित खाता विभाजन बटवारा, विवादित खाता विभाजन, सीमांकन, व्यपवर्तन, आपसी सहमति से भूमि क्रय नीति अंतर्गत भू-अर्जन प्रकरणों की जानकारी, भू-अर्जन प्रकरणों में मुआवजा भुगतान की स्थिति, उच्च न्यायालय के निर्देश के पालन हेतु शेष प्रकरण, ई-कोर्ट की जानकारी, डिजिटल हस्ताक्षर से हस्ताक्षरित खसरों की संख्या व प्रतिशत, भूइयां सॉफ्टवेयर में अभिलेख शुद्धता की जानकारी, अविवादित नामांतरण, अविवादित खाता विभाजन, शासकीय विभागों के लिए शासकीय भूमि आबंटन हेतु लंबित आवेदन, आदिवासी भूमि बिक्री मंजूरी के प्रकरण, वृक्ष कटाई हेतु अनुमति, राजनांदगांव जिले के निर्णित प्रकरणों को अभिलेखागार में जमा किए गए प्रकरणों की जानकारी, आरबीसी 6-4 के प्रकरणों की समीक्षा की। इस अवसर पर अपर कलेक्टर सीएल मारकण्डेय, अपर कलेक्टर श्रीमती इंदिरा नवीन प्रताप सिंह तोमर, संयुक्त कलेक्टर एवं एसडीएम राजनांदगांव खेमलाल वर्मा, एसडीएम डोंगरगढ़ श्रीकांत कोर्राम, एसडीएम डोंगरगांव मोहन मरकाम, डिप्टी कलेक्टर अमिय श्रीवास्तव, डिप्टी कलेक्टर श्रीमती शिल्पा देवांगन सहित अन्य राजस्व अधिकारी उपस्थित थे।

dts श्री कृष्णा (एयरकुल) में
भीड़भरा शानदार तीसरा सप्ताह रोजाना 4 खेलों में
समय : 12, 3, 6 व 9 बजे
बाल्कनी की एडवांस बुकिंग प्रारंभ है।
पारिवारिक, एक्शन एवं गीत संगीत से भरपूर
सतीश जैन कृत
मोर छंइया भुंईया-2
छत्तीसगढ़ी भाषा में
कलाकार - मन कुरैशी, दीक्षा जायसवाल, दीपक साहू, एल्सा घोष, पुष्पेन्द्र सिंह, नितिन ग्वाला, क्रांति दीक्षित, धर्मेन्द्र चौबे आदि



ऑनलाईन बुकिंग paytm & bookmyshow.com

paytm bookmyshow
SILVER SCREEN MULTIPLEX
14th June to 20th June 2024



Mor Chhainha Bhuinya 2 (C.G)- 12:00, 03:00 06:00 and 09:00 pm
Chandu Champion- 12:30, 03:30, 06:30 & 09:30 pm
Munjya - 12:15, 03:15, 06:15 & 09:15 pm
Sumeet Mandi Mall, Rajnandgaon (C.G) 8085600200

### कार्यालय, नगर पालिक निगम, राजनांदगांव (छ.ग.)

**// निविदा सूचना //**

क्रमांक 208/निविदा/लोक/2024-25, राजनांदगांव, दिनांक 11/6/2024

नगर पालिक निगम, राजनांदगांव में निम्न निर्माण कार्य हेतु मैनुअल निविदा आमंत्रित की जाती है:-

| क्र. | कार्य का नाम | प्राक्कलन राशि (लाख में) | निविदा प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि |
|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 |
| 1 | महिला एवं बाल विकास अंतर्गत वार्ड क्रं.01,05,06,07 स्थित स्वयं के भवन में संचालित आंगनबाड़ी केन्द्रों का मरम्मत कार्य | 3.80 | 03/07/2024 |
| 2 | महिला एवं बाल विकास अंतर्गत वार्ड क्रं.07,08,10,11,12 स्थित स्वयं के भवन में संचालित आंगनबाड़ी केन्द्रों का मरम्मत कार्य | 4.14 | |
| 3 | महिला एवं बाल विकास अंतर्गत वार्ड क्रं.15,16,17,19 स्थित स्वयं के भवन में संचालित आंगनबाड़ी केन्द्रों का मरम्मत कार्य | 4.31 | |
| 4 | महिला एवं बाल विकास अंतर्गत वार्ड क्रं. 20,22,24,28 स्थित स्वयं के भवन में संचालित आंगनबाड़ी केन्द्रों का मरम्मत कार्य | 3.76 | |
| 5 | महिला एवं बाल विकास अंतर्गत वार्ड क्रं.35,39,40,45 स्थित स्वयं के भवन में संचालित आंगनबाड़ी केन्द्रों का मरम्मत कार्य | 4.36 | |
| 6 | महिला एवं बाल विकास अंतर्गत वार्ड क्रं.37,41,42,43,46 स्थित स्वयं के भवन में संचालित आंगनबाड़ी केन्द्रों का मरम्मत कार्य | 2.40 | |
| 7 | महिला एवं बाल विकास अंतर्गत वार्ड क्रं.48,49,51 स्थित स्वयं के भवन में संचालित आंगनबाड़ी केन्द्रों का मरम्मत कार्य | 4.16 | |

उपरोक्त निर्माण कार्यो की निविदा से संबंधित सामान्य शर्ते, धरोहर राशि, निविदा, विज्ञप्ति, निविदा दस्तावेज एवं अन्य जानकारी कार्यालयीन अवधि में कार्यालय, नगर पालिक निगम, राजनांदगांव के (लोक कर्म शाखा) एवं वेबसाईड www.mcrjn.com & http:://www.uad.cg.gov.in से प्राप्त की जा सकती है। उक्त निविदा में किसी भी प्रकार का संशोधन, शुद्धिकरण एवं अमेडमेंट पृथक विज्ञापन जारी नहीं किया जावेगा। वेबसाईट में ही प्रकाशित किया जावेगा।

आ.क्रं.05/जसं /2024

आयुक्त,
नगर पालिक निगम, राजनांदगांव

### न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) डोंगरगढ़, जिला राजनांदगांव (छ.ग.)

**ईश्तहार**

रा.प्र. क्रं. 202406092100038
अ/2 वर्ष 2023-24

एतद द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है आवेदक विवेक वासनिक पिता शिवाजी वासनिक निवासी प्रोमिनेंट प्युल सेंटर खैरागढ़ रोड बधियाटोला तहसील डोंगरगढ़ द्वारा आवेदन पेश किया गया है कि बधियाटोला प.ह.नं. 23 रा.नि.मं. डोंगरगढ़ तहसील डोंगरगढ़ में स्वामित्व में खसरा नंबर 52/1 रकबा 0. 18 एकड़ भूमि स्थित है। उक्त भूमि को आवासीय प्रयोजन हेतु व्यपवर्तन किये जाने बाबत् छ.ग.भू.रा.संहिता की धारा 172 के तहत् निवेदन किया गया है।

अतएव उक्त भूमि के व्यपवर्तन किये जाने में किसी को कोई दावा, उजर आपत्ति हो तो वह पेशी दिनाँक 05/07/2024 तक स्वंय उपस्थित होकर इस न्यायालय में मेरे समक्ष पेश कर सकते है, नियत अवधि बाद प्राप्त आपत्ति पर कोई विचार नही किया जावेंगा।

आज दिनाँक 07/06 / 2024 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मुहर से जारी किया गया।

**अनुविभागीय अधिकारी (रा.)**
**डोंगरगढ़ (छ.ग.)**

### न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) डोंगरगढ़, जिला राजनांदगांव (छ.ग.)

**ईश्तहार**

रा.प्र. क्रं. 202406092100039
अ/2 वर्ष 2023-24

एतद द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है आवेदक विवेक वासनिक पिता शिवाजी वासनिक निवासी प्रोमिनेंट प्युल सेंटर खैरागढ़ रोड बधियाटोला तहसील डोंगरगढ़ द्वारा आवेदन पेश किया गया है कि बधियाटोला प.ह.नं. 23 रा.नि.मं. डोंगरगढ़ तहसील डोंगरगढ़ में स्वामित्व में खसरा नंबर 53/2 रकबा 0.2/1/2 एकड़ भूमि स्थित है। उक्त भूमि को आवासीय प्रयोजन हेतु व्यपवर्तन किये जाने बाबत् छ.ग.भू.रा.संहिता की धारा 172 के तहत् निवेदन किया गया है। अतएव उक्त भूमि के व्यपवर्तन किये जाने में किसी को कोई दावा, उजर आपत्ति हो तो वह पेशी दिनाँक 05/07/2024 तक स्वंय उपस्थित होकर इस न्यायालय में मेरे समक्ष पेश कर सकते है, नियत अवधि बाद प्राप्त आपत्ति पर कोई विचार नही किया जायेंगा।

आज दिनाँक 07/06/2024 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मुहर से जारी किया गया।

**अनुविभागीय अधिकारी (रा.)**
**डोंगरगढ़ (छ.ग.)**

### न्यायालय तहसीलदार डोंगरगांव के न्यायालय में मामला

क्रमांक: 202401091900099
विषय:-ब-121 अ मामले की श्रेणी:- राजस्व सनः-2023-24
कुतुलबोड़ भांठागांव प.ह.नं. 00038 [(हे.)]
पक्षकारों का विवरण-आवेदक पक्षकार- ग्राम पंचायत कुतुलबोड़ भाठागांव
अनावेदक पक्षकार

**ईश्तहार**

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि सरपंच ग्राम पंचायत कुतुलबोड़ भाठागांव द्वारा ग्राम पंचायत कुतुलबोड़ भाठागांव प.ह.नं.-38 रा.नि.मं. अर्जुनी तहसील डोंगरगांव जिला राजनांदगांव में स्थित भूमि खसरा नंबर 1233/1 रकबा 5.303 हे. में से 1 एकड़ भूमि को आबादी प्लाट घोषित करने आवेदन मय ग्राम सभा की बैठक प्रस्ताव, नक्शा, खसरा, कृषकों की सूची संलग्न किया है।

उपरोक्त संबंध में जिस किसी को किसी भी प्रकार की दावा/आपत्ति हो तो पेशी दिनांक 26/06/2024 के पूर्व स्वयं अथवा अपने अधिवक्ता के माध्यम से दावा/आपत्ति प्रस्तुत कर सकते हैं, समयावधि पश्चात प्राप्त दावा/आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

यह ईश्तहार मेरे हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा से आज दिनांक 10/06/2024 को जारी किया जाता है।

**तहसीलदार डोंगरगांव**

### रोजगार कार्यालय में 18-19 जून को प्लेसमेंट कैम्प

राजनांदगांव (दावा)। जिला रोजगार एवं स्वरोजगार मार्गदर्शन केन्द्र राजनांदगांव में 18 एवं 19 जून 2024 को सुबह 10 बजे से अपरान्ह 3 बजे तक प्लेसमेंट कैम्प का आयोजन किया जाएगा। प्लेसमेंट कैम्प में सेफ इंटेलीजेंट सिक्यूरिटी सर्विसेस भिलाई जिला दुर्ग द्वारा सिक्यूरिटी गार्ड के 350, सिक्यूरिटी सुपरवाईजर के 50, लेबर के 100 एवं शिक्षक के 20 पदों पर भर्ती की जाएगी।

### शुभांक

अनुमानित

बी. के
3-5-0
116-8 228-2
राजधानी
1-2-7
277-6 169-6

चेतावनी:-इस पत्र में प्रकाशित सर्वत्र शुभ राशियां ज्योतिष एवं ग्रह नक्षत्र के आधार पर धारणा मात्र है। इसका सट्टे आदि से कोई संबंध नहीं है, दुरूपयोग न करें। दुरूपयोग करने पर प्रकाशक की कोई जवाबदारी नहीं होगी। -सम्पादक

# जमीन विवाद में पुत्र ने सौतेली माँ के साथ मिलकर की पिता की हत्या

## पुलिस ने सुलझाई अंधे कत्ल की गुत्थी



राजनांदगांव (दावा)। तुमड़ीबोड़ चौकी पुलिस ने साइबर टीम के साथ मिलकर अपने थाना क्षेत्र में हुए अंधे कत्ल की गुत्थी सुलझा ली है। इस अंधे कत्ल में पुत्र ने अपनी सौतेली मां के साथ मिलकर अपने पिता की हत्या कर दी थी। घटना 11 जून मंगलवार की बताई जाती है। पुलिस चौकी तुमडीबोड एवं साईबर सेल के संयुक्त टीम द्वारा सुलझाई गई इस हत्या की गुत्थी के तहत पुलिस ने हत्यारे सौतेली मां और पुत्र को जेल भेज दिया है।

बताया जाता है कि आरोपियों के विरूद्ध दर्ज धारा 302,201,34 के तहत मामला दर्ज किया गया था। तुमड़ीबोड़ चौकी प्रभारी उपनिरीक्षक कैलाश मरई ने बताया कि 12 जून बुधवार को सुबह पुलिस को सूचना प्राप्त हुई कि प्रीतम साहू पिता स्व. रामअवतार साहू उम्र 40 साल निवासी ग्राम झिटिया की उसके घर में किसी अज्ञात व्यक्ति द्वारा हत्या कर दी गई हैं। इस सूचना पर तत्काल पुलिस चौकी तुमडीबोड द्वारा घटना स्थल पहुंचकर सूचना की तस्दीक की गई। घटना स्थल मृतक प्रीतम साहू के मकान के अंदर परछी में प्रीतम साहू की सिर, माथे एवं पेट में धारदार हथियार एवं किसी ठोस वस्तु से गंभीर चोट पहुंचाकर हत्या करना पाये जाने पर घटना स्थल पर ही मृतक के छोटे भाई प्रेमलाल की रिपोर्ट पर अपराध धारा सदर 302 भादंवि कायम कर विवेचना कार्यवाही में लिया गया।

प्रकरण में पुलिस चौकी तुमडीबोड़ द्वारा त्वरित कार्यवाही करते हुए घटना स्थल का निरीक्षण एवं संदेहियों को अभिरक्षा में लेकर पूछताछ किया गया। जिसमें पता चला कि मृतक प्रीतम साहू के बडे पुत्र ललित कुमार साहू एवं मृतक की पत्नि हुमेश्वरी बाई साहू द्वारा लगातार प्रीतम साहू द्वारा घर के सदस्यों को शराब के नशे में गाली गलौच कर मारपीट करने एवं परिवार वालों को पूरी जमीन बेचने की धमकी और परिवार वालों को घर से निकालने की धमकी देने से परेशान थे।

### योजना बनाकर की हत्या

इस पर मृतक के पुत्र ललित एवं मृतक की पत्नि हुमेश्वरी बाई एक महिने पूर्व से प्रीतम साहू की हत्या का प्लान बना रहे थे। दोनों ने 11 जून मंगलवार की रात्रि करीब 12 बजे मौका देखकर मृतक प्रीतम साहू को खाट में सोता हुआ पाकर आरोपी ललित कुमार साहू ने अपनी मां के साथ घर में रखे लोहे के मुसर से सिर में कई बार लगातार वार से चोट पहुंचाकर और आरोपी द्वारा अपनी मां हुमेश्वरी से हसिया मंगाकर सिर में एवं पेट में लगातार वारकर और आरोपी ललित कुमार द्वारा गर्दन दबाकर अपनी मां हुमेश्वरी बाई के साथ प्रीतम साहू की हत्या कर दिये।

### छुपाया गया हत्या के साक्ष्य

दोनों आरोपीगण मां बेटे द्वारा प्रीतम साहू की हत्या कर हत्या से जुडे साक्ष्य को छुपाने के लिए हत्या में प्रयुक्त लोहे के मुसर और हसिया को पानी में साफ कर छुपाने और आरोपी द्वारा अपने चाचा के घर जाकर अज्ञात व्यक्ति द्वारा अपने पिता की हत्या करने की झूठी कहानी सुनाकर गुमराह करने पर दोनों आरोपियों से पुलिस द्वारा पूछताछ करने पर अपराध सदर धारा का जुर्म करना स्वीकार करने पर दोनों आरोपियों को गुरुवार 13 जून को गिरफ्तार कर न्यायालय पेश किया गया जहां से उन्हेंजेल भेज दिया गया है। उक्त कार्यवाही में साईबर सेल प्रभारी जितेन्द्र वर्मा, चौकी प्रभारी तुमडीबोड उप निरीक्षक कैलाश चंद्र मरई, सहायक उप निरीक्षक अनिल कुमार यादव, सहा0उप निरीक्षक तुलाराम बांक, आरक्षक कमल नेताम, लोकेश साहू, देवानंद परतेती, दिगंबर सिदार, राकेश वर्मा, थलेश देशमुख, पूनम साहू, महिला आरक्षक अर्पणा एक्का, नगर सैनिक उषा वर्मा एवं साईबर टीम का विशेष योगदान हैं।

# आभार रैली में भ्रमण कर सांसद ने लिया शहरवासियों का आशीर्वाद

## शहर भाजपा मंडल द्वारा सांसद संतोष पांडे का भव्य स्वागत किया गया



डोंगरगढ़(दावा)। भाजपा शहर मंडल डोंगरगढ़ द्वारा 13 जून दिन गुरुवार को राजनांदगांव के यशस्वी सांसद संतोष पांडेय का शहर आगमन पर भव्य स्वागत किया गया। सांसद पांडे आभार रैली के माध्यम से,डोंगरगढ़ शहर की जनता का आभार करने आज डोंगरगढ़ पहुंचे थे।

मां बमलेश्वरी देवी का दर्शन लाभ लेने के पश्चात सांसद संतोष पांडे की डोंगरगढ़ शहर के महावीर मंदिर प्रांगण से आभार रैली निकाली गई। जो अग्रसेन चौक, जयस्तंभ चौक, खंडू पारा, रेलवे चौक, बुधवारी पारा, गोल बाजार, जनता ड्रेसेस, मस्जित होते हुए जयस्तंभ चौक राम मंदिर में समाप्त हुई। इस दौरान बड़ी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# 20 जून से खेले जायेगी राज्य स्तरीय हॉकी प्रतियोगता



○ जिला हॉकी संघ राजनांदगांव की कार्यकारिणी की बैठक
○ 21 जुलाई से दूसरी वेस्ट जोन राष्ट्रीय हॉकी प्रतियोगिता का मेजबानी करेगा छत्तीसगढ़

राजनांदगांव (दावा)। आज 13 जून 2024 दिन गुरूवार को सुबह 11 बजे ठाकुर प्यारेलाल उ.मा. शाला में जिला हॉकी संघ राजनांदगांव की आवश्यक बैठक संघ के अध्यक्ष फिरोज अंसारी की अध्यक्षता व सचिव शिवनारायण धकेता की उपस्थिति में सम्पन्न हुई।

सर्वप्रथम संघ के अध्यक्ष ने पिछले कार्यकाल में किये हॉकी के विकास के कार्य की जानकारी देते हुए इस वर्ष भी संघ को जो दायित्व मिले है उसकी जानकारी दी। जिसके तहत स्थानिय खिलाड़ियों की लीग हॉकी प्रतियोगिता आयोजित करने के लिये चर्चा की गई जिसमें स्पर्धा आयोजित कर जिले की टीम बनाने के लिए सुश्री ऑशा थॉमस और अनुराज श्रीवास्तव को जूनियर वर्ग एवं किशोर धीवर व शकिल अहमद को सब जूनियर वर्ग के लिए चयनकर्ता नियुक्त किया गया है। इसके साथ ही 5वीं छत्तीसगढ़ राज्य स्तरीय हॉकी प्रतियोगिता 20 से 28 जून 2024 तक सब जूनियर व जूनियर बालक/बालिका हॉकी प्रतियोगिता का आयोजन में जूनियर वर्ग में आयोजन सचिव अनुराज श्रीवास्तव व सब जूनियर वर्ग का आयोजन सचिव प्रिंस भाटिया को बनाया गया। टूर्नामेंट का संयोजक नीलम जैन तथा महेंद्र ठाकुर होंगे।

जिला हॉकी संघ के सचिव ने जानकारी देते हुए कहा कि पूर्व की भॉति इस वर्ष भी हॉकी इंडिया ने 2री जूनियर बालक/बालिका वेस्ट जोन राष्ट्रीय हॉकी प्रतियोगिता की मेजबानी छत्तीसगढ़ को दी है, जिसके सुचारू रूप से संचालन एवं अन्य विषयो को ध्यान में रखते हुए किए जाने का निर्णाय लिया गया है।

वेस्ट जोन के लिए संचालन समिति के संयोजक भूषण सॉव वरिष्ठ हॉकी खिलाड़ी को नियुक्त किया गया हैं। आयोजन सचिव फिरोज अंसारी होंगे।

जिला हॉकी संघ के बैठक में उपस्थित सदस्यों द्वारा निर्णय लिया गया है कि वर्तमान में चल रहे जिला हॉकी संघ के तत्वधान में ग्रीष्मकालीन प्रशिक्षण शिविर में भाग लेने वाले प्रतिभागियों को प्रमाण पत्र तथा अन्य पुरस्कार प्रदान किया जाए, उसी के साथ ही अगस्त माह में सीनियर मार्निंग हॉकी प्रतियोगिता 2024 का तथा सितम्बर-अक्टूबर में जिला हॉकी लीग आयोजन किये जाने संबंध में चर्चा की गई।

उक्त बैठक में जिला हॉकी संघ के अध्यक्ष फिरोज अंसारी, सचिव शिवनारायण धकेता, नीलमचंद जैन, भूषण सॉव, सुश्री ऑशा थामस, गणेश प्रसाद शर्मा, कुमार स्वामी, भागवत यादव, अब्दुल कादिर, महेन्द्र ठाकुर, प्रिंस भाटिया, अनुराज श्रीवास्तव, तुलसी सिन्हा, शकिल अहमद, राजेश निर्मलकर, जावेद खान, किशोर धीवर, अभिनव मिश्रा, आशीष सिन्हा, खुशाल यादव, कृष्णा यादव आदि उपस्थित थे।

वरिष्ठ हॉकी खिलाडी गुरूचरण सिंह भाटिया एवं कु. अनिशा साहू (अंतर्राष्ट्रीय हॉकी खिलाड़ी) के पिता स्व.अगनूराम साहू के आकस्मिक निधन पर उपस्थित सभी सदस्यों द्वारा 2 मिनट का मौन श्रद्धांजंलि अर्पित की गई।

# अपने पैरों पर खुद कुल्हाड़ी न मारे - एम.डी. ठाकुर



## समाज प्रमुखों द्वारा आम आदिवासियों से की गई अपील

डोंगरगढ़ (दावा)। सोशल मीडिया में जारी तथा पाम्पलेट में सर्व आदिवासी समाज और विभिन्न संगठनों के आव्हान पर आज 14 जून 2024 को मानपुर जेल भरो आंदोलन का आव्हान किया गया है।

आदिवासी गोंड़ समाज, आदिवासी हल्बा समाज एवं आदिवासी कंवर समाज के समाज प्रमुखों ने कहा है कि 14 जून को आयोजित इस जेल भरो आंदोलन के आव्हान से गोंड़ समाज, कंवर समाज और हल्बा समाज का कोई सरोकार नहीं है। आदिवासी बाहुल्य छत्तीसगढ़ राज्य के गठन के 24 साल में पहली बार आदिवासी को मुख्यमंत्री बनाकर आदिवासी राज्य में आदिवासी मुख्यमंत्री का सपना साकार किया गया है। इससे छत्तीसगढ़ के आदिवासी अपने आप को गौरवान्वित महसूस कर रहे हैं। इससे आदिवासी समाज गर्ववानवित हुआ है।

प्रेस को जारी विज्ञप्ति में एम.डी. ठाकुर राष्ट्रीय अध्यक्ष केन्द्रीय गोंड़ महासभा, धमधागढ, नीलकंठ गढ़े महासचिव केन्द्रीय गोंड़ महासभा विष्णु देव ठाकुर राष्ट्रीय प्रवक्ता केन्द्रीय गोंड़ महासभा धमधागढ़, रामकृष्ण चंद्रवंशी जिला संरक्षक (कंवर समाज) मोहला-मानपुर भीषम लाल उर्वशा तहसील अध्यक्ष (हल्बा समाज) गोपाल भुआर्य ने सयुक्त रूप से कहा है की,आज छत्तीसगढ़ में एक ईमानदार आदिवासी मुख्यमंत्री है आदिवासी नेतृत्व को अस्थिर और कलंकित करने के लिए तथाकथित सर्वादिवासी समाज के विघ्न संतोषी के लोग षड्यंत्र पूर्वक आदिवासी के नाम से अनावश्यक जेल भरो आंदोलन जैसा कृत्य कर अपने पैरों पर खुद कुल्हाड़ी मार रहे हैं अगर आदिवासी समाज आदिवासी मुख्यमंत्री के शासन को बदनाम व अस्थिर करेगा तो भविष्य में कोई भी राजनैतिक पार्टी छत्तीसगढ़ में आदिवासी को मुख्यमंत्री बनाने के बारे में कभी नही सोंचेगी।छत्तीसगढ़ के आदिवासी समाज दलगत राजनीति से ऊपर उठकर आदिवासी राज्य में आदिवासी मुख्यमंत्री यानी आदिवासी सरकार के साथ खड़ी है। अतः मोहला मानपुर के समस्त आदिवासी समाज से अपील की जाती है कि ऐसे आंदोलन जिसमे आदिवासी समाज के लिए भविष्य में नुकसानदेह हो उसमें भाग न लें। अतः 14 जून 2024 के जेल भरो आंदोलन से दूरी बनाकर रहें।

# गंडई में रक्तदान शिविर का हुआ सफल आयोजन



0 जनकल्याण सेवा समिति गंडई की पहल
0 रक्तमित्र फनेन्द्र जैन 119 वां रक्तदान

गंडई पंडरिया (दावा)। जनकल्याण सेवा समिति गंडई जिला केसीजी के तत्वाधान में धमधा दुर्ग रोड में स्थित मंगलचंद जैन के व्यवसायिक परिसर में सोमवार 10 जून को दोपहर 12 बजे से रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया, जो शाम 5 बजे तक चला। इस शिविर में लोगों ने स्वस्फुर्त होकर रक्तदान किया। मॉडल ब्लड बैंक मेकाहारा रायपुर से पहुंचे डॉक्टर खालिदा, डॉक्टर रविशंकर, डॉक्टर रश्मि, वहीं मेडिकल लैब टेक्नोलॉजिस्ट गिरीश ठाकुर, लोमश ठाकुर, हेमा कश्यप, काउंसलर में वर्षा चौधरी सहायक शोभराम साहू, राकेश बंजारे, राकेश शर्मा, ने अपनी उपस्थिति दिए। जन कल्याण सेवा समिति गंडई के अध्यक्ष चेतन पटेल सचिव लुकेंद्र तिवारी, कोषाध्यक्ष ओंकार साहू, सदस्य अभिषेक जैन, रितेश अग्रवाल, बालूराम जंघेल, जयप्रकाश कुंभकार हीरामन नायक, महेंद्र देवांगन, योगेश देवांगन, मौसम जैन, सुनील जैन, सभी के कुशल नेतृत्व में कार्यक्रम का आयोजन किया गया था, समिति के अध्यक्ष चेतन पटेल ने बताया कि रक्तदान शिविर के लिए एक हफ्ते पहले नगर में लाउडस्पीकर के माध्यम से सघन मुनादी कराई जा रही थी, जिसमें नगर सहित ग्रामीण क्षेत्र से जनप्रतिनिधि, समाजसेवी, व्यापारी, युवा और नौकरी पेशा से जुड़े लोगों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लेते हुए मानवता का परिचय दिया, कहा की मानवता की सेवा के लिए ना कोई धर्म होता है ना कोई मजहब होता है सेवा भाव इंसानियत सर्वोपरि है, आज रक्तदान शिविर इस समिति के माध्यम से कर रहे हैं इसके बाद बरसात आने के समय पौधारोपण और सामूहिक विवाह जैसे जनहित कार्यों में अपनी समय देकर योजनाबद्ध तरीके से कार्य करने की बात कही है, इस शिविर में 18 वर्ष से 65 वर्ष के महिला पुरुष ने रक्तदान किया है, रक्तदान करने के पूर्व रक्तदाता का ब्लड टेस्ट और बी पी टेस्ट किया गया, और प्रति यूनिट 350 एम एल ब्लड लिया गया। वही कार्यक्रम में ब्लड डोनेट करने राजनांदगांव से फणेंद् जैन भी पहुंचे थे, जिन्होंने अब तक 118 बार रक्तदान किया है इस कार्यक्रम में उपस्थित होकर 119 बार रक्तदान किया, को लोगो के लिए अभिप्रेरणा बना, जन कल्याण सेवा समिती ने रक्तदाता जैन को प्रमाण पत्र और मोमेंटो भेंटकर सम्मानित भी किया गया। वही शिविर में रक्तदान करने आए सभी लोगों को प्रमाणपत्र, अभिनंदन पत्र, रक्तदान प्रचारक बैग एवं फल, बिस्किट और जूस पिलाया गया। जिला रक्त वीर संगठन संघ अध्यक्ष रक्तमित्र फनेन्द्र जैन समिति को जीवन रक्षक रक्तदान शिविर की बधाई दी एवं विश्व रक्तदान दिवस के उपलक्ष्य पर सभी स्वस्थ व्यक्ति जिनका तीन माह से ज्यादा रक्तदान को हो चुका है, रक्तदान करने की अपील किया।

# देयकों एवं मासिक लेखों का प्रस्तुतिकरण होगा पेपरलेस

## कोषालयों में जुलाई से देयकों एवं मासिक लेखे का ऑनलाईन प्रस्तुतिकरण अनिवार्य

राजनांदगांव (दावा)। छत्तीसगढ़ राज्य सुशासन के लक्ष्य को प्राप्त करने एवं प्रभावशील प्रशासनिक व्यवस्था हेतु सूचना एवं संचार प्राद्योगिकी का उपयोग करने में अग्रणी रहा है। वित्त विभाग ने पेपरलेस ऑफिस की अवधारणा को मूर्तरूप दिये जाने 1 जुलाई 2024 से सभी प्रकार के देयकों का प्रस्तुतीकरण, भुगतान एवं लेखे का प्रेषण इलेक्ट्रॉनिक पद्धति से किया जायेगा। कलेक्टर श्री संजय अग्रवाल ने वित्त विभाग के वित्त निर्देश के प्रावधानों के संबंध में सभी जिला स्तरीय अधिकारी एवं आहरण-संवितरण अधिकारियों को विस्तृत दिशा-निर्देश दिये। कलेक्टर श्री अग्रवाल ने कहा कि देयकों एवं मासिक लेखे का प्रस्तुतिकरण जल्द ही पेपरलेस हो जायेगा। कोषालयों में 1 जुलाई 2024 से देयकों एवं मासिक लेखे का अनिवार्य रूप से ऑनलाईन प्रस्तुतिकरण किया जाना है। वित्त विभाग ने देयकों का ई-बिल के रूप में प्रस्तुतिकरण किये जाने निर्देश जारी किया है।

वरिष्ठ जिला कोषालय अधिकारी दिलीप सिंह ने देयकों एवं मासिक लेखों के प्रस्तुतिकरण के संबंध में विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने बताया है कि राज्य के सभी कोषालय में देयकों का ई-बिल के रूप में वर्ष 2014 से ऑनलाईन प्रस्तुतिकरण किये जाने के निर्देश जारी किए गए है। वर्तमान में राज्य के सभी कोषालयों में आहरण एवं संवितरण अधिकारियों द्वारा ऑनलाईन तथा ऑफलाईन दोनों माध्यमों से देयकों का प्रस्तुतिकरण किया जा रहा है। लेकिन कुछ कारणों से यह प्रक्रिया सभी प्रकार के देयकों पर लागू नहीं हो पाई। वर्ष 2022 में ऑनलाईन वेतन देयकों को डीएससी के साथ प्रस्तुत करने पायलट प्रोजेक्ट के रूप में इन्द्रावती कोषालय को चिन्हित किया गया। इस प्रक्रिया को आगे बढ़ाते हुए अप्रैल 2024 से सभी प्रकार के देयकों को राज्य के सभी कोषालयों में ऑनलाईन डिजिटल हस्ताक्षरयुक्त भेजे जाने की व्यवस्था लागू की गई। कुछ अपवादों को छोड़कर सभी कोषालयों में ऑनलाईन तथा ऑफलाईन दोनों माध्यमों से देयकों का प्रस्तुतिकरण किया जा रहा था। उन्होंने बताया कि राज्य शासन द्वारा यह निर्णय लिया गया है कि 1 जुलाई 2024 से सभी आहरण एवं संवितरण अधिकारी राज्य के सभी कोषालयों में देयकों का प्रस्तुतिकरण सिर्फ ऑनलाईन माध्यम से किया जाए। साथ ही कोषालयों द्वारा महालेखाकार को भेजे जाने वाले मासिक लेखे को ई-लेखे के रूप में भेजा जाये। इस प्रक्रिया के सुचारू रूप से संचालन हेतु यह आवश्यक है कि सभी आहरण एवं संवितरण अधिकारियों के पास नेटवर्क की सही स्पीड, देयकों के साथ अपलोड किये जाने वाले दस्तावेज की स्कैनिंग करने हेतु समुचित क्षमता वाला स्केनर तथा अन्य आवश्यक इलेक्ट्रानिक सामग्री की उपलब्धता जरूरी है। साथ ही वैध डिजिटल सिग्नेचर सर्टिफिकेट भी आवश्यक होगा।

इस व्यवस्था को लागू करने हेतु सभी विभागों को अधीनस्थ कोषालयों में समुचित व्यवस्था किया जाना सुनिश्चित करने कहा गया है। राज्य के सभी कोषालयों में पेपरलेस माध्यम से देयकों का प्रस्तुतिकरण तथा महालेखाकार कार्यालय को पेपरलेस मासिक लेखे भेजे जाने की प्रक्रिया 1 जुलाई 2024 से प्रारंभ की जानी है। प्रक्रिया शुरू होने पर आहरण एवं संवितरण अधिकारी द्वारा ई-कोष सॉफ्टवेयर में ई-पेरोल तथा ई-बिल माड्यूल में ऑनलाईन माध्यम से देयक तैयार किए जाएंगे तथा डीएससी का उपयोग करने के बाद देयकों को कोषालय को अग्रेषित किया जाएगा।

# इफको द्वारा नमो ड्रोन दीदियों के लिये नैनो उर्वरकों के छिड़काव पर आयोजित की गई कार्यशाला



## किसानों को नैनो उर्वरकों एवं कीटनाशक दवाइयों के छिड़काव में ड्रोन के माध्यम से होगी आसानी- द्विवेदी

राजनांदगांव (दावा)। इंदिरा गांधी कृषि विश्वविद्यालय, रायपुर के सभागार में गत दिनों इफको द्वारा एक दिवसीय नमो ड्रोन दीदियों एवं ड्रोन उद्यमियों के लिये नैनो उर्वरकों के छिड़काव पर कार्यशाला आयोजित की गई। इस कार्यक्रम में भारी संख्या में नमो ड्रोन दीदियों एवं ड्रोन उद्यमियों द्वारा भाग लिया गया एवं खरीफ फसल के लिए ड्रोन से छिड़काव हेतु कार्य योजना तैयार की गई। इफको द्वारा आयोजित कार्यशाला में मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित शशिकांत द्विवेदी, इफको आमसभा प्रतिनिधि नई दिल्ली एवं संचालक जिला सहकारी केंद्रीय बैंक राजनांदगांव ने सभी नमो ड्रोन दीदियों एवं ड्रोन उद्यमियों को संबोधित करते हुए कहा कि धरती हमारी माता है, ज्यादा रासायनिक खाद के उपयोग से बंजर होती धरती माता की उर्वरा शक्ति तो कम हो ही रही है साथ में मिट्टी, हवा एवं पानी भी प्रदूषित हो रहा है। प्रदूषण बढ़ने से तापमान में भी बढ़ोतरी हो रही एवं भूजल भी पीने योग्य नहीं रहा। इसलिये धरती मां के स्वास्थ्य को सुरक्षित रखने एवं किसानों के हित में दानेदार रासायनिक उर्वरकों का उपयोग धीरे धीरे बंद कर नैनो उर्वरकों का उपयोग करना सभी किसानों के लिए ज्यादा लाभकारी होगा। नैनो यूरिया, नैनो डीएपी एवं सागरिका के उपयोग से कृषि के क्षेत्र में भारत आत्मनिर्भर बनेगा एवं किसानों को लागत भी कम लगेगी एवं पैदावार भी अधिक प्राप्त होगी। केंद्र व राज्य सरकार भी इन उत्पादों को ज्यादा से ज्यादा उपयोग करने हेतु प्रेरित कर रही हैं। श्री द्विवेदी ने केंद्र सरकार की लखपती दीदी योजना की जानकारी देते हुए बताया कि एक ड्रोन से प्रतिदिन 20 एकड़ एवं वर्षभर में 4000 एकड़ का छिड़काव कर 300 रूपए प्रति एकड़ किसानों से चार्ज करने पर प्रतिवर्ष 12 लाख रुपए तक आमदनी प्राप्त की जा सकती है। इस प्रकार ड्रोन दीदियों का लखपति दीदी बनने का सपना साकार हो सकेगा।

कार्यशाला में राज्य विपणन प्रबंधक इफको, आर.एस.तिवारी द्वारा नैनो यूरिया व नैनो डीएपी के उपयोग विधि पर विस्तारपूर्वक चर्चा की गई। छत्तीसगढ़ में छिड़काव पद्धति, लाई चौपी विधि व रोपा विधि से ज्यादातर धान बुवाई की जाती है, इन तीनों विधियों में नैनो डीएपी से बीजोपचार के तरीके बताए गए। इसके बाद फसल के किस अवस्था में एवं कितनी मात्रा में नैनो उर्वरक का प्रयोग करना है एवं ड्रोन उड़ाने में क्या-क्या सावधानी रखना है इसके बारे में विस्तारपूर्वक जानकारी दी गई।

उपमहा प्रबंधक (कृ.से.), डॉ.एस.के. सिंह, द्वारा इफको के सभी उत्पाद जैसे जल घुलनशील उर्वरक, विशिष्ट उर्वरक, सागरिका, जैव- उर्वरक आदि के उपयोग व फायदों के बारे में बताया गया। कार्यक्रम में सागरिका एवं जल घुलनशील उर्वरक का ड्रोन से उपयोग भी बताया गया। इसके बाद इफको द्वारा ड्रोन उद्यमियों हेतु इफको सहकार उड़ान ऐप व किसानों को ड्रोन द्वारा छिड़काव बुकिंग करने हेतु इफको किसान उदय ऐप के बारे में जानकारी दी गई। इफको द्वारा शुरु किये गये ड्रोन अभियान में ड्रोन के साथ-साथ इलेक्ट्रिक ति-पहिया वाहन भी दिया जा रहा है। इलेक्ट्रिक ति-पहिया वाहन के बारे में भी विस्तार से जानकारी व सावधानियां बताई गई एवं टेस्ट ड्राइव भी कराया गया। सभी नमो ड्रोन दीदियों एवं ड्रोन उद्यमियों को खरीफ हेतु बेहतर कार्य योजना बना कर कार्य करने हेतु प्रोत्साहित किया गया एवं सभी का धन्यवाद ज्ञापन करते हुए कार्यक्रम का समापन किया गया। उक्त कार्यशाला में उपसंचालक उद्यानिकी रायपुर श्री सी. डी. सिंह, शिरीष तिवारी, कार्यालय प्रभारी, प्रदेश सहकारिता प्रकोष्ठ भाजपा, सुरेंद्र कुमार दास सी.एस.सी रायपुर आदि विशेष रूप से उपस्थित थे।

# हर क्षेत्र में असफल है साय सरकार- कन्हैया



0 व्यापारी परेशान, आम नागरिक परेशान, कानून व्यवस्था बदहाल
0 जीएसटी के कारण भय का वातावरण

रायपुर (दावा)। प्रदेश कांग्रेस कमेटी के महामंत्री कन्हैया अग्रवाल ने प्रदेश की भाजपा सरकार को हर मोर्चे पर फेलवर बताते हुए कहा कि छह महीने में ही लूट, डकैती, हत्या, चाकूबाजी, बलात्कार, उपद्रव चोरी जैसी घटनाओं से छत्तीसगढ़ अपराधगढ़ में परिवर्तित हो गया है। उन्होंने कहा कि एक ओर व्यापारी जीएसटी की नोटिस से प्रताड़ित था उस पर ई वे बिल ने करेले पर नीम चढ़ा जैसा काम किया है।

श्री अग्रवाल ने कहा कि प्रदेश की राजधानी रायपुर में ही एक भी दिन बिना चाकूबाजी, लूट, चोरी के नहीं गुजरता है, प्रदेश के अन्य हिस्सों में कानून व्यवस्था की स्थिति तो राजधानी से भी बदलता है।

खरोरा में कल व्यापारी के साथ हुई लूट और बलौदा बाजार का उपद्रव इसका ताजा उदाहरण है। प्रदेश के इतिहास में पहली बार ऐसा हुआ जब एस.पी. और कलेक्टर का दफ्तर जला दिया गया इससे बड़ा फेलवर सरकार का और क्या होगा। चैन स्केचिंग की लगभग रोज हो रही वारदातों के कारण सुबह शाम महिलाओं का शहर में घूमने मुश्किल हो गया है महिलाएं सैर के दौरान खुद को असुरक्षित महसूस कर रही है।

प्रदेश महामंत्री कन्हैया अग्रवाल ने व्यापारियों की हितैषी सरकार के द्वारा व्यापारियों को लगातार प्रताड़ित किए जाने का कड़ा प्रतिकार करते हुए कहा कि जिन व्यापारियों ने सरकार बनाई है उन्हें ही इसका दंड दिया जा रहा है। प्रदेश के लगभग सवा लाख व्यापारियों को जीएसटी का नोटिस भेजा जा चुका है, हजारों फर्मो के खातों का संचालन रोका जा चुका है, खातों से व्यापारियों की सहमति के बगैर राशि समायोजित कर ली जा रही है जिससे व्यापारी भयभीत और आक्रोशित है। उन्होंने कहा कि जीएसटी कमिश्नर से मिलकर व्यापारियों की समस्याओं के समाधान के लिए सहयोगात्मक रवैया अपनाने और नोटिसों का भय तत्काल प्रभाव से समाप्त करने के लिए ज्ञापन दिया जाएगा।

## अनमोल दावा

> फल की अभिलाषा छोड़कर कर्म करने वाला पुरूष ही अपने जीवन को सफल बनाता है।

## सम्पादकीय

# निष्कंटक आबंटन से मोदी मंत्रीमंडल जोखिम से बाहर?

''कहीं खुशी-कहीं गम'' के हालात मोदी मंत्रीमंडल के गठन के बाद दिखाई दिए। जिन्हे मंत्री पद मिला, वे खुशी से झुम उठे तो दूसरी वे जिन्हें उनके कद के प्रमाण में ''कैंची चल गई'' जैसा अनुभव हुआ, वे गमगीन हो गए थे। वे सोचने पर विवश हो गए कि जिस पार्टी के लिए जान की बाजी लगा दी, उतना काम किया, उसका बदला इस प्रकार मिला। हमारी अवहेलना हुई है, ऐसी अनुभूति हुई और वे दुःख के समन्दर में डूब गए। कईयों ने तो सार्वजनिक स्थानों में जाना बंद कर दिया। सम्पन्न लोकसभा चुनाव में सामान्य प्रत्याशी भी मोदी के नाम पर जीत गए। स्वाभाविक है, वे खुश हुवे। परन्तु जो सरकार में शामिल थे, उन्हें जानकारी हुई कि, उनके कद के हिसाब से उन्हें नाप डाला गया है। ऐसे नेताओं को भी प्रायः हर कोई जानता है। वे नेता जिनके खिलाफ आंदोलन हुवे, जीत भी गए किन्तु उन्हे मंत्रीमंडल में नहीं लिया गया। ऐसे नेता अवसाद में चले गए हैं।

प्रधानमंत्री मोदी ने गठबंधन की सरकार में विभागों का बंटवारा कर दिया और किसी भी प्रकार का इसमें जोखिम भी नहीं उठाया। उनके मंत्रीमंडल में 30 कैबिनेट रेंक के मंत्री हैं, जिनमें से 5 मंत्री सहयोगी पार्टियों के हैं। सुनने में आया था कि चन्द्राबाबू नायडू ने शर्त रखी थी कि अमित शाह को गृहमंत्री नहीं बनायेंगे लेकिन, अमित शाह गृहमंत्री बने, जिस पर से समझा जा सकता है कि नायडू की शर्त में कोई दम नहीं था। मोदी के बटवारें में मनसुख मांडविया, गजेन्द्र सिंह शेखावत और ज्योतिरादित्य सिंधिया के मंत्रालय को छोड़कर देखें तो फिर कोई विशेष बड़ा परिवर्तन नहीं है। जे.पी.नड्डा मंत्रीमंडल में वापस आए तो उन्हें उनका पुराना मंत्रालय मिला और मनसुख मांडविया का वजन कम कर दिया गया। नड्डा की पुनः स्वास्थ्य मंत्रालय सौंपा गया है।

भाजपा के सेकेन्ड कैडर के नेताओं में धर्मेन्द्र प्रधान को शिक्षा, अश्वनी वैष्णव को रेलवे, सूचना व प्रसारण विभाग, इलेक्ट्रानिक्स व इन्फार्मेशन टेक्नोलाजी तथा पियुष गोयल की वाणिज्य मंत्रालय मिला है। नए मंत्रीमंडल में भाजपा के दो धुंरधर और भूतपूर्व मुख्यमंत्रियों में से शिवराज सिंह चौहान को कृषि व ग्रामीण विकास मंत्रालय जैसे दमदार विभाग मिले हैं तो मनोहर लाल खट्टर को आवास और शहरी विकास व ऊर्जा मंत्री बनाया गया है। वैसे, मोदी ने जिनके विभाग बदले उसमें मनसुख मांडविया सबसे ज्यादा नुकसान में है। पहले उनके पास स्वास्थ्य व परिवार कल्याण विभाग जैसा महत्वपूर्ण विभाग था। अब यह विभाग जे.पी.नड्डा के पास है। मांडविया को मिला श्रम व रोजगार मंत्रालय कमजोर है। उन्हे युवा व खेलकूद बाबत का भी मंत्री बनाया गया है। चौकानें वाली बात यह कि अनुराग ठाकुर को मंत्रीमंडल में शामिल ही नहीं किया गया है। जब कि, पूर्व में उनके पास सूचना व प्रसारण मंत्रालय था।

सहयोगी दलों में सबसे अधिक फायदे में कुमार स्वामी है, जिन्हे वजनदार उद्योग और स्टील मंत्रालय मिला है। जे.डी.एस. के लोकसभा में दो ही सदस्य होनें के बावजुद कुमार स्वामी को दमदार विभाग मिला है। जेडीयु के राजीव रंजन सिंह उर्फ ललन सिंह को पंचायती राज और मत्स्य उद्योग, पशुपालन और डेयरी मंत्री बनाया गया है। ये सभी मंत्रालय बड़े होने से लल्लन सिंह फायदे में हैं।

टीडीपी के राममोहन नायडू को सिंधिया के साथ नागरिक उद्दयन मंत्री और जितन राम मांझी को माइक्रो स्माल और मीडियम इंडस्ट्रीज दी गई है। ये अपनी पार्टी के इकलौते सांसद हैं और इन्हें बड़ा मंत्रालय दिया गया है। चिराग पासवान के पास अपने पिता की विरासत होने से उन्हें फुड प्रोसेसिंग मंत्रालय वापस दिया गया ।

पूरे मंत्रीमंडल में गुजरात का फिर दबदबा है। क्योंकि सभी मंत्रियों को दमदार विभाग मिले हैं। गुजरात की एक मात्र महिला मंत्री नीमु बेन बांभणिया को उपभोक्ता, खाद्य और सार्वजनिक वितरण मंत्रालय मिला है। इस प्रकार देखें तो पांच साल की एन.डी.ए. सरकार का स्थायीत्व रहे, ऐसी दूरदृष्टि रख प्रधानमंत्री ने मंत्रीमंडल का गठन किया है। एन.सी.पी. के पवार असन्तुष्ट हैं। गठबंधन की सरकार को कब किस राह पर अवरोध का सामना करना पड़े, इसकी भविष्यवाणी नहीं की जा सकती।

## विश्लेषण

# हल्के मंत्रीपद के बाद भी एनडीए में खटपट क्यों नहीं, सहयोगी दलों से तय हुआ फॉर्मूला



लोकसभा चुनाव में भाजपा को अकेले दम पर पूर्ण बहुमत न मिलने के बाद सबसे ज्यादा चर्चा इसी बात की थी कि मोदी एनडीए गठबंधन की सरकार कैसे चला पाएंगे? इंडिया गठबंधन के नेता भी मान रहे थे कि नीतीश कुमार और चंद्रबाबू नायडू जैसे नेताओं को साथ में लेकर चलना प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के लिए आसान नहीं रहेगा। इन नेताओं का पुराना ट्रैक रिकॉर्ड भी कुछ इसी तरह का संकेत दे रहा था। माना जा रहा था कि समर्थन के बदले ये सहयोगी दल मोदी पर जबरदस्त दबाव बनाएंगे और बड़े-बड़े अहम विभाग अपने हिस्से में करने में कामयाब रहेंगे। इंडिया गठबंधन तो इस संभावित टकराव में ही अपने लिए 'सत्ता की संभावनाएं' भी तलाशने लगा था।

लेकिन राजनीतिक पंडितों की ये कयासबाजी पूरी तरह फुस्स साबित हुई है। नरेंद्र मोदी ने विभागों के बंटवारे में सीसीएस की सबसे महत्त्वपूर्ण चार मंत्रालयों (गृह, रक्षा, वित्त और विदेश मंत्रालय) के साथ-साथ कृषि, सड़क परिवहन, ऊर्जा, शहरी विकास और शिक्षा जैसे महत्त्वपूर्ण विभाग भी अपने ही पास रखे हैं। एनडीए के सहयोगी दलों को अपेक्षाकृत काफी कमजोर विभाग सौंपे गए हैं। लेकिन इसके बाद भी एनडीए में कहीं से कोई आपसी गतिरोध दिखाई नहीं दिया।

रोचक बात है कि टीडीपी की कथित बड़ी दावेदारी के बाद भी चंद्रबाबू नायडू नाराज नहीं हुए, उलटे मोदी के साथ उनके रिश्ते ज्यादा मजबूत होते दिखाई दे रहे हैं। मोदी नायडू के शपथ ग्रहण में जाकर इस रिश्ते को और मजबूत बनाने का संकेत भी दे रहे हैं। शिवसेना-एनसीपी गुट ने हल्का-फुल्का विरोध अवश्य जताया है, लेकिन उनके स्वर में भी 'बाद में बेहतर समायोजन' होने की संभावना ही जताई गई हैं।

अब प्रश्न यही किया जा रहा है कि मोदी ने यह 'करिश्मा' कैसे किया? जो राजनीतिक दल अपनी मांगों से लगातार केंद्र की सरकारों को परेशान करते रहे थे, वे इतने कमजोर मंत्रालय मिलने के बाद भी शांत क्यों हैं? क्या भाजपा ने उन्हें इस चुप्पी के बदले उनके राज्यों में कोई इनाम देने का वादा किया है?

### झुनझुना थमाया, अब पार्टी तोड़ेगी भाजपा- आप

आम आदमी पार्टी के राज्यसभा सांसद संजय सिंह ने कहा है कि मंत्रालयों के बंटवारे में भाजपा ने सहयोगी दलों को 'झुनझुना' पकड़ा दिया है। भाजपा ने सभी महत्त्वपूर्ण विभाग अपने पास रखे हैं, लेकिन एनडीए के बाकी सहयोगी दलों को बेहद हल्के मंत्रालय दिए गए हैं। उन्होंने आरोप लगाया है कि यदि भाजपा लोकसभा का स्पीकर भी अपना बना लेगी, तो वह एनडीए और विपक्ष के दूसरे दलों को तोड़ने का काम करेगी। संजय सिंह ने एनडीए के सहयोगी दलों को खुला ऑफर भी दे दिया कि तेलगुदेशम पार्टी को लोकसभा में अपना स्पीकर बनवाने की कोशिश करनी चाहिए। यदि भाजपा उन्हें ऐसा अवसर नहीं देती है, तो उन्हें इंडिया गठबंधन में शामिल होकर उसकी सरकार बनवाने में सहयोग करना चाहिए।

### लेकिन असली खेल आंकड़ों में है

लंबे समय तक संगठन का कामकाज देखते रहे मोदी ने सहयोगी दलों के साथ भी बेहतर समन्वय स्थापित करने में सफलता पाई है। यह दिखाई दे रहा है। लेकिन इसका बड़ा कारण आंकड़ों में भी छिपा हुआ है। 240 सीटों को अकेले दम पर हासिल करने के कारण अन्य दल भाजपा को ब्लैकमेल करने की स्थिति में नहीं रह गए हैं। टीडीपी 16 और जदयू केवल 12 सीटों पर ही जीत पाए हैं। यदि ये दल भाजपा से किनारा करें भी तो एनडीए के अन्य सहयोगी दलों और स्वतंत्र सांसदों के बल पर सरकार बहुमत साबित कर सकती है।

दूसरी सबसे महत्वपूर्ण बात है कि इन दलों ने मोदी के चेहरे पर ही चुनाव लड़कर सफलता पाई है। जदयू की 12 सीटों की जीत में जितनी भूमिका नीतीश कुमार की है, उससे कहीं ज्यादा मजबूत भूमिका मोदी की है। यह इस बात से भी सिद्ध होता है कि उसी बिहार में ज्यादा मजबूत जातीय समीकरण रखने के बाद भी लालू प्रसाद यादव की पार्टी राजद केवल चार सीटों पर जीत हासिल कर पाई है, जबकि बेहद छोटे समूह का प्रतिनिधित्व करने वाली पार्टी लोजपा अपने हिस्से की सभी पांचों सीटों पर जीत गई है। इसी तरह आंध्र प्रदेश में भाजपा भले ही केवल तीन सीटों पर जीत हासिल कर पाई है, लेकिन टीडीपी की 16 लोकसभा सीटों और उसे विधानसभा चुनावों में मिली बड़ी जीत में मोदी की भूमिका कम नहीं है। चंद्रबाबू नायडू भी यह बात बखूबी जानते हैं। इससे इतर, यदि जदयू और टीडीपी बगावत करें भी तो बिहार के ही एनडीए के दूसरे सहयोगी लोजपा (रामविलास पासवान गुट) और हम पार्टी, आंध्र प्रदेश की जनसेना पार्टी मोदी से बगावत नहीं करेंगे। यही कारण है कि वर्तमान और भविष्य के सभी समीकरणों को ध्यान में रखते हुए एनडीए के सहयोगी दल मोदी के पीछे पूरी तरह 'एकजुट' हैं।

### सहयोगी दलों ने क्या कहा?

मंत्रिमंडल में कमजोर मंत्रालय मिलने की शिकायतों को चिराग पासवान ने हवा में उड़ा दिया। उन्होंने कहा कि कोई विभाग, कोई काम छोटा बड़ा नहीं होता। उनके लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मंत्रिमंडल में काम करना सौभाग्य का विषय है। रामदास अठावले ने कहा कि एनडीए में फूट डालने की विपक्ष की कोशिश कामयाब नहीं होगी। जीतनराम मांझी ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी सबका सम्मान करना जानते हैं, इसलिए उनके साथ आकर हर नेता स्वयं को सम्मानित महसूस करता है।

### भाजपा नेता क्या कहते हैं?

दिल्ली भाजपा में प्रदेश मंत्री (महिला मोर्चा) अनायता भाटी ने कहा कि यह विपक्ष की बौखलाहट है कि वह एनडीए में तनाव की जड़ें खोज कर अपने आपको संतुष्ट करना चाहता है। लेकिन उसका दुर्भाग्य है कि उसे कोई तनाव नहीं मिल पा रहा है।

उन्होंने कहा कि इसका सबसे बड़ा कारण है कि प्रधानमंत्री अपने निजी हित की राजनीति नहीं करते हैं। वे देश को और इसके 140 करोड़ नागरिकों के उत्थान के लिए दिन-रात काम करते हैं। यही कारण है कि एनडीए के सभी सहयोगी दल उनकी इस अच्छी सोच में अपनी भागीदारी निभाना चाहते हैं।

अनायता भाटी ने कहा कि एनडीए का हर सहयोगी दल और इस देश का हर नागरिक यह देख रहा है कि प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में देश पूरी दुनिया में आगे बढ़ रहा है। दुनिया के हर हिस्से में भारत के नागरिकों का सम्मान बढ़ा है। हर महिला, हर नागरिक का सम्मान बढ़ रहा है। मोदी बिहार-आंध्रप्रदेश को भी उतना ही आगे बढ़ाना चाहते हैं, जितना गुजरात या उत्तर प्रदेश को। उनका मानना है कि यही कारण है कि सभी राजनीतिक दलों ने अपने निजी हितों को पीछे छोड़ प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को मजबूती देने का निर्णय लिया है। यही कारण है कि एनडीए खेमे में कहीं कोई तनाव नहीं दिखाई पड़ रहा है। उन्होंने उम्मीद जाहिर की कि मोदी 3.0 की सरकार पूरे पांच साल निर्बाध गति से चलेगी और देश का विकास करेगी।

## विचार सरिता

# मन में बसे हैं राम -175: मंथरा ने कैकेई को अयोध्या में हो रही तैयारियों की दी जानकारी

**डॉ. योगेंद्र कुमार पांडेय**



उधर रानी कैकेई रथ से उतरकर सेवकों के अभिवादन का उत्तर देती हुई अपने निज कक्ष में प्रवेश कर चुकी हैं। अभी भी वे अनिर्णय की स्थिति में हैं कि आगे क्या किया जाए? उनका मन तो यह कह रहा है कि राजा दशरथ अगर कल युवराज पद का अभिषेक करने जा रहे हैं, तो वे इस निर्णय को अनिश्चितकाल तक स्थगित कर दें। रानी नहीं चाहती थीं कि राम या भरत दोनों में से कोई भी युवराज के पद को ग्रहण करें, ताकि इनमें से किसी को भी 14 वर्षों का आगामी संकट न हो। साथ ही उनके पति राजा दशरथ को श्राप के अनुसार वियोग का परिणाम न राजा दशरथ और न उनके किसी पुत्र के प्राणों के संकट के रूप में हो। महर्षि वशिष्ठ ने उन्हें आश्वस्त किया है कि सब शुभ मंगल होगा लेकिन आशंकाओं के बादल अभी छंटे नहीं हैं। क्या श्रवण कुमार के पिता का उनके पति राजा दशरथ को दिया गया संतान वियोग का श्राप पिता या पुत्र के प्राणों के वियोग को लेकर है या इन दोनों के आपस में दूर चले जाने को लेकर है क्योंकि दूरी भी तो वियोग ही है।

रानी अपने आसन पर बैठी ही थीं कि गांधार प्रदेश से विवाह के समय से ही उनके साथ अयोध्या आई हुई दासी मंथरा कक्ष में आते हुए दिखाई दी। जब मनुष्य को गहरे चिंतन - मनन के बाद भी कोई समाधान नहीं सूझता, तो कई बार वह उस विकल्प को इसलिए उचित मानने के बारे में सोचने लगता है कि उसे अपने किसी परिचित या आत्मीय व्यक्ति ने हमारे सामने सबसे पहले रखा हो।

रानी के मन में लंबे समय से चली आ रही विचारों की श्रृंखला में विखंडन हुआ। अभिषेक कल सुबह है और केवल आज की रात शेष है। अब रानी कैकेई अधिक समय तक संशय, तर्क - वितर्क और भ्रम की दुनिया में नहीं रह सकती हैं। रानी को अब यथार्थ के धरातल पर आकर अपने दैनिक कार्यों को तो पूर्ण करना ही है।

मंथरा ने कक्ष में प्रवेश करते हुए अत्यंत नाटकीय ढंग से नगर में हो रही गतिविधियों का सजीव चित्रण किया।


(भगवान श्री विष्णु के मनुज अवतार भगवान श्री राम और माता सीता की कथा हजारों वर्षों से भारतीय जनमानस में प्रचलित है। संस्कृत में आदिकवि वाल्मीकि और हिंदी साहित्य में अवधी के महाकवि तुलसी से लेकर विश्व की अनेक भाषाओं में अब तक सैकड़ों रामायण लिखी गई हैं।लेखक ने इस रचना में श्री राम की महागाथा के विविध प्रसंगों से कथा प्रवाह की प्रेरणा प्राप्त की है।उन्होंने साथ ही उन रचनाकारों के प्रति कृतज्ञता व्यक्त करते हुए कथा के तारतम्य, क्रमबद्धता एवं प्रवाह हेतु अनेक स्थानों पर एक साधारण भक्त की अपनी नवीन रचनात्मक कल्पनादृष्टि का भी सहारा लिया है और रामकथा की मौलिक साहित्यिक प्रस्तुति का प्रयत्न किया है।)

## शब्द सामर्थ्य -087

(भागवत साहू)

**बाएं से दाएं :**
1. लज्जत, जायका 2. मुकाबला, भेंट, होड़ 5. बंदी, कैद की सजा पाने वाला व्यक्ति 7. खल-पात्र, नाटक फिल्म आदि का बुरा पात्र 9. कामी, व्यभिचारी 10. इज्जत जाना, बेइज्जती होना (उपमा) 11. ऊटपटांग, विचित्र, कठिन 13. वैभव, ठाट-बाट 14. साथ, सहित 15. कामदेव की पत्नी, प्रेम 16. मैं का बहुवचन 17. दरवाजे-दरवाजे 20. एक राशि, मगर 22. नमी, सीड़, मुहर, ठप्पा 23. औषधालय, चिकित्सालय।

**ऊपर से नीचे**
1. आत्मनिर्भर, स्वालंबन भावना से युक्त, स्वाश्रित 2. वर्ष, बरस 3. राजी करना, रूठे हुए को खुश करना, प्रसन्न करना 4. नाटक फिल्म आदि का मुख्यपात्र 6. दीवानगी, पागलपन, 7. दो वस्तुओं के टकराने से उत्पन्न ध्वनि, बैर-विरोध, अनबन 8. खीरे की प्रजाति का एक फल 11. बेवकूफ, मूर्ख 12. बादल, मेघ 13. बहुत चालाक, होशियार 14. जिसका मत दूसरे से मिलता हो, 15. दांत, दंत 18. प्राप्ति, वस्तु आदि मिलने का प्रमाण पत्र 19. दंगा-फसाद, उपद्रव विप्लव 21. बचाव, सुरक्षा।



शब्द सामर्थ्य क्रमांक 086 का हल



## सू- दोकू क्र.087

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | 2 | | 6 | | 8 | | 3 | |
| 9 | | 8 | | 3 | | 4 | | |
| | | | | | | | 5 | |
| 5 | | 2 | | | 7 | | 6 | |
| | 8 | | 4 | | | 1 | | 3 |
| | | | | 9 | | | | |
| 8 | | | 9 | | | | 1 | |
| | 5 | | | 1 | | 6 | | 2 |
| | | 1 | 7 | | | | 4 | |

**नियम**
1. कुल 81 वर्ग है,जिसमें 9वर्गो का एक खंड बनता है।
2. हर खाली वर्ग में 1से 9 के बीच का कोई एक अंक र सकते है।
3. बाएं से दाएं और ऊपर से नीचे के प्रत्येक कालम,कतार और खंड में 1से9अंक में से किसी भी अंक का इस्तेमाल एक बार ही कर सकते है।

**सू-दोकू क्र.086 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 2 | 6 | 3 | 8 | 1 | 4 | 9 | 7 | 5 |
| 9 | 5 | 4 | 2 | 6 | 7 | 3 | 1 | 8 |
| 8 | 7 | 1 | 9 | 3 | 5 | | 6 | 2 |
| 6 | 2 | 7 | 5 | 4 | 8 | 4 | 3 | 9 |
| 3 | 9 | 8 | 6 | 7 | 1 | 2 | 5 | 4 |
| 4 | 1 | 5 | 3 | 2 | 9 | 6 | 8 | 7 |
| 5 | 3 | 2 | 4 | 8 | 6 | 7 | 9 | 1 |
| 1 | 8 | 6 | 7 | 9 | 2 | 5 | 4 | 3 |
| 7 | 4 | 9 | 1 | 5 | 3 | 8 | 2 | 6 |

## सामयिक चर्चा

### धीरज धरो भाई!

खबर पढ़कर
आश्चर्य में पड़कर
बानी बोले - ''गजाधर भाई।
सचमुच यह कैसा गणित है
मुझे समझ नहीं आई।
देखो, दस में से केवल
पांच सीटें देने वाले
हरियाणा को तीन मंत्री
और ग्यारह में से दस सीटें
देने वाले हमारे छत्तीसगढ़ को
सिर्फ और सिर्फ एक मंत्री?
प्रधानमंत्री मोदीजी ने ऐसा क्यों किया?''
गजाधर ने मुस्कराकर उत्तर दिया -
''बानी! तुम मोदीजी की ओर नहीं,
मेरी बात सुन
और मेरी तरफ देख!
इतनी जल्दी तुम क्यों करने लगे
दस, पांच, तीन और
ग्यारह, दस, एक।
जरा धीरज धरो भाई!
मालूम, मोदी मंत्रिमण्डल में
अभी नौ सीट खाली है।
तो इसके बाद फिर
हमारी बारी आने वाली है।''



-गिरीश बख्शी

## कविता

### पनपुरवा रोटी (गीत)

गाँव जइसे खानपान कहाँ शहर कोती?
भावै तुँहला पिज्जा-बर्गर बिहने-संझौती
चाउमीन मोमोस होही तुँहर बर मोती
मजा आथे हम ला तो पनपुरवा रोटी।।
परसा के पान मा जब दाई मोर बनाथे,
गली मा रेंगइया के जी हर ललचाथे,
बबा दाई सब झन ल बाँटथे पुरोती
मजा आथे हम ला तो पनपुरवा रोटी।।
बिहने के नास्ता ये हमर देहात के,
पनपुरवा मिलगे तब जरूरत का भात के;
खा के कमाय बर जाथन खेत कोती,
मजा आथे हम ला तो पनपुरवा रोटी।।
दुगुना सुवाद लाथे चटनी पताल के,
खा लेथन रोटी ल घी कभू डार के
टोर अबड़ करथे परभा अउ ज्योति
मजा आथे हम ला तो पनपुरवा रोटी।।



राम कुमार चन्द्रवंशी
बेलरगोंदी (छुरिया)
जिला-राजनांदगाँव




## राशिफल

**मेष**
आज आपका दिन शानदार रहेगा। व्यापार में साझेदारी से लाभ हो सकता है। माता-पिता के साथ रिश्ते अच्छे होंगे। आपको जीवनसाथी से पूरा सहयोग मिलेगा। संतान पक्ष से कोई खुशखबरी आपको मिल सकता है। आज आपकी सामाजिक कार्यों में रूचि बढ़ेगी। आप चीज़ों को बेहतर ढंग से समझने की कोशिश करेंगे।

**वृषभ**
आज आपका दिन उत्तम रहेगा। आज आपका आत्मविश्वास बढ़ा हुआ रहेगा। आपका आर्थिक पक्ष काफी मजबूत रहेगा। पर्यटन से जुड़े लोगों को धन लाभ होगा। आप खुद को उर्जावान महसूस करेंगे। परिवार में सदस्यों के साथ रिश्ते में सुधार होगा। आप खुद को किसी रचनात्मक काम में लगाएंगे। आपके काम से अधिकारी वर्ग खुश होंगे।

**मिथुन**
आज आपका दिन मिला-जुला रहेगा। आप अपने काम में किसी मित्र का सहयोग ले सकते हैं। धैर्य से निर्णय लेने पर सफलता के नए आसार खुल सकते हैं। आज किसी जिम्मेदारी को अनदेखा करने से आपको बचना चाहिए। एकाग्र मन से किया गया काम लाभदायक साबित होगा। आपकी सेहत ठीक-ठाक रहेगी।

**कर्क**
आज आपका दिन ठीक-ठाक रहेगा। आज आपके सारे जरूरी काम-काज पूरे हो जाएंगे। पैसों के मामले में लोगों पर जरूरत से ज्यादा भरोसा करने से बचना चाहिए। आपका खर्च बढ़ सकता है। किसी को उधार पैसा देने में सोच-विचार करना बेहतर रहेगा। जीवनसाथी के साथ किसी धार्मिक स्थल की यात्रा कर सकते हैं।

**सिंह**
आज आपका दिन बेहतर रहेगा। आप अपने जीवन में कुछ अच्छे बदलाव करने की कोशिश करेंगे। पहले से चली आ रही समस्याओं का समाधान आज निकल सकता है, जिससे आपका मन प्रसन्न रहेगा। उधार दिया हुआ पैसा अचानक ही वापस मिलेगा। परिवार में धार्मिक कार्य की योजना बन सकती है।

**कन्या**
आज आपका दिन फेवरेबल रहेगा। करियर को बढ़ाने के लिए आज आपको नये अवसर मिलेंगे। जीवनसाथी के साथ डिनर करने जा सकते हैं। साथ ही रिश्ते में पॉजिटिविटी भी आयेगी। कामकाज में सफलता मिलेगी। दोस्तों से फायदा मिलने की उम्मीद है। आज आपका उत्साह बढ़ा हुआ रहेगा। भाई-बहनों से आपको सहयोग प्राप्त होगा।

**तुला**
आज आपका दिन मिला-जुला रहेगा। आज आपका ध्यान अपने कार्य को पूरा करने में लगा रहेगा। ऑफिस में किसी काम को लेकर थोड़ा विचार-विमर्श करना पड़ सकता है। इस राशि के छात्रों का दोस्तों के साथ मेल-जोल बढ़ सकता है। आपके पास कुछ नयी जिम्मेदारियां आ सकती है, जिन्हें आप सफलता पूर्वक निभाएंगे।

**वृश्चिक**
आज आपका दिन बढ़िया रहेगा। आज जो भी काम आप शुरू करेंगे उसे समय से पूरा कर लेंगे। आपकी कल्पना शक्ति आपके लक्ष्य प्राप्ति में सहायता कर सकती है। लेन-देन के लिए आज का दिन अच्छा है। जीवनसाथी की उपलब्धियों की सराहना करने से आपके दांपत्य जीवन में मधुरता आयेगी।

**धनु**
आज आपका दिन बेहतरीन रहेगा। इस राशि के लोगों को कारोबार बढ़ाने के लिए किसी दूसरे व्यक्ति से बेहतर सुझाव मिलेगा। पैसों के संबंध में अच्छी खबर मिलेगी कामकाज से भी जुड़ी कोई अच्छी खबर मिल सकती है। आपके सोचे हुए सारे काम आज पूरे होंगे। आपके साथ काम करने वाले मददगार रहेंगे।

**मकर**
आज आपका दिन पहले की अपेक्षा अच्छा रहेगा। आप परिवार वालों के साथ किसी ट्रिप का प्लान बना सकते हैं। आज आप अपने जीवनसाथी के साथ समय बिता सकते हैं, इससे आपके रिश्ते और बेहतर होंगे। दोस्तों के साथ मूवी देखने का प्लानिंग आज बन सकता हैं। आपको भविष्य में फायदा हो सकता है।

**कुंभ**
आज आपका दिन खुशियों से भरा रहेगा। किस्मत का सहयोग आज आपको मिलेगा। कारोबारियों को लाभ होगा। छात्रों के लिए आज का दिन बढ़िया है। करियर में कोई बड़ी सफलता हासिल होगी। अगर आप किसी जरूरी काम को पूरा करने की सोच रहे हैं, तो वह आज पूरा हो जाएगा। आप में दूसरों की मदद करने का भाव आयेगा।

**मीन**
आज आपका दिन ठीक रहेगा। आपके मन में किसी बात को लेकर उत्साह रह सकता है। कार्यक्षेत्र में अचानक काम का दबाव बढ़ सकता है। काम पूरा करने के लिए शायद आपको पर्याप्त समय न मिल पाये। आज आपका दांपत्य जीवन अच्छा रहने वाला है। छात्रों को थोड़ी और मेहनत करने की जरूरत है।

# पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने कार्यकर्ताओं से औपचारिक चर्चा कर लोकसभा चुनाव में कठिन परिश्रम करने पर आभार प्रकट किया



खैरागढ़ (दावा)। लोकसभा चुनाव में हार का सामना करने के बाद बुधवार 12 जून को पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल कार्यकर्ताओं से मुलाकात की। इस दौरान उन्होंने कार्यकर्ताओं को ढांढस बंधाते हुए कहा कि चुनाव आते जाते रहेंगे दुखी होने की जरूरत नहीं है। जो बीत गई, सो बात गई।

उन्होंने चुनावी नतीजों में मिली हार से परे कार्यकर्ताओं की मेहनत की सराहना की। पूर्व सीएम ने सांस्कृतिक भवन में आयोजित बैठक में सभी पदाधिकारियों की चुनावी भागीदारी पर भी आभार जाहिर किया। इसके बाद उन्होंने अलग-अलग मुद्दों पर चर्चा की।

पूर्व सीएम ने चर्चा के दौरान लोकसभा चुनाव के नतीजों को लेकर कहा कि अब देश में भय का वातावरण नहीं है। मोदी सरकार के घटक दलों की ओर से ही विरोध की आवाजें उठ रही है। उन्होंने कहा कि देश में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और भाजपा ने डराकर चुनाव लडने का प्रयास किया। वाराणसी में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को जीतने के लिए हेलमेट, पैसा और दारू बांटना पड़ गया। भूपेश बघेल ने कहा कि देश की आबोहवा बदल रही है। उन्होंने बलौदा बाजार की घटना की निंदा करते हुए प्रदेश में बैठी विष्णु देव साय सरकार को आड़े हाथों लेते हुए कहा कि विष्णु देव साय सरकार की खुफिया एजेंसी क्या कर रही थी, बेकसुर लोगों को गिरफ्तार कर लाडी-डंडा चला रहे हैं। उन्होंने विष्णु देव साय सरकार से इस्तीफे की मांग की और कहा कि 14 जून को प्रदेश कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष सहित विधायकों का दल बलौदा बाजार जाएगा।

इस दौरान विधायक यशोदा वर्मा, जिला सहकारी बैंक के पूर्व अध्यक्ष नवाज खान, पूर्व विधायक गिरवर जंघेल, वरिष्ठ कांग्रेसी मोती लाल जंघेल, जिला कांग्रेस अध्यक्ष गजेंद्र ठाकरे, वरिष्ठ कांग्रेस नेता सुनीलकांत पांडे, नीलेंद्र शर्मा, गुलाब चोपड़ा, विनोद ताम्रकार, पूर्व मंडी अध्यक्ष दशमत जंघेल, ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष आकाशदीप सिंह, शहर कांग्रेस अध्यक्ष भीखमचंद छाजेड़, छुईखदान ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष रामकुमार पटेल,गंडई ब्लाक कांग्रेस अध्यक्ष भिगेश यादव, सेवा दल जिला अध्यक्ष देवराज किशोर दास,छुईखदान जनपद अध्यक्ष नीना ताम्रकार जनपद उपाध्यक्ष ललित महोबिया,जिला युवा कांग्रेस अध्यक्ष गुलशन तिवारी, जिला पंचायत सभापति विप्लव साहू, उत्तम जंघेल,जिला उपाध्यक्ष नदीम मेमन, महिला अध्यक्ष आरती महोबिया, एन एस यू आई के जिला अध्यक्ष सुमीत छाजेड़, किसान कांग्रेस अध्यक्ष कामदेव जंघेल, पालिका उपाध्यक्ष रज्जाक खान, पार्षद दीपक देवांगन, सुमित टांडिया, दिलीप लहरे, पूरषोतम वर्मा दयाराम पटेल, जितेन्द्र सिंह गौर,सूर्यकांत यादव, पूरन सारथी, भरत चंद्राकर, सुरेन्द्र सिंह सोलंकी, रविन्द्र सिंह, मोहसिन खान,किशन रजक, महेश यादव, प्रमोद सिंह, हेमंत वैष्णव, सज्जाक खान, पूर्व मंडी अध्यक्ष संजू चंदेल, लीलाधर वर्मा, यतेंद्र जीत सिंह, अमीत सिंह, देवकांत यदु, रिंकू महोबिया, पलाश सिंह, नित्यशरण सिंह, राजा सोलंकी, मनोज बैद, रतन सिंघी, सूरज देवांगन, आकाश सारथी, भूपेंद्र वर्मा, सुहैल खान सहित कांग्रेसी मौजूद थे।

# भाजपाईयों ने किया सांसद संतोष पांडे का भव्य स्वागत



छुरिया (दावा)। लोकसभा क्षेत्र से दूसरे बार सांसद चुने जाने पर भाजपा मंडल छुरिया द्वारा भव्य स्वागत किया गया। बीते लोकसभा चुनाव में राजनांदगांव लोकसभा सीट से कांग्रेस के पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल को करारी हार का सामना करना पड़ा है। चार जिले से बने इस लोकसभा में राजनांदगांव विधानसभा से पांडे को काफी लीड प्राप्त किए है। भारतीय जनता पार्टी मंडल छुरिया के सैकड़ो कार्यकर्ताओं ने मां दंतेश्वरी मंदिर के पास सांसद पांडे का जोरदार जोशीला स्वागत किया गया। श्री पांडे ने मां दंतेश्वरी माता जी के दर्शन कर रैली के माध्यम से जनपद सामुदायिक भवन में आयोजित कार्यक्रम में सम्मिलित हुए। कार्यक्रम की शुरुवात भारतीय जनता पार्टी के पुरोधा पंडित दीनदयाल उपाध्याय, डॉ. श्यामाप्रसाद मुखर्जी, मां भारती के तैल चित्र पर अबीर, गुलाल लगाकर किया गया। उपस्थित मंडल पदाधिकारियों ने सांसद सहित समस्त अतिथियों का स्वागत किया गया। कार्यक्रम में स्वागत भाषण अजय पटेल मंडल अध्यक्ष ने दिया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए श्री पांडे ने कहा कि ये जीत कार्यकर्ताओं की है, कार्यकर्ताओं की मेहनत से मुझे दूसरी बार सांसद बनने का मौका मिला है, ये अवसर कार्यकर्ताओं के लिए समर्पित रहेगा।

उक्त कार्यक्रम को भरत वर्मा प्रदेश महामंत्री, रविंद्र वैष्णव जिला महामंत्री, चंद्रिका प्रसाद डडसेना जिला उपाध्यक्ष, एम.डी. ठाकुर, गीता साहू जिला पंचायत अध्यक्ष, किरण वैष्णव अध्यक्ष जनपद पंचायत छुरिया, जगजीत सिंह भाटिया ने भी सभा को संबोधित किया। इस अवसर पर मुख्य रूप से सुरेंदर सिंह भाटिया, संजय सिन्हा, खिलेश्वर साहू, शेखर भरतद्वाज, राधेश्याम शर्मा,सीमा सिन्हा, धन्ना यादव, भुनेश्वर साहू,घासी साहू, मिथलेश दुबे, मयाराम साहू, आलोक मिश्रा, भाजयुमो जिला भाजपा उपाध्यक्ष कांता साहू, राजेश्वर धुर्व, सोहन साहू, भूखन धनकर, टीकम साहू, प्रिंस भाटिया मुख्य रूप से मौजूद रहे।

# विराट काव्य संध्या में हमारा प्यारा हिंदुस्तान साहित्य संस्था का आयोजन




डोंगरगांव (दावा)। हमारा प्यारा हिंदुस्तान साहित्य संस्था की छत्तीसगढ़ इकाई के तत्वावधान में पर्यावरण प्रदूषण के संदर्भ में विराट ऑनलाइन काव्य संध्या का आयोजन किया गया. यह कवि सम्मेलन वरिष्ठ कवि एवं साहित्यकार अशोक गोयल के मुख्य आतिथ्य तथा रमेश जैन राही के विशिष्ट आतिथ्य में सम्पन्न हुआ. एकता गुप्ता उन्नाव ने स्वागत गीत प्रस्तुत कर अतिथियों का स्वागत किया. पश्चात आमंत्रित कवि-कवयित्रियों में दिलीप कुमार शर्मा, ईश्वरचन्द जायसवाल, अशोक गोयल, रमेश जैन राही डोंगरगांव, अविनाश खरे पुणे, अर्चना जैन राजनांदगांव, डॉ.सरोज साव रायपुर, मीनू राजेश शर्मा रायपुर, सुमित्रा गुप्ता मुम्बई, कल्पना भदौरिया, ऋ तु पाण्डेय त्रिधा प्रयागराज, नवेद रजा दुर्गवी दुर्ग, बीना गोयल, विजय डांगे नागपुर, रियाज खान गौहर भिलाई, आयुष शाह, रमा बहेड़, राजेश शर्मा राजस्थान, सुश्री गीता उपाध्याय मंजरी, कमला सिंह, डॉ.पुष्पा जैन इंदौर, सुषमा श्रीवास्तव, छोटेलाल सिंह, रमेश यादव, डॉ.शशि जायसवाल प्रयागराज, शिखा पाण्डेय गोरखपुर, उमाकांत भारद्वाज आदि रचनाधर्मियों ने काव्यपाठ कर मंच को सुशोभित किया.

इस कवि सम्मेलन का रोचक संचालन शिवनाथ सिंह शिव, शुचिता नेगी शुचि तथा मिताली वर्मा ने किया. आभार प्रदर्शन संस्था के राष्ट्रीय संस्थापक निर्दोष जैन लक्ष्य ने अपने चिर परिचित अंदाज में चंद पंक्तियों के माध्यम से किया.

# दो दिवसीय कबड्डी प्रतियोगिता का रंगारंग समापन



डोंगरगढ़ (दावा)। ग्राम घूसेरा में आयोजित दो दिवसीय कबड्डी प्रतियोगिता का रंगारंग समापन हुआ। 8 एवम 9जून को आयोजित दो दिवसीय राजनांदगांव कबड्डी प्रीमियर लीग 2024 का आगाज 8जून को हुआ। जिसमें कुल 210 खिलाड़ी शामिल हुए।

30 ऑफिशल शामिल हुए। 2 दिनों तक लगातार कबड्डी का भव्य मुकाबला 14 टीमों के बीच चला। जिसमें फाइनल में पैंथर पुरुष वर्ग में प्रथम स्थान प्राप्त किया। जिसको ?25000 नगद एवं ट्रॉफी के साथ पुरस्कृत किया गया। द्वितीय स्थान पर डेंजरस वॉरियर्स एलबी नगर की टीम दूसरा स्थान पर रही। जिसके ओनर रामाधार ओझा थे जिनको द्वितीय पुरस्कार 15000 रुपए एवं ट्रॉफी पूरे टीम को प्राप्त हुआ। इसी प्रकार महिला वर्ग में प्रथम स्थान पर एसीबी क्वीन कला काश की टीम प्रथम स्थान पर प्राप्त कर?15000 एवं ट्रॉफी प्राप्त किया टीम के ओनर सुरेंद्र साहू ने पुरस्कार प्राप्त किया। इस प्रकार द्वितीय स्थान पर यूथ क्वींस डोंगरगढ़ की टीम रही जिसको द्वितीय पुरस्कार 10000 प्राप्त हुआ। 8 जून को शाम को पूरे खिलाड़ियों ने ग्राम में मार्च पास्ट निकाल कर गांव में एक खेल का अच्छा संदेश दिया। उद्घाटन अवसर पर मुख्य अतिथि क्षेत्रीय जनपद सदस्य और ब्लॉक कबड्डी संघ के संरक्षक रवि अग्रवाल थे साथ में मंडल अध्यक्ष जैन मेश्राम, सरपंच पीताम्बर सिन्हा, अंडी के सरपंच जसबीर चौहान, मक्काटोला के सरपंच हेमलाल वर्मा, देवेंद्र साहू,चंद्रेश्वर पटेल, रामगुलाल सिन्हा, जगन्नाथ मंडावी, अब्दुल कादर, उदय सिन्हा शैलेंद्र सिन्हा थे।समापन अवसर पर मुख्य अतिथि रामजी भारती पूर्व विधायक एवं प्रदेश महामंत्री थे साथ में प्रदेश कबड्डी संघ के अध्यक्ष अशोक चौधरी डॉक्टर बी.रघु, महेंद्र वैष्णव, राजू अरोरा सन्नी छाबड़ा थे।

**210 खिलाड़ियों ने अपने जौहर का प्रदर्शन किया**

### भविष्य में शासन स्तर पर प्रतियोगिता का आयोजन किया जाएगा - रामजी भारती

समापन कार्यक्रम के मुख्य अतिथि रामजी भारती ने कबड्डी के इस शानदार आयोजन के लिए सभी को बधाई दी और आने वाले समय में शासन से सहयोग से आयोजन करवाने की बात कही रवि अग्रवाल ने अच्छे खेल के लिए सभी को बधाई दी और कबड्डी खेल को बढ़ावा देने के लिए हरसंभव मदद की बात कही। इस आयोजन में कबड्डी संघ के जिला सचिव तुलसी मंडावी, हरीश साहू, मनोज साहू, अश्वनी, रऊफ खान सहित ग्रामीणजनों का सहयोग रहा।

# प्रधानमंत्री किसानों की बेहतरी के लिए काम कर रहे

**मोदी जी का पहला फैसला किसानों के हित में - अमित जैन**



डोंगरगढ़ (दावा)।भारतीय जनता पार्टी के अध्यक्ष अमित जैन ने देश के लगातार तीसरी बार प्रधानमंत्री बने नरेंद्र मोदी को बधाई देते हुए उन्हें किसानों का हितैषी बताया है उन्होंने एक विज्ञप्ति में बताया कि प्रधानमंत्री ने साबित कर दिया कि वे हमेशा किसानों की बेहतरी के लिए प्रयास करते हैं अपने तीसरे कार्यकाल में पहला फैसला प्रधानमंत्री जी ने किसानों के हित में लिया है। जिसमें साढ़े नौ करोड़ किसानों को बीस हजार करोड रुपए की सौगात प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी ने दी है यह अपने आप में एक मिसाल है आज प्रधानमंत्री ने अपने तीसरे कार्यकाल के पहले ही दिन किसानों के हित में फैसला लेकर यह जता दिया है कि वे किसानों की कितनी चिंता करते हैं उन्होंने पहले ही दिन किसानों के हित में फैसला लिया है। बाकी सब दल तो विगत 60 वर्षों से किसानों का शोषण करते आए हैं। और अब बड़ी-बड़ी बातें करते हैं। किंतु प्रधानमंत्री ने इसे कार्यरूप में परिणित कर यह साबित कर दिया है कि वे दिल से किसानों की चिंता करते हैं ।इसलिए बीस हजार करोड रुपए किसानों के खाते में डाले जा चुके हैं।यह मोदी जी का सबसे पहले फैसला रहा है। उन्होंने इसके लिए प्रदेश के मुखिया श्री साय को भी पत्र लिखकर बधाइयां प्रेषित की है।

## अपना घर होने का सपना हुआ साकार, रात में नींद नहीं होती बेकार

मोहला (दावा)। प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत श्रीमती लक्ष्मी सोनी, ग्राम पंचायत विजयपुर विकासखंड मोहला को प्रधानमंत्री आवास योजना अंतर्गत पक्का आवास की सौगात मिला है। प्रधानमंत्री आवास योजना की शुरुआत मिलने पर लक्ष्मी सोनी बताती हैं कि पहले जब कच्चे मकान में रहती थी तो बहुत सारी समस्याओं का सामना करना पड़ता था। लेकिन जब से आवास बना है, जीवन आसान हुआ है। उन्होंने बताया कि कच्चे मकान होने के चलते सबसे ज्यादा परेशानी बरसात के दिनों में होती थी, चैन से रात में सो भी नहीं पाते थे। अब पक्का मकान बन जाने से रात में नींद खराब नहीं होती है। बिना किसी चिंता के सुविधा युक्त मकान में परिवार के साथ चैन की नींद सोते हैं। इसके लिए उन्होंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री विष्णु देव साय को प्रधानमंत्री आवास योजना के लिए आभार व्यक्त किया है। उन्होंने कहा है कि हम जैसे गरीबों को अपना खुद का मकान बनाने में आर्थिक समस्या एक बड़ी बाधा थी। अब यह समस्या दूर हो गई है। प्रधानमंत्री आवास योजना के अंतर्गत पक्का आवास का सपना पूरा करने के लिए धन्यवाद ज्ञापित किया है। प्रधानमंत्री आवास योजना के साथ ही साथ श्रीमती सोनी को महतारी वंदन योजना, गैस सिलेंडर का भी लाभ मिला है। इस तरह से उनका सुखमय जीवन व्यतीत हो रहा है।

# विश्व हिंदू परिषद ने राष्ट्रपति के नाम सौंपा ज्ञापन

**जम्मू कश्मीर में हिंदू श्रद्धालुओं पर हुए हमले के संबंध में राष्ट्रपति के नाम ज्ञापन**



अंबागढ़ चौकी (दावा)। विश्व हिंदू परिषद छत्तीसगढ़ प्रांत जिला मोहला मानपुर अंबागढ़ चौकी ने 9 जून को जम्मू कश्मीर में हिंदू श्रद्धालुओं पर हुए हमले के संबंध में राष्ट्रपति के नाम कलेक्टर मोहला मानपुर अंबागढ़ चौकी को ज्ञापन सौंपा। अपने ज्ञापन में कहा कि जम्मू कश्मीर में वैष्णों देवी कटरा से शिव खोडी जाते समय 9 जून को हिन्दू श्रद्धालुओं की बस पर क्रुर पाकिस्तान घोषित इस्लामिक जेहादी आतंकवादियों द्वारा कायराना हमला किया गया। जिसमें 10 निर्दोष हिन्दू तीर्थयात्री मारे गए यह संपूर्ण देशवासियों को स्तब्ध करने वाली घटना है इस क्रूरतम दुष्कृत्य से पूरा देश आहत है और तीव्र आक्रोश में है।

जम्मू कश्मीर लंबे समय से पाकिस्तान पोषित आतंकवाद का दंश झेल रहा है, धारा 370 हटने के बाद एक आशा की ज्योति जगी है, लेकिन लगता है उग्रवादियों का मनोबल अभी कम नहीं हुआ है, हिंदुओं को चिन्हित करके उनकी हत्या की घटनाएं बढ़ी हैं इन सब के पीछे स्पष्ट रूप से पाकिस्तान का हाथ है। देश के नई सरकार के शपथ के समय इस प्रकार का दुस्साहसिक कृत्य करके इस्लामी आतंकवादियों ने देश के संप्रभुता को चुनौती दी है।

बजरंग दल इस कायराना कृत्य की तीव्र निंदा करते हुए कहा कि इस प्रकार की गतिविधियों पर पूर्ण नियंत्रण पाने के लिए निर्णायक और कठोर कदम उठाने का केंद्र सरकार को निर्देश दें तथा इस प्रकार के तत्वों को सरंक्षण देने वाले आंतरिक व विदेशी तत्वों का भी कठोरता से समुचित इलाज हो ऐसा केन्द्र सरकार से सुनिश्चित कराने का आग्रह करें।

# जुल्म एवं अन्याय को बर्दाश्त नहीं करेगा आदिवासी समाज - जगत सलामे



अंबागढ़ चौकी (दावा)। गोण्डवाना समाज के पूर्व संभागीय अध्यक्ष जगत सलामे ने कहा कि शांत एवं मेहनतकश आदिवासी समाज के ऊपर लगातार हो रहे जुल्म एवं अन्याय अब बर्दाश्त से बाहर हो गया है। उन्होंने कहा कि अपने श्रम के बदौलत सभी वर्गो का पालन पोषण करने वाले मूल निवासी आदिवासियों के ऊपर लगातार अन्याय एवं अत्याचार होना निश्चित रूप से गंभीर चिंता का विषय है। सलामे ने कहा कि अब हम आदिवासी अपने ऊपर निरंतर हो रहे अन्याय और अत्याचार को बर्दाश्त नहीं करेंगे। जगत सलामे ने कहा कि प्रकृति के हरी-भरी वादियों में स्थित मोहला-मानपुर-अंबागढ़ चैकी क्षेत्र की पहचान एक शांत मनोरम क्षेत्र के रूप में रहा है। लेकिन विगत कुछ समय से सीधे, सरल, शांति प्रिय आदिवासियों को झुठे एवं गलत तरीके से नक्सल मामले में फसाने के अलावा बाहरी एवं गैर आदिवासियों के द्वारा फर्जी एवं नियम विरुद्ध तरीके से उनके जमीन की रजिस्ट्री तथा उनके अधिकारों का हनन् एवं शोषण किया जा रहा है। इसके अलावा आदिवासियों के हितों के लिए आवाज उठाने वाले समाज प्रमुखों को भी झूठे केस में फँसाकर जेल में बंद किया जा रहा है। जिसके फलस्वरूप हमारे शांतिप्रिय क्षेत्र बस्तर एवं अन्य आदिवासी क्षेत्रों की तरह अशांत क्षेत्र होता जा रहा है। लेकिन हम आदिवासी अपने शांतिप्रिय क्षेत्र को अशांत क्षेत्र नहीं बनने देंगे। सलामे ने कहा कि अब पानी सिर के ऊपर से जा रहा है। हम आदिवासी संगठित होकर इसका मुँह तोड़ जवाब देंगे। चाहे इसके लिए कोई भी कीमत चुकाना पड़े। उन्होंने सभी स्वजातीय जनों से आदिवासियों के ऊपर लगातार हो रहे पुलिस प्रताड़ना के विरोध में 14 जून को गोण्डवाना भवन मानपुर में आयोजित जेल भरो आंदोलन में शामिल होकर उनके हितों पर अतिक्रमण करने वालों को मुँह तोड़ जवाब देने की अपील की है।

**स्वजातीय जनों से अपने ऊपर हो रहे अत्याचार का डटकर मुकाबला करने की अपील**

# प्राचार्य प्रकाश यादव पुनः माध्यमिक शिक्षा मंडल रायपुर के सदस्य मनोनीत किए गए



डोंगरगढ़ (दावा) ।सरस्वती शिशु मंदिर उच्चतर माध्यमिक विद्यालय डोंगरगढ़ के प्राचार्य प्रकाश यादव को छत्तीसगढ़ माध्यमिक शिक्षा मंडल रायपुर (बोर्ड) के सदस्य बनाए जाने पर सरस्वती शिशु मंदिर उच्चतर माध्यमिक विद्यालय डोंगरगढ़ परिवार ने श्री यादव को बधाई देते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना की है।

प्रेस को जारी विज्ञप्ति में कहा गया है कि यह पल सरस्वती शिशु मंदिर परिवार के लिए बहुत ही गौरव का क्षण है कि, विद्यालय के प्राचार्य प्रकाश यादव को माध्यमिक शिक्षा मंडल रायपुर छत्तीसगढ़ का सदस्य बनाया गया है।

श्री यादव की इस उपलब्धि पर पूरा विद्यालय परिवार ने उनके उज्जवल भविष्य की कामना की है एवं उनको बधाई शुभकामनाएं प्रेषित किए हैं। सरस्वती शिक्षा समिति के अध्यक्ष सुनील जैन, उपाध्यक्ष श्रीमती मीना गिरधर, सचिव नीलम चोपड़ा, सहसचिव सुशील जैन कोषाध्यक्ष प्रकाश गिरधर पूर्व अध्यक्ष प्रभाकर राव गिरधर नारायण लाल अग्रवाल, लक्ष्मी नारायण अग्रवाल, सुरेश सोनी, राजेंद्र जैन, महेंद्र अग्रवाल, गोपाल खेमूका, प्रधानाचार्य जागेश्वर निषाद, वरिष्ठ आचार्य सुरेश वैष्णव थैलेश साहू वीर सिंह यादव, धर्मेंद्र गोमस्ता, विनोद ताम्रकार, बोधन भारद्वाज, सुशील यादव, ज्योतिष यादव, देवी सिंह ठाकुर, उत्तम नागमोते ओम प्रकाश महोबिया, नरेश सिंहा, अमित शुक्ला, विशेष साहू, प्रदीप सिन्हा, सौरभ फूले, डीगेश साहू, गणेश वर्मा, श्रीमती कीर्ति दफेदार, एस. राव, स्मृति पांडे, रेवती वर्मा, झुंपा मंडल, त्रिवेणी मंडल, पल्लवी दीदी, रितु साहू कौशल्या वर्मा, प्रीति वाला वैष्णव, चंद्रिका यादव, माया वशिष्ठ ज्योति मार्वे, ज्योति शर्मा, प्रिया भारती, योगेश्वरी निषाद, योगिता नागोते, निशा नागमोते, ममता सोनवानी, कृष्ण निर्मलकर निलेश निषाद, अश्विनी निर्मलकर छवि साहू आदि शामिल है।

### 38 वर्षो से सेवारत है प्रकाश यादव

श्री यादव विगत 38 वर्षों से सरस्वती शिशु मंदिर डोंगरगढ़ में एवं 24 वर्षों से प्राचार्य के रूप में सरस्वती शिशु मंदिर डोंगरगढ़ में सेवारत है, साथ ही सरस्वती शिक्षा संस्थान के प्रांतीय परीक्षा समिति के सदस्य भी हैं एवं नई शिक्षा नीति-2020 सेकेंडरी स्टेज के प्रांत के संयोजक भी है। वे हाल ही में राष्ट्रीय बैठक रोहतक में भी शामिल हुए थे।

### पूर्व में बोर्ड के सदस्य रहते हुए उल्लेखनीय कार्य किया

श्री यादव पूर्व में भी बोर्ड के सदस्य रह चुके हैं। अपने पूर्व के कार्यकाल में उनके द्वारा राजनांदगांव जिले में अनेक परीक्षा केदो का निर्माण करवाया गया। जिसमें ढारा, मड़ियान, फकरूटोला, अंडी आसरा, बूचाटोला आदि शामिल है। इन परीक्षा केंद्र के निर्माण से विद्यार्थियों को परीक्षा देने में सुविधा प्राप्त हुई।

# घुमका में सर्वसुविधायुक्त पहला अंग्रेजी माध्यम स्कूल उद्घाटित




घुमका (दावा)। गुरुदेव शिक्षा एवं सेवा समिति राजनंदगांव से संबंध राजनांदगांव पब्लिक स्कूल का उद्घाटन घुमका में विगत दिवस उद्घाटित हुई हैं। आसपास के गांव के प्रमुख ग्राम घुमका में सर्वसुविधायुक्त यह पहला अंग्रेजी माध्यम स्कूल है। उद्घाटन कार्यक्रम के मुख्य अतिथि डोंगरगढ़ विधायक श्रीमती हर्षिता स्वामी बघेल थी। जबकि अध्यक्षता जिला पंचायत सदस्य व भाजपा के युवा नेता राजेश श्यामकर ने की। विशेष अतिथि के रूप में घुमका सरपंच श्रीमती फूलमती वर्मा और उच्चतर माध्यमिक विद्यालय दुमका के प्राचार्य प्रशांत बंजारे, सेक्रेटरी हैंरी जोसेफ, विद्यालय के अध्यक्ष कौशल साहू आदि उपस्थित थे। इस विद्यालय में पहली से पांचवी तक की कक्षाएं वर्ष 2024 - 25 के सत्र आरंभ होगी जिसके लिए प्रवेश प्रारंभ हो चुका है। विद्यालय में विद्यार्थियों को घर से लाने ले जाने बसों की भी सुविधा हैं। डिजिटल पढ़ाई विशाल खेल मैदान खेल सामग्रियां विभिन्न विषयों के शिक्षक आदि व्यवस्था इस विद्यालय में रखी गई है।

अंग्रेजी माध्यम विश्वविद्यालय के शुभारंभ अवसर पर विधायक श्रीमती बघेल ने शाला परिवार को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि इस तरह के सर्वसुविधायुक्त स्कूल शहरों में होते हैं। ग्रामीण क्षेत्र में सर्वसुविधायुक्त अंग्रेजी माध्यम स्कूल खोलने निश्चित रूप से विद्यार्थियों और उनके पालकों के लिए सौभाग्य की बात है। विद्यालय प्रबंधन और पालक मिलजुल कर प्रयास करें तो इस विद्यालय में शिक्षा का स्तर ऊंचा और भी कक्षाएं संचालित की जा सकती है। इसी प्रकार श्री श्यामकर ने भी शिक्षकीय अमले विद्यार्थियों एवं उनके अभिभावकों को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि मिलजुल कर इस विश्वविद्यालय के विकास में अपना-अपना योगदान दे देते रहे तो इस विद्यालय का नाम न सिर्फ घुमका क्षेत्र में अपितु जिले सहित प्रदेश में नाम रोशन हो सकता है। अपने जिला पंचायत क्षेत्र में इंग्लिश मीडियम स्कूल खुलने से वह बहुत खुश है क्योंकि इंग्लिश मीडियम बच्चों के लिएआज के समय में बहुत ही आवश्यक है। इसके लिए उन्होंने स्कूल प्रबंधन को बधाई व शुभकामनाएं दी है। इस संबंध में विद्यालय का प्रबंध का कार्य संभाल रहे सेक्रेटरी हैंरी जोसेफ ने बताया कि क्षेत्र के पलकों और विद्यार्थियों में इस विद्यालय के खुल जाने से गजब का उत्साह देखा जा रहा है। उन्हें पक्का विश्वास हो गया है कि प्रारंभिक पढ़ाई प्राथमिक स्तर से उनके बच्चे अंग्रेजी में प्रवीण होंगे तो आगे चलकर उन्हें देश दुनिया के और भी ज्ञान अर्जन में कोई दिक्कत नहीं होगी। आज का समय अंग्रेजी की मांग और जरूरत का है। हर कोई अपने बच्चों को अंग्रेजी में प्रवीण होते देखना चाहते हैं। विद्यालय के अध्यक्ष कौशल साहू ने सभी आगंतुकों का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि उनका सहयोग इस विश्वविद्यालय को सदा बना रहेगा तो विद्यालय विकास की नई ऊंचाइयों को जल्द ही स्पर्श कर सकता है। पालक और साला प्रबंधन मिलकर चलेंगे तो आगे की कक्षाएं भी जल्द ही शुरू हो सकेंगे। इस दौरान स्कूल के शिक्षक-शिक्षिकाएं, बच्चे, पालक सहित समस्त ग्रामवासी उपस्थित थे।

**पालक और शाला प्रबंधन मिलकर चलेंगे तो आगे की कक्षाएं भी जल्द ही शुरू हो सकेंगे**

# पहला कॉलम...

## सोने-चांदी के भाव गिरे

नई दिल्ली। सोने चांदी के वायदा कारोबार में आज नरमी देखी जा रही है। दोनों के वायदा भाव आज गिरावट के साथ खुले। खबर लिखे जाने के समय सोने के वायदा भाव 71,450 रुपये के करीब, जबकि चांदी के वायदा भाव 88,400 रुपये के करीब कारोबार कर रहे थे। अंतरराष्ट्रीय बाजार में सोने चांदी के वायदा भाव में भी गिरावट देखने को मिल रही है। सोने के वायदा भाव की शुरुआत आज गिरावट के साथ हुई। मल्टी कमोडिटी एक्सचेंज (एमसीएक्स) पर सोने का बेंचमार्क अगस्त कॉन्ट्रैक्ट आज 495 रुपये की गिरावट के साथ 71,475 रुपये के भाव पर खुला। खबर लिखे जाने के समय यह कॉन्ट्रैक्ट 520 रुपये की गिरावट के साथ 71,450 रुपये के भाव पर कारोबार कर रहा था। इस समय इसने 71,519 रुपये के भाव पर दिन का उच्च और 71,436 रुपये के भाव पर दिन का निचला स्तर छू लिया। सोने के वायदा भाव ने पिछले महीने 74,442 रुपये के भाव पर सर्वोच्च स्तर छू लिया था।

## इमरान खान को कोर्ट से मिली राहत

इस्लामाबाद। पाकिस्तान के पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान को एक और मामले में राहत मिली है। इस्लामाबाद की एक सत्र अदालत ने गुरुवार को पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ (पीटीआइ) के संस्थापक इमरान खान और पार्टी के वरिष्ठ नेता शाह महमूद कुरैशी को आजादी मार्च मामले में बरी कर दिया है।

इससे पहले इस्लामाबाद हाई कोर्ट ने इमरान खान को साइफर केस में बरी कर दिया था। उन्हें इस साल जनवरी में साइफर केस में 10 साल की सजा सुनाई गई थी। आजादी मार्च इमरान खान की ओर 25 मई 2022 को निकाला गया था। पुलिस ने लोगों को एकत्र होने से रोकने के लिए धारा 144 लागू किया था। मार्च में शामिल लोगों के खिलाफ पुलिस ने बल प्रयोग भी किया था।

मार्च के दौरान पुलिस और पीटीआइ नेता के बीच झड़प के बाद आंदोलन के लिए पीटीआइ के वरिष्ठ नेताओं और कार्यकर्ताओं के खिलाफ पुलिस ने 42 मामले दर्ज किए थे। पुलिस ने पाकिस्तान के पूर्व पीएम इमरान खान पर भी केस दर्ज किया था।

## भारत ने यूएई भेजा 8 टन अनानास

नई दिल्लीः भारत ने संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) के साथ अपने व्यापार का दायरा काफी बढ़ा दिया है। अब भारत ने फल निर्यात को बढ़ावा देने के लिहाज से यूएई के साथ नए तरीके से व्यापारिक गतिविधियों में तेजी लाना शुरू किया है। भारत ने फल निर्यात को बढ़ावा देने के मकसद से संयुक्त अरब अमीरात को उच्च गुणवत्ता वाले 8.7 टन अनानास की पहली खेप निर्यात की है। वाणिज्य मंत्रालय ने बृहस्पतिवार को यह जानकारी दी। माना जा रहा है कि इससे भारत और यूएई के रिश्तों में काफी मिठास आएगी। यह अनानास उच्च गुणवत्ता वाले और काफी मीठे हैं। यूएई भेजे गए अनानास की इस खेफ को एमडी2 किस्म का अनानास कहा जाता है। इसको च्गोल्डन रिपज् या च्सुपर स्वीटज् के नाम से भी पहचाना जाता है। यह अपनी असाधारण मिठास और गुणवत्ता के लिए प्रसिद्ध है। महाराष्ट्र के कोंकण क्षेत्र के सिंधुदुर्ग जिले में इसकी खेती की जाती है। वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालय के अंतर्गत कृषि एवं प्रसंस्कृत खाद्य उत्पाद निर्यात विकास प्राधिकरण (एपीडा) द्वारा इन खेपों को भेजा गया।

## जीएसटी परिषद की बैठक 22 को होगी

नई दिल्ली। वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण की अध्यक्षता में माल एवं सेवा कर परिषद की बैठक 22 जून को होगी। इसमें ऑनलाइन गेमिंग इंडस्ट्री पर 28 प्रतिशत टैक्स की समीक्षा की जा सकती है। जानकारों का कहना है कि ऑनलाइन गेमिंग इंडस्ट्री को भारी टैक्स से राहत दी जा सकती है। जीएसटी परिषद सचिवालय ने सोशल मीडिया मंच च्एक्सज् पर लिखा, च्जीएसटी परिषद की 53वीं बैठक 22 जून, 2024 को नयी दिल्ली में होगी।ज् परिषद की पिछली बैठक सात अक्टूबर, 2023 को हुई थी, जिसमें सभी राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों के वित्त मंत्री शामिल हुए थे। बैठक के एजेंडा की जानकारी अभी परिषद के सदस्यों को नहीं दी गई है। लोकसभा चुनाव के बाद यह परिषद की पहली बैठक होगी।

## एलन मस्क पर यौन उत्पीड़न समेत कई गंभीर आरोप

नई दिल्ली। टेस्ला के सीईओ एलन मस्क इस समय विवादों के घेरे में हैं। ताजा मामला अमेरिका के एक अखबार में छपी रिपोर्ट से जुड़ी हुई है जिसमें अरबपति कारोबारी पर यौन उत्पीड़न समेत खराब आचरण के गंभीर आरोप लगाए गए हैं। वॉल स्ट्रीट जर्नल में छपी यह रिपोर्ट कई इंटरव्यूज और दस्तावेजों के रिव्य डॉक्यूमेंट रिव्यूज पर आधारित है। इसमें मस्क के व्यवहार को लेकर बेहद नकारात्मक तस्वीर पेश की गई है और उनके खिलाफ 5 गंभीर आरोप लगाए गए हैं। इस रिपोर्ट में जानिए क्या हैं वो आरोप। इन सभी आरोपों को लेकर अभी तक एलन मस्क की ओर से प्रतिक्रिया नहीं आई है।

# टी-20 वर्ल्डकप- बांग्लादेश की नीदरलैंड पर लगातार तीसरी जीत-25 रन से हराया

### दोनों टीमों की उम्मीदें बाकी; शाकिब की फिफ्टी, रिशाद को 3 विकेट



स्पोर्ट्स डेस्क। बांग्लादेश ने टी-20 वर्ल्ड कप में नीदरलैंड पर लगातार तीसरी जीत हासिल की है। टीम ने गुरुवार को डच टीम को 25 रन से हराया। इस जीत से बांग्लादेश ने सुपर-8 की दावेदारी को मजबूत किया है, हालांकि नीदरलैंड अब भी रेस में है। हां, 2014 की चैंपियन श्रीलंका सुपर-8 की रेस से बाहर हो गई है।

किंग्सटाउन में नीदरलैंड ने टॉस जीतकर फील्डिंग करने का फैसला लिया है। बांग्लादेश ने 20 ओवर में 5 विकेट पर 159 रन बनाए। जवाब में नीदरलैंड की टीम 20 ओवर में 8 विकेट पर 134 रन ही बना सकी। रिशाद हुसैन इस जीत के हीरो रहे। उन्होंने 4 ओवर में 33 रन देकर 3 विकेट लिए। नीदरलैंड की ओर से साइब्रांड एंगेलब्रेक्ट ने सबसे ज्यादा 33 रन बनाए। विक्रमजीत सिंह ने 26 और कप्तान स्कॉट एडवर्ड्स ने 25 रन बनाए। बांग्लादेश की ओर से शाकिब अल हसन ने नाबाद 64 रन की अर्धशतकीय पारी खेली। उन्होंने 38 बॉल पर हाफ सेंचुरी जमाई। शाकिब ने 19 पारियों के बाद टी-20 इंटरनेशनल में फिफ्टी बनाई है। तंजीद हसन ने 35 और महमूदुल्लाह ने 25 रन बनाए। आर्यन दत्त और पॉल वान मीकरन ने 2-2 विकेट लिए।

#### मैच की आखिरी बॉल पर विकेट, बांग्लादेश 25 रन से जीता

पारी की आखिरी बॉल पर तस्कीन अहमद ने टिम प्रिंगल को बोल्ड कर दिया। इस विकेट के साथ ही बांग्लादेश ने नीदरलैंड पर 25 रन की जीत हासिल कर ली है।

# एक मोबाइल में दो SIM लगाने पर देने होंगे पैसे! सरकार के इस फैसले से डुअल सिम वालों की बढ़ेगी मुसीबत

नई दिल्ली। अगर आप बिना जरूरत के अपने मोबाइल फोन में दो सिम कार्ड इस्तेमाल कर रहे हैं, और उनमें से एक सिम को निष्क्रिय (डिएक्टिव) मोड में रखते हैं, तो आपको उस सिम कार्ड के लिए शुल्क देना पड़ सकता है। यह शुल्क एकमुश्त या सालाना आधार पर लिया जा सकता है। भारतीय दूरसंचार नियामक प्राधिकरण ने मोबाइल ऑपरेटरों के लिए एक योजना बनाई है, जिसके तहत वे मोबाइल फोन या लैंडलाइन नंबरों के लिए यह शुल्क ले सकते हैं। इस स्थिति में, मोबाइल ऑपरेटर यह शुल्क यूजर्स से वसूल सकते हैं।

#### टेलिकॉम कंपनियों से वसूला जा सकता है चार्ज

ट्राई के अनुसार, मोबाइल ऑपरेटर अपने यूजर्स को न खोने के लिए उन सिम कार्डों को बंद नहीं कर रहे हैं जो लंबे समय से सक्रिय नहीं हैं। जबकि नियमों के मुताबिक, यदि किसी सिम कार्ड को लंबे समय तक रिचार्ज नहीं कराया जाता है, तो उसे ब्लैकलिस्ट करने का प्रावधान है। इस स्थिति को देखते हुए, ट्राई ने मोबाइल ऑपरेटरों पर जुर्माना लगाने की योजना बनाई है। इसके परिणामस्वरूप, टेलिकॉम कंपनियां यह बोझ आम यूजर्स पर डाल सकती हैं।

#### क्यों वसूला जा रहा चार्ज?

ईटी की रिपोर्ट की मानें, तो दरअसल, देश में मोबाइल नंबरों की कमी की समस्या उत्पन्न हो रही है। ऐसा माना जा रहा है कि अधिकांश मोबाइल यूजर्स स्मार्टफोन में दो सिम कार्ड का इस्तेमाल करते हैं, जिसमें से एक सक्रिय (एक्टिव) मोड में रहता है जबकि दूसरा बहुत कम इस्तेमाल होता है या निष्क्रिय (इनएक्टिव) रहता है। इसके अलावा, कुछ यूजर्स एक से अधिक मोबाइल सिम कार्ड का उपयोग करते हैं। मोबाइल नंबरों पर शुल्क वसूलने का प्लान बनाया गया है।

#### लंबे समय से करोड़ों नंबर नहीं है एक्टिव

ट्राई के आंकड़ों के अनुसार, वर्तमान में भारत में 219.14 मिलियन से अधिक मोबाइल नंबर ब्लैकलिस्ट करने की श्रेणी में आते हैं, वे लंबे समय से सक्रिय नहीं हैं। यह कुल मोबाइल नंबरों का लगभग 19 प्रतिशत है, जो एक बड़ी समस्या है। सरकार के पास मोबाइल नंबर स्पेसिंग का अधिकार है और वही मोबाइल ऑपरेटरों को मोबाइल नंबर सीरीज जारी करती है। ट्राई का कहना है कि मोबाइल नंबर सीमित मात्रा में उपलब्ध हैं, इसलिए उनका सही तरीके से उपयोग होना चाहिए। बता दें कि कुवैत, नीदरलैंड, स्विट्जरलैंड, पोलैंड, नाइजीरिया, दक्षिण अफ्रीका, ऑस्ट्रेलिया, सिंगापुर, बेल्जियम, फिनलैंड, यूके, लिथुआनिया, ग्रीस, हांगकांग, बुल्गारिया, और डेनमार्क जैसे देश में मोबाइल नंबर के लिए टेलिकॉम कंपनियां शुल्क लेती हैं।

# निकोलस पूरन ने तोड़ दिया क्रिस गेल का रिकार्ड, लिखा नया इतिहास

नई दिल्ली। टी20 वर्ल्ड कप 2024 का 26वां मैच वेस्टइंडीज और न्यूजीलैंड के बीच खेला गया. वेस्टइंडीज ने यह मैच 13 रन से जीत लिया. जिसके बाद वेस्टइंडीज ने टी20 वर्ल्ड कप सुपर-8 के लिए क्वालीफाई कर लिया है. इस मैच में शेरफेन रदरफोर्ड प्लेयर ऑफ द मैच रहे, लेकिन निकोलस पूरन की चर्चा ज्यादा हो रही है. इसके पीछे वजह यह है कि निकोलस पूरन ने अपनी छोटी पारी खेलकर क्रिस गेल को एक रिकॉर्ड में पीछे छोड़ दिया है.



निकोलस पूरन ने टी20 वर्ल्ड कप 2024 के 26वें मैच में न्यूजीलैंड के खिलाफ छोटी पारी खेली. पूरन 12 गेंद खेलकर सिर्फ 17 रन बनाकर आउट हो गए. उनका विकेट टिम साउथी ने लिया. लेकिन ये 17 रन बनाकर निकोलस पूरन टी20 इंटरनेशनल मैचों में वेस्टइंडीज के लिए सबसे ज्यादा रन बनाने वाले खिलाड़ी बन गए हैं. इससे पहले क्रिस गेल इस लिस्ट में सबसे ऊपर थे. वेस्टइंडीज के लिए सबसे ज्यादा टी20 इंटरनेशनल रन बनाने वाले खिलाड़ी नकोलस पूरन- निकोलस पूरन ने अब तक टी20 इंटरनेशनल में 91 मैच खेले हैं.

# पीसीबी ने भारत के मैचों के लिए हाइब्रिड मॉडल किया खारिज

लाहौर। पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड (पीसीबी) ने आईसीसी चैंपियंस ट्रॉफी 2025 के लिए 19 फरवरी से शुरुआत करने का प्रस्ताव रखा है, जो पाकिस्तान में आयोजित की जाएगी। साथ ही उसने एशिया कप 2023 की तरह भारत के मैचों के लिए हाइब्रिड मॉडल पर विचार करने से इनकार कर दिया है।

पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड के प्रस्ताव के मुताबिक, आईसीसी चैंपियंस ट्रॉफी 2025 19 फरवरी से 9 मार्च 2025 तक आयोजित की जाएगी। सभी मैच तीन प्रमुख शहरों कराची, रावलपिंडी और लाहौर में खेले जाएंगे।

पीसीबी के सूत्रों के मुताबिक, इस आयोजन की व्यवस्थाओं का निरीक्षण करने के लिए पाकिस्तान आए अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) के अधिकारियों ने व्यवस्थाओं पर संतोष जताया है।



पीसीबी ने भारत के मैचों के लिए हाइब्रिड मॉडल को स्वीकार करने से इनकार कर दिया है। पीसीबी का कहना है कि सभी मैच पाकिस्तान में खेले जाने चाहिए।ये उम्मीद की जा सकती है कि इस मामले पर भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) का फैसला काफी विचार विमर्श के बाद आ सकता है।

पिछले एशिया कप 2023 के दौरान भारत के मैचों को श्रीलंका में ट्रांसफर कर दिया गया था। हालांकि, इस बार पाकिस्तान हाइब्रिड मॉडल के चयन के लिए तैयार नहीं है। पाकिस्तान चाहता है कि भारत समेत सभी मैच देश में ही खेले जाएं।पीसीबी के एक सूत्र ने कहा, हमने हाइब्रिड मॉडल नहीं चुना है। हालांकि, हमने यह सुविधा दी है कि भारत के मैच लाहौर में ही खेले जा सकते हैं। इस तरह, टीम को पाकिस्तान के शहरों में इधर-उधर जाने की ज़रूरत नहीं पड़ेगी और लाहौर में टीम की सुरक्षा अच्छी तरह से बनाए रखी जा सकेगी।

सूत्र के अनुसार, भारतीय क्रिकेट टीम पूरे टूर्नामेंट के दौरान लाहौर में रह सकती है। इससे सुरक्षा संबंधी कठिनाई कम हो जाएंगी और टीम को एक शहर से दूसरे शहर जाने की जरूरत नहीं पड़ेगी।

भारतीय टीम के लिए विशेष व्यवस्था मैचों में हिस्सा लेने के लिए आसान और ज्यादा सुविधाजनक विकल्प दे सकती है, क्योंकि ये मैच एक ही शहर में खेले जाएंगे।

पीसीबी सूत्र ने कहा, लाहौर से वाघा बॉर्डर का करीब होना भारतीय फैंस के लिए ज्यादा सुविधाजनक रहेगा।

# वेस्टइंडीज ने न्यूजीलैंड को हरा कर सुपर 8 में बनाई जगह

टरूबा (त्रिनिदाद)। शेरफेन रदरफोर्ड की नाबाद 68 रन की पारी और अल्जारी जोसेफ के चार विकेट की मदद से वेस्टइंडीज ने गुरुवार को न्यूजीलैंड को 13 रन से हराकर टी20 विश्व कप के सुपर आठ में जगह बना ली है।



धाकड़ ऑलराउंडर से सजी वेस्टइंडीज की टीम ने ग्रुप-सी में तीनों मैच जीते हैं और अब उसका सामना ग्रुप स्टेज के आखिरी मुकाबले में अफगानिस्तान से होगा। दूसरी ओर, न्यूजीलैंड लगातार दो हार के बाद टूर्नामेंट से बाहर होने की कगार पर है।

न्यूजीलैंड के कप्तान केन विलियमसन ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी चुनी। वेस्टइंडीज ने 20 ओवर में 9 विकेट के नुकसान पर 149 रन बनाए। जवाब में न्यूजीलैंड 20 ओवर में 9 विकेट खोकर 136 रन ही बना सकी। पहले बल्लेबाजी करते हुए वेस्टइंडीज की शुरुआत बेहद खराब रही। महज 30 रन के अंदर टीम ने अपने 5 विकेट खो दिए, लेकिन छठे नंबर पर बल्लेबाजी करने आए शेरफेन रदरफोर्ड ने पारी को संभाला और स्कोर 149 तक पहुंचाया। रदरफोर्ड ने नाबाद 68 रन बनाए।

उनके अलावा निकोलस पूरन ने 17, अकील होसैन ने 15, आंद्रे रसेल ने 14 और रोमारियो शेफर्ड ने 13 रन का योगदान दिया। न्यूजीलैंड के लिए ट्रेंट बोल्ट ने 3 विकेट झटके। टिम साउथी और लॉकी फर्ग्यूसन ने 2-2 विकेट लिए। जेम्स नीशम और मिचेल सेंटनर को 1-1 विकेट मिला।

150 रन के लक्ष्य का पीछा करने उतरी न्यूजीलैंड की शुरुआत भी खराब रही। हालांकि, फिन एलन ने एक छोड़ संभाले रखा लेकिन वो भी 26 रन बनाकर पवेलियन लौट गए। नंबर-6 पर बल्लेबाजी करने आए ग्लेन फिलिप्स ने न्यूजीलैंड के लिए

# वीमेंस कबड्डी लीग में सारण, सीवान, नालंदा और पटना ने दर्ज की जीत

पटना. राजधानी के पाटलिपुत्र स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स में खेली जा रही बिहार वीमेंस कबड्डी लीग में सारण स्ट्राइकर्स, पटना पेलिकंस, सीवान टाइटेंस, नालंदा निंजास ने जीत दर्ज की.

मंगलवार देर रात सारण स्ट्राइकर्स ने रोमांचक मुकाबले में सीतामढ़ी सेंटीनल्स को 28-16 से पराजित किया. छह रेड पॉइंट्स के साथ सारण स्ट्राइकर्स की शिवानी कुमारी बेस्ट रेडर रही. इसी टीम की अनुष्का कुमारी छह टैकल प्वाइंट्स ले कर बेस्ट डिफेंडर बनी. दूसरे मुकाबले में पटना पेलिकंस ने नालंदा निंजास को 32-15 के बड़े अंतर से शिकस्त दी. पटना पेलिकंस की गुनगुन चौहान सात रेड प्वाइंट लेकर बेस्ट रेडर बनी.



अंजलि भारती तीन टैकल प्वाइंट्स के साथ बेस्ट डिफेंडर घोषित हुई. सीवान टाइटेंस ने मगध वरियर्स को 36-27 से हराया. सीवान टाइटेंस की आशिका कुमारी बेस्ट रेडर और मणि कुमारी बेस्ट डिफेंडर घोषित हुई. वहीं, बुधवार सुबह खेले गये पहले मैच में नालंदा निंजास ने सारण स्ट्राइकर्स को 30-25 से शिकस्त दी. नालंदा निंजास की नैंसी प्रिया 11 रेड पॉइंट्स के साथ बेस्ट रेडर और इसी टीम की श्वेता स्वराज पांच टैकल प्वाइंट लेकर बेस्ट डिफेंडर बनी. दूसरे मैच में सीवान टाइटेंस ने सीतामढ़ी सेंटीनल्स पर 23-21 से जीत दर्ज की. सीतामढ़ी सेंटीनल्स की रजनी कुमारी बेस्ट रेडर और सीवान टाइटेंस की कोमल कुमारी बेस्ट डिफेंडर बनी.

***नीट यूजी 2024: ग्रेस ....***

साधों के इस्तेमाल के 63 मामले सामने आए, जिनमें 23 अभ्यर्थियों को परीक्षा से वंचित कर दिया गया और अनुचित साधों का इस्तेमाल करने वाले 40 उम्मीदवारों के परिणाम रोक दिए गए। उन्होंने कहा कि ग्रेस मार्क्स पाने वाले 1563 अभ्यर्थियों के भाग्य का फैसला जांच कमिटी की रिपोर्ट आने के बाद होगा।

***कुवैत में 45 भारतीयों के शवों की हुई...***

तथा सभी आवश्यक सहायता एवं समर्थन सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। विदेश राज्य मंत्री कीर्ति वर्धन सिंह ने जहरा अस्पताल का दौरा किया और वहां भर्ती छह भारतीयों से बातचीत की। उन्होंने भारतीय मरीजों को तेजी से ठीक होने के लिए प्रदान की गई अच्छी देखभाल की सराहना की।

मृतकों के परिवारों को वित्तीय सहायता देने के निर्देश जारी- भारतीय मिशन ने बताया कि सिंह ने कुवैती अधिकारियों द्वारा प्रदान की गई सुविधा के लिए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की ओर से उप प्रधानमंत्री और कुवैत के नेतृत्व का आभार व्यक्त किया। शेख फहद ने कहा कि कुवैत के अमीर शेख मेशाल अल-अहमद अल-जबर अल-सबा ने मृतकों के परिवारों को वित्तीय सहायता देने के निर्देश जारी किए हैं, हालांकि उन्होंने मुआवजे की राशि का उल्लेख नहीं किया।

इस बीच, कुवैत के सरकारी वकील ने घटना की जांच शुरू कर दी है। सरकारी वकील ने एक्स पर कहा कि जांच का उद्देश्य घटना के पीछे की परिस्थितियों और आग लगने के कारणों का पता लगाना है। आग कैसे लगी या किस वजह से लगी, इस बारे में कोई आधिकारिक जानकारी नहीं दी गई है। ग्राउंड फ्लोर से गैस लीक होना हो सकता है आग लगने का कारण- आग लगने के कारणों पर कुवैत सरकार ने आधिकारिक रूप से कुछ नहीं कहा है। हालांकि, स्थानीय मीडिया ने बताया कि इमारत के ग्राउंड फ्लोर से गैस लीक होना आग लगने का एक कारण हो सकता है।

ऐसे हुआ हादसा- कुवैत अग्निशमन विभाग के जांच प्रमुख कर्नल सईद अल-मौसवी ने कहा कि अपार्टमेंट और कमरों के बीच पार्टिशन के लिए ज्वलनशील पदार्थ का इस्तेमाल किया गया था, जिसके कारण काला धुआं उठा। कई पीड़ितों का सीढ़ियों से नीचे उतरने की कोशिश करते समय दम घुट गया, क्योंकि सीढ़ियों पर घना धुआं पसर गया था। उन्होंने कहा कि पीड़ित छत पर नहीं जा सके, क्योंकि दरवाजा बंद था।

***सौर ऊर्जा से रोशन होगा नया ..***

लागत से नवीन विधानसभा भवन का निर्माण किया जा रहा है। जिसके अंतर्गत नवीन विधानसभा भवन, विधायक विश्रामगृह एवं विधानसभा के अधिकारियों-कर्मचारियों के लिए आवास का निर्माण हो रहा है। लोक निर्माण विभाग के अधिकारियों ने बताया कि दिसम्बर 2024 तक सिविल कार्य और जून 2025 तक इंटीरियर से संबंधित कार्य पूर्ण कर लिए जायेंगे। नवीन विधानसभा भवन 200 विधायकों की क्षमता के हिसाब से निर्मित किया जा रहा है। यह भवन विधानसभा सचिवालय, 03 मीटिंग हॉल, कैंटीन, सेन्ट्रल हॉल, दर्शक दीर्घा, मीडिया लाऊंज, 1 सभागृह, आर्ट गैलरी, चिकित्सालय, बैंक और पोस्ट ऑफिस जैसी मूलभूत अत्याधुनिक सुविधाओं से लैस होगा। नवीन भवन में संसद भवन के तर्ज पर कैबिनेट मीटिंग हॉल का भी निर्माण किया जा रहा है। भवन को छत्तीसगढ़ की संस्कृति बस्तर आर्ट, जशपुर आर्ट के साथ ही कंटेम्पररी अर्बन आर्ट से भी सुसज्जित किया जायेगा।

मुख्य सचिव अमिताभ जैन, मुख्यमंत्री के सचिव पी. दयानंद, विधानसभा सचिव दिनेश शर्मा, लोक निर्माण विभाग के सचिव डॉ. कमलप्रीत सिंह, वित्त सचिव रजत बंसल, वन एवं पर्यावरण सचिव श्रीमती संगीता आर. सहित संबंधित अधिकारीगण उपस्थित थे।

## शेष प्रथम पेज

***नीट परीक्षा- कोई साठगांठ पायी...***

(अनुचित साधनों की रोकथाम) विधेयक को पारित किया है, जिसमें कई कड़े प्रावधान हैं। कांग्रेस इस ग़लतफ़हमी में न रहे कि कोई भी साठगांठ पायी जायेगी, तो उस पर कार्रवाई नहीं होगी। इस अधिनियम के प्रावधानों को बहुत बारीकी से अमल में लाया जायेगा। केंद्रीय शिक्षा मंत्री ने कहा, छात्रों के भविष्य पर राजनीति करना कांग्रेस की पुरानी आदत है।

राजनीतिक रोटियां सेकने के बजाय कांग्रेस को भारत के विकास में योगदान देना चाहिये।÷ उन्होंने कहा कि इस मुद्दे पर जिस तरह की राजनीति की जा रही है, वह केवल भ्रम फैलाने की कोशिश है और इससे विद्यार्थियों के मानसिक स्थिति पर असर पड़ता है। वर्तमान में नीट की काउंसिलिंग प्रक्रिया शुरू होने जा रही है और इसे राजनीति का विषय बनाना न केवल अनुचित है, बल्कि यह भावी पीढ़ी के साथ खिलवाड़ करने जैसा है। केंद्र सरकार का ध्यान हमेशा विद्यार्थियों का उज्ज्वल भविष्य सुनिश्चित करने पर है।

***कर्नाटक के पूर्व सीएम येदियुरप्पा...***

शिकायत दर्ज होने के महीनों बाद भी पुलिस ने कोई कार्रवाई नहीं की. सूत्रों के मुताबिक, कांग्रेस सरकार ने बीएस येदियुरप्पा के खिलाफ अब कानूनी कार्रवाई शुरू करने का फैसला किया है. मामले में अभियोजन पक्ष का प्रतिनिधित्व करने के लिए विशेष लोक अभियोजक अशोक एन. नायक को नियुक्त किया गया है.

***लोकसभा के बाद अब छत्तीसगढ़ ....***

तथा उसमें अनुसूचित जाति व अनुसूचित जनजाति की जनसंख्या के आंकड़ों को भी शामिल करने को कहा गया है। प्रत्येक वार्ड की औसत जनसंख्या, प्रत्येक वार्ड से सम्मिलित क्षेत्र, हिन्दी व अंग्रेजी में अंतिम अधिसूचना का प्रारूप, वार्ड की उत्तर, पूर्व, दक्षिण और पश्चिम सीमा, वार्ड का क्रमांक तथा नाम आदि शामिल होगा। वार्डो की सीमा निर्धारण संबंधी प्रारंभिक प्रकाशन, परिसीमन के संबंध में प्राप्त आपत्तियों व सुझावों का निराकरण तथा वार्ड विभाजन संबंधी अंतिम अधिसूचना के प्रारूप का भी समावेश परिसीमन संबंधी प्रस्ताव में शामिल करने के निर्देश दिए गए हैं।

***उद्धव ठाकरे की पार्टी 48 वोटों से हार पर...***

ट्रेनिंग ऑफिसर सबसे भ्रष्ट अफसर हैं. उनकी पूरी जानकारी मेरे पास है. हम जल्द ही कोर्ट जाएंगे. यह सब मुख्यमंत्री के दबाव में किया गया है. सीसीटीवी को गायब कर दिया गया है. इस का मतलब कुछ तो गड़बड़ है. अमोल कीर्तिकर को गड़बड़ी करके हराया गया है और कोर्ट जाने के बाद अमोल को विजेता घोषित किया जाएगा, यह हमें विश्वास है.

एक और उम्मीदवार ने लगाया पेंच- शिंदे की पार्टी के रवींद्र वायकर ने मुंबई उत्तर पश्चिम सीट पर सेना (यूबीटी) के अमोल कीर्तिकर को 48 वोटों से हराया था. पूरे देश में सबसे कम जीत का अंतर इसी सीट पर है. इस सीट पर हिंदू समाज पार्टी के उम्मीदवार भरत शाह की ओर से भी कई आरोप लगाए गए हैं और पुलिस के पास इस बात की शिकायत भी दर्ज करवाई गई है. भरत शाह ने कहा कि इस मामले में जिस दिन वोट की गिनती हो रही थी, उस दिन रवींद्र वाइकर के परिवार के लोग मतगणना केंद्र पर थे. फोन पर लगातार बात कर रहे थे और धांधली कर रहे थे. वोट गिनती सेंटर की आरओ मैडम को भी किसी का कॉल आया था. लग रहा था उनपर दबाव बनाया जा रहा है.

शिंदे गुट ने क्या कहा?- शिवसेना शिंदे गुट ने भी सेना पर निशाना साधते हुए कहा है कि यह सारे इल्जाम गलत हैं. यह सब बातें अपनी हार को छुपाने के लिए की जा रही हैं. संजय शिरस्त ने कहा कि आरओ पर दबाव बनाकर उससे गड़बड़ी करवाना संभव नहीं है. हमारे मुख्यमंत्री ने किसी को फोन नहीं किया है. यह सब गलत बात है. उद्धव गुट के नेता हार नहीं पचा पा रहे हैं.

***बाबा गुरूघासीदास ने दिखाया...***

कि किसी भी निर्दोष को सजा नहीं होगी। आप सभी ने शासन को धन्यवाद ज्ञापित करने के उद्देश्य से यह शांतिपूर्ण आयोजन किया था, जिसमें कुछ असामाजिक तत्वों के हस्तक्षेप से यह घटना घटी। चर्चा के दौरान उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा ने पवित्र अमरगुफा में जैतखाम को क्षति पहुंचाने की घटना के संबंध में शासन द्वारा अब तक की गई कार्यवाही की जानकारी दी। इस दौरान प्रगतिशील छत्तीसगढ़ सतनामी समाज के प्रदेश अध्यक्ष राजेन्द्र प्रसाद भतपहरी ने कहा कि हमारा समाज परम पूज्य बाबा गुरू घासीदास जी का अनुयायी है। हम सत्य, अहिंसा और सद्भाव को मानने वाले लोग है। हम मनखे-मनखे एक समान को मानते हैं। बलौदाबाजार जिले की इस घटना ने हम सभी को आहत किया है। हम सब चाहते हैं कि समाज में शांति स्थापित हो और हम अपनी सामाजिक जिम्मेदारी समझते हुए शासन के साथ मिलकर इस दिशा में काम करने के उत्सुक है।

इस दौरान उपमुख्यमंत्री अरूण साव, कैबिनेट मंत्री बृजमोहन अग्रवाल, दयालदास बघेल, टंकराम वर्मा, विधायक अजय चंद्राकर, पूर्व विधायक शिवरतन शर्मा, प्रगतिशील छत्तीसगढ़ सतनामी समाज के उपाध्यक्ष सरजु प्रसाद धृतलहरे, संरक्षक विनोद भारती, सतनामी कल्याण समिति, सतनामी सेवा समिति, सतनामी उत्थान समिति के जिला अध्यक्ष, कार्यकारिणी सदस्य सहित समाज के गणमान्य नागरिक मौजूद रहे।

# मजदूर की करंट लगने से मौत

दुर्ग (दावा)। जिले के भिलाई में बुधवार सुबह एक मजदूर की करंट लगने से मौत हो गई। पूर्व पार्षद जोहन सिन्हा के घर में मजदूर सेप्टिक टैंक निर्माण में काम कर रहा था। हादसे के बाद मजदूर को बीएम शाह हॉस्पिटल ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया गया। मामला छावनी थाना क्षेत्र का है।



जानकारी के मुताबिक, शास्त्री नगर में वार्ड क्रमांक 28 के पूर्व पार्षद जोहन सिन्हा के घर में सेप्टिक टैंक के गड्ढे का निर्माण चल रहा था। टैंक में पानी भरा हुआ था। वहां चंद्रमणि (35) पानी निकालने के लिए गड्ढे में उतरा। उसे यह पता नहीं था कि पानी में करंट दौड़ रही है। अचानक वो करंट की चपेट में आकर तड़पने लगा। आनन-फानन में बिजली सप्लाई को रोका गया। इसके बाद चंद्रमणि को बेहोशी की हालत में बाहर निकाला गया।

उसे तुरंत पास के निजी अस्पताल बीएम शाह ले जाया गया। वहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। मौत की खबर सुनते ही पूरे मोहल्ले में हड़कंप मच गया। इधर, मृतक के परिजन और पहचान वाले अस्पताल में सुबह से शाम तक हंगामा किया। परिजन मुआवजे की मांग पर डटे रहे। परिजनों का कहना है कि दो छोटे-छोटे बच्चे और पत्नी हैं। ऐसे में उनका भरण पोषण कैसे होगा। इसलिए जब तक उचित मुआवजा नहीं मिल जाता वे शव का पोस्टमॉर्टम नहीं कराएंगे और न ही अंतिम संस्कार करेंगे। पुलिस अधिकारियों और अतिरिक्त तहसीलदार ने समझाया तब जाकर वो लोग माने। हालांकि क्या मसझौता हुआ है यह पता नहीं चला है।

पूर्व पार्षद जोहन सिन्हा ने पुलिस को बताया कि, चंद्रमणि निजी ठेकेदार राम अवतार के अधीन काम करता था। बुधवार सुबह वह काम करने के लिए आया था।

सेप्टिक टैंक से पानी भरे होने के चलते पहले पानी को निकालने का काम किया जा रहा था। इसके लिए ठेकेदार ने स्वयं की मोटर लगाई थी। मोटर खराब हो जाने से उसने चंद्रमणि को पानी में उतरने के लिए कहा, लेकिन करंट सप्लाई को बंद नहीं किया।

इससे बिजली का करेंट पानी में फैल गया और चंद्रमणि उसकी चपेट में आ गया

# पटवारी की शिकायत को लेकर पहुंचे विधानसभा अध्यक्ष के पास



राजनांदगांव (दावा)। विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम जंगलेसर पटवारी को लेकर किसान परेशान होकर शिकायत योगेन्द्र दास वैष्णव महामंत्री जिला किसान कांग्रेस के पहुंचे योगेन्द्र दास वैष्णव ने राजनांदगांव विधायक एवं अध्यक्ष विधानसभा छत्तीसगढ़ डॉ. रमन सिंह निवास सौजन्य मुलाकात कर पटवारी सोनाली तायवाडे शिकायत को विस्तार रूप बताया फौती नामांतरण बाटाकन नक्शा सुधार अन्य कार्यों मोटी रकम लेते हैं तथा किसान पैसे देने असमर्थ होते तो काम नहीं करते तथा किसानों के रिकॉर्ड से छेड़छाड़ कर रिकॉर्ड में गड़बड़ी कर अवैध वसूली करते हैं।

डॉ. रमन सिंह गंभीरता सुनने के बाद तत्काल पटवारी को हटाने तथा उचित कार्रवाई निज सचिव आदेश किया साथ में कृतलाल पटेल उपसरपंच चुम्मन निषाद गिरधर निषाद सहित किसान रहे।

# तंगी की वजह से मां-बेटी ने फांसी लगाकर की आत्महत्या

धमतरी (दावा)। जिले के कोतवाली थाना क्षेत्र के अंतर्गत शिव चौक में मां बेटी ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। इस घटना से शहर में सनसनी फैल गई है। प्रारंभिक जांच में स्कूल से निकाले जाने पर आर्थिक तंगी की वजह से आत्महत्या करना सामने आया है। बहरहाल पुलिस घटना की विवेचना में जुट गई है।



बुधवार की देर रात कोतवाली पुलिस को महेश शर्मा ने सूचना दी कि शिव चौक में खुशबू शर्मा अपनी बेटी के साथ कमरे में बंद कर ली है। दरवाजा नहीं खोल रही है और मोबाइल भी बंद है। जब मौके पर पहुंचे दरवाजा तोड़कर अंदर देखा तो मां-बेटी फांसी के फंदे पर लटक रहे थे। पुलिस दोनों शव को उतारा कमरे को सील बंद कर गुरुवार की सुबह पंचनामा के लिए पहुंची।

महेश शर्मा ने पुलिस को बताया कि पति से विवाद के बाद उनकी साली खुशबू शर्मा 35 वर्ष अपनी बेटी अंतर शर्मा 13 वर्ष के साथ मायके में 10 वर्षों से रह रही थी। लगभग छह वर्ष पूर्व उसका तलाक हो गया था। वर्तमान में वह शहर के एक निजी स्कूल में टीचर थी।

10 दिन पहले उसे स्कूल से निकाल दिया गया था। तब से वह डिप्रेशन में रहा करती थी। खाना-पीना भी ठीक से नहीं खा रही थी। अंतरा आठवीं कक्षा पास करने के बाद नौवीं में पहुंची थी। मां-बेटी के एक साथ फांसी लगाकर आत्महत्या कर लेने की घटना का स्पष्ट कारण अब तक ज्ञात नहीं हो पाया है। बहरहाल इस घटना से लोग स्तब्ध हैं।

इस संबंध में कोतवाली थाना एएसआई विवेचक संतोषी नेताम ने बताया कि सूचना पर जब मौके पर पहुंचे तो देखा खुशबू शर्मा अपनी बेटी अंतर शर्मा के साथ फंदे पर लटकी हुई थी।

प्रारंभिक जांच में फांसी लगाकर आत्महत्या करना प्रतीत हुआ है। बाकी पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद स्पष्ट हो पाएगा। किसी प्रकार का सुसाइड नोट नहीं मिला है।

# शिवमहापुराण समिति के पदाधिकारियों ने कलश यात्रा के पूर्व निकाली जागरूकता रैली, शामिल होने किया अपील



गंडई पंडरिया (दावा)। नगर के वार्ड 06 कोपेभाठा के खुसरो मैदान गंडई में आगामी 18 जून से 24 जून तक अंतरराष्ट्रीय ख्याती प्राप्त पंडित प्रदीप मिश्रा द्वारा शिव महापुराण कथा भक्तों को दोपहर 2 बजे से शाम 5 बजे तक सुनाएंगे, इसके लिए पूर्व में 17 जून को टिकरीपारा वार्ड 14 स्थित प्राचीन शिव मंदिर से सुबह 8 बजे भव्य कलश यात्रा निकाली जाएगी, जिसके तैयारी को लेकर आयोजक समिति के पदाधिकारियों कार्यकर्ताओं ने 13 जून गुरुवार को लाउडस्पीकर के माध्यम से जगह-जगह लोगों को जागरूकता के लिए कलश यात्रा के दिन अपने घरों के सामने शीतल पेय जल ,शरबत सहित घरों के सामने रंगोली से सजाने महिलाओ को कलश यात्रा में पीले साड़ी में सम्मानित होने अपील करते हुए आमंत्रण दिया है। शिव महापुराण कथा में आप सभी सादर आमंत्रित हो, इसके लिए आग्रह भी किए है, इस दौरान आयोजक समिति उपस्थित रहे।

**17 जून को कलश यात्रा में शामिल होने एवं पेयजल और शरबत की व्यवस्था के लिए किया लोगों से आग्रह**

# व्यापमं के पीईटी और पीपीएचटी प्रवेश परीक्षा में विद्यार्थी की संख्या आधी रही

राजनांदगांव (दावा)। प्रदेश के इंजीनियरिंग एवं फार्मेसी महाविद्यालय में प्रवेश हेतु व्यापमं द्वारा जिले के 5 केन्द्रों में 13 जून गुरूवार को परीक्षा का आयोजन किया गया। शहर के दिग्विजय महाविद्यालय को उक्त प्रवेश परीक्षा का केन्द्र बनाया गया। गुरूवार की सुबह 9 बजे से 12.15 बजे तक पीईटी की परीक्षा 3 केन्द्रों दिग्विजय महाविद्यालय, कमला कालेज व शिवनाथ साईस कालेज में तथा पीपीएचटी की परीक्षा दोपहर 2 बजे से 5.15 बजे तक 5 केन्द्रों यथा-मल्टी पर्पस स्कूल बल्देवप्रसाद स्कूल के साथ तीनों शासकीय कालेजों में आयोजित रही।

परीक्षा के समन्वयक व दिग्विजय कालेज की प्रभारी प्राचार्य द्वारा बताया गया था कि पीईटी में जिले में 976 तथा पीपीएचटी में 1768 विद्यार्थी शामिल हो रहे है। दिग्विजय कालेज के रजिस्ट्रार व ब्रिफिंग सत्र में परीक्षा के सहायक

**दो सत्रों में सम्पन्न हुई व्यापमं की प्रवेश परीक्षा**

समन्वयक से मिली जानकारी के अनुसार समन्वयक केन्द्र दिग्विजय कालेज में पीपीएची की परीक्षा के लिए 400 विद्यार्थी बैठने थे लेकिन मात्र 166 विद्यार्थी ही परीक्षा में शामिल हुए, 234 विद्यार्थी अनुपस्थित रहे। इसी तरह कमला कालेज में 400 के स्थान पर 209 विद्यार्थी शामिल हुए। 191 की अनुपस्थिति रही। शिवनाथ साईस कालेज में 400 के स्थान पर कुल 237 विद्यार्थी शामिल हुए 163 की अनुपस्थिति रही। बल्देव प्रसाद मिश्र स्कूल में 268 विद्यार्थियों को परीक्षा में शामिल होना था। लेकिन मात्र 161 ही शामिल हो पाए वही 107 विद्यार्थियों की अनुपस्थिति रही। शासकीय मल्टीपर्प स्कूल में 300 विद्यार्थियों के स्थान पर केवल 165 विद्यार्थी ही परीक्षा में शामिल हुए 135 विद्यार्थी अनुपस्थित रहे।

वही पीईटी में दिग्विजय कालेज में 400 की जगह 170 विद्यार्थी, कमला कालेज में 400 की जगह 226 विद्यार्थी तथा शिवनाथ में 176 विद्यार्थी की जगह 122 विद्यार्थी परीक्षा में शामिल हुए। तीनों स्थान में 458 विद्यार्थी अनुपस्थित रहे है।

# प्रत्येक मंगलवार को कलेक्टर जनदर्शन

## सुनी जाएगी जनसामान्य की समस्याएं

मोहला (दावा)। जिला स्तर पर अब प्रत्येक मंगलवार को कलेक्टर जनदर्शन कार्यक्रम आयोजित किया जायेगा। कलेक्टर जनदर्शन कार्यक्रम के माध्यम से जिले के नागरिकगणों की समस्याएं सुनी जायेगी। कलेक्टर एस.जयवर्धन के साथ ही जिले के अन्य अधिकारीगण के द्वारा कलेक्टर जनदर्शन कार्यक्रम में उपस्थित होकर नागरिकगणों की समस्याओं को सुनने के साथ ही यथोचित निराकरण किया जायेगा। नागरिकगण दोपहर 1:00 बजे से उपस्थित होकर अपने समस्यों से संबंधित आवेदन प्रेषित कर सकते है।

# लुटेरों ने पिस्टल और चाकू दिखाकर कारोबारी से लूटे 27 लाख

रायपुर (दावा)। राजधानी रायपुर से लगे खरोरा तहसील में विष्णु शर्मा नाम के एक अनाज कारोबारी के दफ्तर में दो हथियारबंद लुटेरों ने दिनदहाड़े 27 लाख रूपए की लूट कर फरार हो गए। पुलिस के मुताबिक घटना बुधवार की दोपहर की बताई जा रही है जहां विष्णु शर्मा जो की किसानों के अनाज को राईस मिलरों को बेचने के एवज में कमीशन पर एक एजेंट के तौर पर काम करता है, जिसका दफ्तर खरोरा से एक किलोमीटर की दूरी पर ग्राम बुढ़ेरा में स्थित है।



घटना बुधवार की सुबह के लगभग 8 से 9 बजे के बीच की बताई जा रही है जहां प्रार्थी शर्मा अपने कार्यालय पहुंचा ही था, तभी उसके आने का इंतजार कर रहे शातिर लुटेरों ने पिस्टल और चाकू दिखा कर कारोबारी शर्मा के पास रखे पैसों से भरा बैग जिसमे 27 लाख रूपए होना प्रार्थी द्वारा बताया गया है को बन्दूक की नोक पर लूट कर बड़ी ही आसानी से फरार हो गए। हालाँकि पुलिस ने अभी तक मामले में कोई भी एफआईआर दर्ज नहीं की है।

सूत्रों के मुताबिक कथित लूट की वारदात को अंजाम देने वाले शातिरों का अब तक पुलिस को कोई भी सुराग नहीं मिल पाया है। बुधवार की सुबह से रायपुर पुलिस, क्राइम ब्रांच की टीम और खरोरा थाना पुलिस की टीम प्रार्थी की निशानदेही पर लुटेरों की तलाश में जुटी हुई है, लेकिन अब तक पुलिस के हाथों कोई भी सुराग नहीं सका है जिसके चलते पुलिस ने अब तक कोई भी एफआईआर दर्ज नहीं की है।

**शिकायत भी संदेह के घेरे में ली पुलिस**

हालांकि पुलिस लूट की सूचना देने वाले प्रार्थी अनाज कारोबारी विष्णु शर्मा की शिकायत को भी संदेह के घेरे में लेकर मामले की जांच कर रही है क्योंकि कथित पीड़ित शर्मा की शिकायत के बाद आरोपियों का जो हुलिया बताया गया था उसके मद्देनजर खंगाले गए आसपास के सीसीटीवी कैमरे में ऐसा न तो कोई शख्स नजर आया है और न ही पुलिस को कथित लुटेरों की बाइक की कोई खबर मिली है।

# व्यक्तित्व निर्माण हो या समाज निर्माण दोनों में संप्रेषण की अति महत्वपूर्ण भूमिका - विष्णु लोधी

बालोद (दावा)। प्रदेश के वन, जलवायु परिवर्तन एवं जल संसाधन मंत्री केदार कश्यप ने कहा कि देश को स्वाधीन कराने तथा राष्ट्र के नवनिर्माण में आदिवासी समाज की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण है। उन्होंने कहा कि स्वाधीनता संग्राम की लड़ाई में आदिवासी समाज के महापुरूषों ने महान देशभक्तों एवं क्रान्तिकारियों के साथ कंधे से कंधा मिलाकर देश को स्वाधीन कराने में अपनी बहुमूल्य भूमिका निभाई है। मंत्री श्री कश्यप आज बालोद जिले के डौण्डी लोहारा विकासखण्ड के ग्राम पिनकापार में अखिल भारतीय हल्बा हल्बी समाज द्वारा आयोजित 84वाँ स्थापना दिवस समारोह के अवसर पर अपना उद्गार व्यक्त कर रहे थे। वे कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित थे।

कार्यक्रम की अध्यक्षता अखिल भारतीय हल्बा हल्बी समाज के केन्द्रीय अध्यक्ष डॉ. देवेन्द्र महला ने किया। कार्यक्रम में विशेष अतिथि के रूप में क्षेत्रीय विधायक कुंवर सिंह निषाद, राज्य अनुसूचित जनजाति आयोग के पूर्व उपाध्यक्ष विकास मरकाम, जिला पंचायत सदस्य श्रीमती चंद्रप्रभा सुधाकर, अधिकारी कर्मचारी प्रकोष्ठ के अध्यक्ष आर.एस.नायक सहित अन्य अतिथिगण उपस्थित थे। श्री कश्यप ने कहा कि हमारे आदिवासी समाज के पास भगवान बिरसा मुंडा, गूंडाधुर, शहीद गैंद सिंह नायक एवं शहीद वीरनारायण सिंह जैसे अमर शहीदों एवं देशभक्तों की महान विरासत है। उन्होंने कहा कि इसी क्रम में देश की आजादी के लिए अमर शहीद गैंद सिंह नायक का बलिदान अनुपम एवं अद्वितीय है। इस अवसर पर उन्होंने शहीद गैंद सिंह सहित आदिवासी समाज के सभी अमर शहीदों को नमन करते हुए विनम्र श्रद्धांजलि दी। इस अवसर पर मंत्री श्री कश्यप ने मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय से चर्चा कर अमर शहीद वीरनायायण सिंह के नाम से राज्य स्तरीय पुरूस्कार प्रदान करने तथा नवा रायपुर में शहीद गैंद सिंह नायक का स्टेच्यू निर्माण करने के साथ-साथ नवा रायपुर में हल्बा सामाजिक भवन हेतु जमीन आबंटित करने के अलावा ग्राम पिनकापार में महाविद्यालय एवं ग्राम पिनकापार के प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र को सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र के रूप में उन्नयन कराने तथा पिनकापार में हल्बा सामाजिक भवन एवं मिनी स्टेडियम का निर्माण कराने का आश्वासन दिया। इस अवसर पर मंत्री श्री कश्यप ने कहा कि हमारा आदिवासी समाज हमारे महापुरूषों के मार्ग का अनुशरण कर निरंतर विभिन्न क्षेत्रों में प्रगति कर रहा है। इसी का परिणाम है कि आज राज्य के मुखिया के पद पर एक आदिवासी विराजमान होने के साथ-साथ देश के राष्ट्रपति जैसे सर्वोच्च पर पर भी आदिवासी समाज के व्यक्ति विराजमान है। उन्होंने कहा कि राज्य में विष्णुदेव साय के नेतृत्व में नई सरकार गठन होने के साथ ही राज्य में आदिवासी समाज के साथ-साथ समाज के सभी वर्गों के कल्याण हेतु तेजी से कार्य किया जा रहा है। श्री कश्यप ने कहा कि राज्य की नई सरकार ने सत्ता की बागडोर सम्हालने के कुछ ही महीने में हमारे घोषणा पत्र के अनुसार आधी मांग को पूरा कर लिया है। हमारी सरकार राज्य के चहुंमुखी विकास के लिए कृतसंकल्पित है। उन्होंने कहा कि आज के इस समारोह में शामिल होने के लिए मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय स्वयं ग्राम पिनकापार आने वाले थे लेकिन उड़ीसा राज्य के प्रवास में होने के कारण वे यहाँ नहीं आ पाये। इस कारण उन्होंने मुझे अपने प्रतिनिधि में रूप में इस कार्यक्रम में भजे हैं। इस अवसर पर उन्होंने समाज हित के लिए किये जा रहे हल्बा समाज के कार्यो की भी मुक्त कंठ से सराहना की। समारोह में मंत्री श्री कश्यप ने कक्षा दसवीं एवं बारहवीं की परीक्षा में उत्कृष्ट अंक अर्जित करने वाले समाज के होनहार विद्यार्थियों का भी सम्मान किया। इस अवसर पर उन्होंने समाज के विद्यार्थियों की उज्वल भविष्य की कामना करते हुए उन्हें हार्दिक बधाई एवं शुभकामना दी। श्री कश्यप ने समाज के लिए रक्तदान करने वाले रक्तदाताओं के कार्यो को भी अत्यंत महत्वपूर्ण बताते हुए उनके कार्यों की सराहना की। कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए डॉ. देवेन्द्र महला ने कार्यक्रम के उद्देश्यों पर विस्तार से प्रकाश डाला। इस अवसर पर क्षेत्रीय विधायक श्री कुंवर सिंह निषाद ने आदिवासी समाज के गौरवशाली विरासत पर प्रकाश डालते हुए आदिवासी समाज को अत्यंत वैभवशाली समाज बताया। ग्राम पंचायत पिनकापार के संरपंच ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए अपने ग्राम पंचायत के समस्याओं की ओर मुख्य अतिथि का ध्यान आकर्षित कराया। कार्यक्रम में जनप्रतिनिधि एवं अधिकारी कर्मचारियों के अलावा विशाल संख्या में हब्ला समाज के लोग उपस्थित थे।



**स्वाधीनता संग्राम तथा देश के नवनिर्माण में आदिवासी समाज की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण - मंत्री कश्यप**

# ग्रामीण स्वास्थ्य सेवा समिति से जोड़ने सदस्यता अभियान




राजनांदगांव (दावा)। छत्तीसगढ़ शासन से पंजीकृत संस्था ग्रामीण स्वास्थ्य सेवा समिति अपने स्थापना के 15वे वर्ष में भी सदस्यता अभियान चलाने जा रही है। संस्था का उद्देश्य समिति के सदस्यों को संगठित करना उन्हें जागृत करना जन जागरण के लिए प्रेरित करना जनहित से जुड़े स्वास्थ्य संबंधी कल्याणकारी कार्यक्रमों के लिए प्रेरित करना समिति के सदस्यों में समन्वय स्थापित करने के लिए प्रेरित करना सदस्यों को स्वास्थ्य समाज के निर्माण करने के लिए जागरूक करना सदस्यों को शासन की योजनाओं को जन-जन तक पहुंच कर लाभान्वित करना एवं प्रोत्साहन देना सम्मिलित है।

उल्लेखनीय है कि संस्था का प्रशासनिक कार्यालय ममता नगर गली नंबर 5 में एवं मुख्य कार्यालय प्रोफेसर कॉलोनी रायपुर में है। यह संस्था स्वास्थ्य के क्षेत्र में केंद्रित होकर कार्य करती है जैसा कि समिति नाम से स्पष्ट है कि यह ग्रामीण क्षेत्र में स्वास्थ्य सेवा के लिए निरंतर प्रयासरत है। नियुक्त किए गए सदस्यों की जिम्मेदारी होगी कि पीड़ित मरीज का आवश्यक प्रथमो उपचार कर निकटतम स्वास्थ्य केन्द्रों तक पीड़ित मरीजों को पहुंचाएं। प्रत्येक विकासखंड में वृहत प्रशिक्षण शिविर का आयोजन करना शासकीय अर्ध शासकीय चिकित्सकों को बुलाकर मरीजों को स्वास्थ्य लाभ दिलाने का प्रयास समिति द्वारा किया जाएगा। इच्छुक व्यक्ति इस संबंध में प्रशासनिक कार्यालय एवं मुख्य कार्यालय में संपर्क कर विस्तृत जानकारी प्राप्त कर सकते हैं।

**जरूरतमंद पात्र लोगों को शासकीय योजनाओं का लाभ दिलाना समिति का उद्देश्य**

# कलेक्टर ने बोर्ड परीक्षा में जिले में अव्वल रहे विद्यार्थियों का किया सम्मान

मोहला (दावा)। कलेक्टर एस.जयवर्धन ने आज जिला कार्यालय के सभाकक्ष में कक्षा 10वीं व 12वीं बोर्ड की परीक्षा में प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान पर रहे छात्र-छात्राओं को प्रशस्ति पत्र एवं मैडल भेंट कर उनके परिवारजनों की मौजूदगी में सम्मानित किया।

कलेक्टर ने प्रतिभावान विद्यार्थियों को शुभकामनाएं देते हुए उनके उज्वल भविष्य की कामना की है। 12वीं बोर्ड की परीक्षा में प्रथम स्थान पर रहे कुमारी वैजन्ति, कन्या शिक्षा परिसर अंबागढ़ चौकी एवं कुमारी आराधना निषाद, सेजेस हिंदी मीडियम स्कूल अंबागढ़ चौकी को क्रमशः 92.20 प्रतिशत प्राप्तकर जिले में संयुक्त रूप से प्रथम स्थान पर रहने पर उन्हें सम्मानित किया गया। इसी प्रकार कुमारी राधिका कन्या शिक्षा परिसर अंबागढ़ चौकी को 91.20 प्रतिशत के साथ द्वितीय स्थान के लिए एवं कुमारी लोमेश्वरी, कन्या शिक्षा परिसर अंबागढ़ चौकी को 91 प्रतिशत के साथ तृतीय स्थान प्राप्त करने के लिए सम्मानित किया गया।

इसी प्रकार कक्षा दसवीं बोर्ड की परीक्षा में 93.50 प्रतिशत के साथ प्रथम स्थान के लिए तेजस्वी सिन्हा, शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय गोटाटोला को सम्मानित किया गया।

# पुलिस के हत्थे चढ़ा अंतर्राज्यीय चोर गिरोह, लाखों की चोरी का हुआ खुलासा

डोंगरगढ़ (दावा)। पुलिस को अंतर्राज्यीय चोर गिरोह को पकड़ने में सफलता प्राप्त हुई है। डोंगरगढ़ थाना प्रभारी सी.आर. चंद्रा ने बताया कि इस उनके थाना क्षेत्र में हुई चोरी की घटना के संबंध में प्रार्थी राधेश्याम सूर्यवंशी पिता स्व. पुनाराम सुर्यवंशी उम्र- 43 साल निवासी कलकसा ने 18 अप्रेल 2024 को रिपोर्ट दर्ज कराया था कि 17 अप्रेल 2024 को दिन में कोई अज्ञात चोर द्वारा घर का ताला का कुंडा तोड़कर घर के अंदर घुसकर सोना चांदी के जेवरात एवं नगदी रकम सहित कुल 70 हजार रू. को चोरी कर ले गया है। प्रार्थी की रिपोर्ट पर धारा- 454, 380 भादवि. का अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया था।

इसी तरह प्रार्थिया संगीता करसे पति अजय करसे उम्र- 47 साल निवासी इंदिरा नगर डोंगरगढ़ ने 28 मई 2024 को रिपोर्ट दर्ज करायी थी कि 27 मई 2024 के रात्रि करीबन 1 बजे के आसपास कोई अज्ञात चोर घर के दरवाजा का ताला तोड़कर घर के आलमारी में रखे नगदी रकम एवं सोने चांदी के जेवरात जुमला- 29 हजार रू. को चोरी कर ले गया है। इस रिपोर्ट पर भी धारा- 457, 380 भादवि. का अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया था।




उपरोक्त घटनाक्रम के संबंध में अज्ञात आरोपी के पता तलाश एवं विवेचना हेतु तकनीकी एवं अन्य साक्ष्य के आधार पर व सायबर सेल राजनांदगांव की मदद से संदेही गोपाल देवांगन उर्फ चोरू उर्फ डिस्कवर एवं विक्की सोलंकी को हिरासत में लेकर कड़ाई से पूछताछ किए जाने पर खुलासा हुआ कि गोपाल देवांगन उसकी पत्नि लिली देवांगन एवं विक्की सोलंकी तीनों मिलकर योजना बनाकर रेलवे स्टेशन व अन्य जगहों में रूककर रेकी करके चोरी की घटना को अंजाम देते थे। उन्होंने 17 अप्रेल 2024 को ग्राम कलकसा में जाकर एक सूने मकान में चोरी करना बताया एवं 27 मई 2024 को रात्रि में इंदिरा नगर डोंगरगढ़ में चोरी करना स्वीकार किया। आरोपीगण से चोरी के सामान एक सोने का टाप्स एवं मंगल सूत्र, चांदी का करधन एवं पायल व एक मोटर सायकल को जप्त किया गया है।

**योजना बनाकर, रेकी करके चोरी कार्य को देते थे अंजाम**

श्री चंद्रा ने बताया कि आरोपियों द्वारा मोहारा क्षेत्र, तुमड़ीबोड़ क्षेत्र, सुकुलदैहान क्षेत्र, थाना ठेलकाडीह क्षेत्र एवं गोंदिया महाराष्ट्र के आमगांव तिरोड़ा क्षेत्र के सुने घरों में चोरी करना स्वीकार किया गया हैं। चोरी में मिले सामान एवं ग्राम कलकसा में मिले सोना चांदी के जेवरात को अपने परिजन को बेचने हेतु दिया जाना बताया। चोरी के जेवरात रखे आरोपियों के परिजनों का डोंगरगढ़ पुलिस एवं सायबर सेल द्वारा पता तलाश किया जा रहा है मिलने पर वैधानिक कार्यवाही की जावेगी। आरोपी गोपाल देवांगन उर्फ चोरू उर्फ डिस्कवर पिता दुजेराम उम्र- 32 वर्ष निवासी जरवाय थाना भिलाई, 3 जिला दुर्ग। हाल मुकाम- बुच्चीबोरी थाना बुच्चीबोरी जिला नागपुर एवं विक्की सोलंकी पिता नत्थु उम्र- 25 साल निवासी बुच्चीबोरी थाना बुच्चीबोरी जिला नागपुर, हाल मुकाम कालकापारा के विरूद्ध दोनों प्रकरणों धारा- 120-बी भादवि. का धारा जोड़कर तथा उन्हें गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया गया। जहां से उन्हें जेल भेज दिया गया है।

# कस्टम मिलिंग घोटाला केस में ईडी ने राजनांदगांव के राइस मिलर के घर मारा छापा



राजनांदगांव(दावा)। प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने कस्टम मिलिंग की प्रोत्साहन राशि में घोटाले को लेकर शहर के अनुपम नगर स्थित टिल्लू अग्रवाल के घर पर छापा मारा है। वे राइस मिल एसोसिएशन के कोषाध्यक्ष हैं और उनकी मिल छुरिया में है।

प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने कस्टम मिलिंग की प्रोत्साहन राशि में घोटाले को लेकर शहर के अनुपम नगर स्थित टिल्लू अग्रवाल के घर पर छापा मारा है। लगभग छह अधिकारियों का दल मिलर के घर पर सुबह छह बजे से जांच में जुटी है। एक सप्ताह के भीतर ईडी की यह दूसरी रेड है। बताया जा रहा है कि वर्ष 2021-22 में कस्टम मिलिंग की प्रोत्साहन राशि के एवज में मिलर्स से प्रति क्विंटल 20 रुपये की जो वसूली की गई थी, उसमें टिल्लू भी शामिल था। वहीं से एकत्र राशि नागरिक आपूर्ति निगम के तत्कालीन एमडी मनोज सोनी तक पहुंचाई गई थी। इस मामले में तत्कालीन मुख्यमंत्री भूपेश बघेल का भी नाम है। इसकी जांच ईडी के साथ ही एसीबी भी कर रही है। इसके पहले जिला राईस मिल एसोसिएशन के अध्यक्ष मनोज अग्रवाल के डोंगरगढ़ स्थित निवास पर ईडी ने आठ व नौ जून को दबिश देकर दस्तावेजों की जांच की थी। वहां से दस्तावेजों की दो पाटली जब्त कर रायपुर ले जाया गया था। हालांकि जांच में क्या मिला, इसकी जानकारी आधिकारिक तौर पर नहीं दी गई।

# आबकारी विभाग ने अवैध मदिरा परिवहन करते हुए 8.100 बल्क लीटर मदिरा जप्त

राजनांदगांव (दावा)। कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी संजय अग्रवाल के निर्देशानुसार जिले में अवैध शराब विक्रेताओं, भण्डारण व अवैध रूप से मदिरापान कराने वालों एवं परिवहनकर्ताओं के विरूद्ध धरपकड़ अभियान तहत लगातार कार्रवाई की जा रही है। सहायक आयुक्त आबकारी यदुनंदन राठौर ने बताया कि आबकारी विभाग द्वारा टीपनगढ़ से धोबाटोला मार्ग में ग्राम सागर थाना गैंदाटोला दिनेश कुमार पटेल के कब्जे से 45 नग पाव देशी दारू संत्री महाराष्ट्र कुल मात्रा 8.100 बल्क लीटर अवैध रूप से दो पहिया वाहन प्लेटिना क्रं. सीजी-08 एयू 8286 पर परिवहन करते हुए जप्त किया गया। आरोपी को धारा 34 (2) आबकारी अधिनियम के तहत दण्डनीय अजमानतीय अपराध में गिरफ्तार कर न्यायिक अभिरक्षा में जेल दाखिल किया गया। कार्रवाई में आबकारी उप निरीक्षक श्रीमती नेहा सिंह एवं स्टाफ निजाम शाह ठाकुर, नागेश निषाद, अनिल सिन्हा शामिल थे। कलेक्टर ने सभी वृत्त प्रभारियों को वृत्त क्षेत्र में लगातार गश्त करने तथा अवैध मदिरा विक्रय के विरूद्ध प्रभावी कार्रवाई करने के निर्देश दिए हैं। सहायक आयुक्त आबकारी ने बताया कि जिले में अवैध मदिरा विक्रेताओं, भण्डारण एवं परिवहन करने वालों पर लगातार कार्रवाई जारी रहेगी। अवैध मदिरा विक्रय के रोकथाम के लिए होटलों, ढाबों एवं मदिरा दुकानों का लगातार निरीक्षण किया जा रहा है।

# व्यायाम शिक्षकों ने राजनांदगांव को पुनः खेल जोन का दर्जा दिलवाने की मांग रखी

## पूर्व सांसद मधु ने खेल प्रतिभाओं के सर्वांगीण विकास हेतु सकारात्मक पहल का दिया आश्वासन



राजनांदगॉव (दावा)। जिले के व्यायाम शिक्षकों के एक प्रतिनिधिमंडल ने पूर्व सांसद एवं प्रदेश भाजपा उपाध्यक्ष मधुसूदन यादव से उनके मोतीपुर स्थित निज निवास में मुलाकात की।

व्यायाम शिक्षकों के इस प्रतिनिधिमंडल में मुख्य रूप से श्रीमती उषा चैटर्जी जिला खेल अधिकारी राजनांदगॉव, शैलेन्द्र तिवारी (शंकरपुर स्कूल), अनुराज श्रीवास्तव (सिंघोला स्कूल), भानुप्रताप सिंह (तिलई स्कूल), उमेश वैष्णव (बोरी स्कूल), संतोष देशमुख (धामनसरा स्कूल), विनीत रंजन (खैरझिटी स्कूल), अजय रामटेके ( शासकीय कन्या क्रिड़ा परिसर चौकी) एवं चन्द्रेश साहू (सुन्दरा स्कूल) उपस्थित रहे। इस प्रतिनिधिमंडल ने पूर्व सांसद को अवगत कराया है कि सन् 2019 तक राजनांदगॉव को खेल जोन का दर्जा प्राप्त था, किन्तु प्रदेश में सत्ता परिवर्तन के बाद कांग्रेस शासन में राजनांदगॉव खेल जोन को दुर्ग खेल जोन में संविलियन कर दिया गया था। इसके परिणामतः राजनांदगॉव जिले की खेल प्रतिभाओं को तभी से अपनी प्रतिभा के प्रदर्शन का पर्याप्त सुअवसर प्राप्त नहीं हो पा रहा है। जिले की खेल प्रतिभाओं के हित में इस समस्या के समाधान हेतु व्यायाम शिक्षकों ने भाजपा नेता मधुसूदन से इस विषय में शासन प्रशासन का ध्यानाकर्षण करते हुए उचित समाधान की मांग की है। उनके द्वारा राजनांदगॉव को पुनः खेल जोन के रूप में दर्जा दिलवाने और इस जोन अंतर्गत आसपास के चार जिला क्रमशः राजनांदगॉव, मोहला-मानपुर-चौकी, खैरागढ़-छुईखदान-गण्डई एवं बालोद जिला को शामिल कर खेल गतिविधियॉ संचालित किये जाने की मांग की है।

पूर्व सांसद मधुसूदन यादव ने व्यायाम शिक्षकों को आश्वस्त किया है कि क्षेत्र की खेल प्रतिभाओं के सर्वांगीण विकास हेतु उनकी इस मांग को शासन प्रशासन तक पहुँचाकर, यथाशीघ्र इस दिशा में सकारात्मक पहल की जायेगी।

# सांसद पाण्डेय का भाजपा कार्यालय में भव्य स्वागत



राजनांदगांव (दावा)। भारतीय जनता पार्टी से सांसद निर्वाचित होने के पश्चात् आज दिल्ली से लौटने पर सांसद संतोष पाण्डेय का एयरपोर्ट पर अद्भूत स्वागत हुआ, उसके बाद वे आभार यात्रा के लिये रवाना हुये।

इस दौरान वे कुछ समय के लिये जिला भारतीय जनता पार्टी के जी.ई.रोड स्थित कार्यालय भी पहुंचे जहां पार्टी कार्यकर्ताओं ने उनका आत्मीय व जोशीला स्वागत किया। भाजपा मीडिया सेल द्वारा दी गई जानकारी के अनुसार श्री पाण्डेय ने अपनी जीत को कार्यकर्ताओं के अथक परिश्रम का परिणाम है। उन्होनें राजनांदगांव की जनता का हृदय से आभार व्यक्त करते हुये कहा कि राजनांदगांव शहर व ग्रामीण के लोगों ने उन्हे ऐतिहासिक लीड दी है, जो उन्हे जनता के प्रति समर्पित होकर कार्य करने की प्रेरणा देता रहेगा।

इस दौरान प्रमुख रूप से त्रिगुण टॉक, योगेशदत्त मिश्रा, राजेन्द्र जैन, अरूण शुक्ला, बंटी भाटिया, मुकेश बघेल, राजेश गुप्ता अग्रहरि, दिनेश गुप्ता, गोलू सूर्यवंशी, प्रदीप आचार्य, नादान सेन सहित बड़ी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित थे।

# कलेक्टर ने स्कूल बसों एवं ऑटो में क्षमता से अधिक बच्चे बैठाने पर सख्त कार्रवाई करने दिए निर्देश

- सड़क दुर्घटना के चिन्हांकित ब्लैक स्पॉट में आवश्यक सुधारात्मक कार्रवाई करें - कलेक्टर
- सड़क किनारे लगे पेड़ों में रेडियम लगाने के दिए निर्देश



राजनांदगांव (दावा)। कलेक्टर संजय अग्रवाल ने आज कलेक्टोरेट सभाकक्ष में जिला सड़क सुरक्षा समिति की बैठक ली। इस दौरान पुलिस अधीक्षक श्री मोहित गर्ग उपस्थित थे। कलेक्टर श्री संजय अग्रवाल ने जिले में ब्लैक स्पाट का चिन्हांकन करने कहा। उन्होंने कहा कि ऐसे स्थानों में सुधारात्मक कार्रवाई कर सड़क दुर्घटनाओ में कमी लाई जा सकता है। उन्होंने जिले में चिन्हांकित ब्लैक स्पॉट की जानकारी और वहां शीघ्र सुधारात्मक कार्य करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि सड़क किनारे लगे पेड़ों में रेडियम लगाया जाए, जिससे दुर्घटनाओं से बचा जा सकता है। उन्होंने कहा कि जिले में सड़क किनारे अतिक्रमण होने के कारण दुर्घटनाओं की आशंका अधिक हो जाती है।

इसे हटाने के लिए राजस्व, पुलिस विभाग एवं नगर निगम के अधिकारी टीम बनाकर अतिक्रमण हटाने की संयुक्त कार्रवाई करें। जिससे सड़क दुर्घटना को कम किया जा सकता है। उन्होंने कहा कि समिति सड़क दुर्घटना के कारणों की जांच कर प्रतिवेदन प्रस्तुत करें ताकि उन दुर्घटना के कारणों को दूर किया जा सके। उन्होंने कहा कि ऐसे स्थानों का चिन्हांकन करें जिन स्थानों में अधिक संख्या में मवेशी सड़क पर बैठते हैं। ऐसे स्थानों के आस-पास के लोगों को जागरूक करने कहा। जिससे मवेशी सड़क पर न बैठे। इसके लिए अभियान चलाकर लोगों को जागरूक करने कहा। कलेक्टर श्री अग्रवाल ने दुपहिया वाहन चलाते समय अनिवार्य रूप से हेलमेट का उपयोग करने के लिए जागरूकता कार्यक्रम आयोजित करने कहा। बिना हेलमेट पहने दुपहिया वाहन चलाने वालों पर चालानी कार्रवाई करने के निर्देश दिए। उन्होंने अधिकारियों को हेलमेट का उपयोग, सीटबेल्ट का उपयोग और क्षमता के अनुरूप सवारी के साथ वाहन चलाने के लिए लोगों को जागरूक करने कहा। उन्होंने नाबालिक बच्चों को गाड़ी नहीं देने के लिए अभिभावकों को जागरूक करने कहा। कलेक्टर संजय अग्रवाल ने कहा कि जिले में स्कूल खुलने वाले हैं। उन्होंने स्कूल बसों और ऑटो का फिटनेश परीक्षण करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि स्कूल बसों और ऑटो में क्षमता से अधिक बच्चे न बैठे, इसके लिए नियमित जांच करने के निर्देश दिए। नियम विरूद्ध स्कूली बस एवं ऑटो के संचालन पर सख्त कार्रवाई करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि सभी स्कूलों में सड़क सुरक्षा के संबंध में बच्चों को जागरूक करें।

पुलिस अधीक्षक मोहित गर्ग ने कहा कि सड़क दुर्घटना के कई कारण हो सकते हैं। सड़क दुर्घटना स्पीड ब्रेकर और डिवाइडर गलत तरीके से बनने पर, अंधा मोड़, झाड़ी, शराब पीकर वाहन चलाने जैसे कारणों से हो सकती है। उन्होंने कहा कि जिले में सड़क सुरक्षा जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया जा रहा है। शहर में ट्रैफिक लाईट जगह-जगह पर लगवाना प्रारंभ किया गया है। शहर में व्यवस्था सुगम रहे, इसके लिए नगर निगम के साथ मिलकर अभियान चलाया जा रहा है। उन्होंने शहर के सड़कों के किनारे अवैध रूप से संचालित ठेले-खोमचे और अतिक्रमण को हटाने के निर्देश दिए। जिसके कारण दुर्घटना की स्थिति बनी रहती है। उन्होंने कहा जिन स्थानों में आवश्यक हो उन स्थानों में रम्बल स्ट्रीप, ब्रेकर और साइन बोर्ड लगाया जाएगा। उन्होंने शहर में जगह चिन्हांकित कर सड़क सुरक्षा के संबंध एलईडी स्क्रीन के माध्यम से जनजागरूकता लाने सुनिश्चित करने कहा। इसके साथ ही स्कूल, कोचिंग सेंटर, बस स्टैण्ड जैसे महत्वपूर्ण स्थानों में एलईडी स्क्रीन लगाकर जागरूक करने कहा। उन्होंने कहा कि सड़क किनारे गाड़ी खड़े होने से दुर्घटना होनी की संभावना रहती है। इसके लिए जिले में संचालित ढाबा एवं होटल संचालकों की बैठक आयोजित करने कहा। उन्होंने कहा कि जिस स्थान में सड़क दुर्घटना हुई है उस स्थान में जाकर लोक निर्माण विभाग, नेशनल हाईवे, पुलिस विभाग समिति के अधिकारी जांच कर रिपोर्ट प्रस्तुत करने कहा। जिससे उस स्थान में सुधारात्मक कार्रवाई की जा सके। जिससे आगे सड़क दुर्घटना में कमी आयेगी। उन्होंने कहा कि मोटर व्हीकल एक्ट के तहत सड़क दुर्घटना से प्रभावितों को आर्थिक सहायता दी जाती है। इसके लिए जनसामान्य को जागरूक करना चाहिए। जिससे संबंधितों को आर्थिक रूप से मदद समय पर मिल सके। बैठक में जिला पंचायत सीईओ सुश्री सुरूचि सिंह, अपर कलेक्टर सीएल मारकण्डे, अपर कलेक्टर श्रीमती इंदिरा नवीन प्रताप सिंह, नगर निगम आयुक्त अभिषेक गुप्ता, संयुक्त कलेक्टर खेमलाल वर्मा सहित अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।

# साय सरकार के छह महीने पूरे; सोशल मीडिया पर टॉप ट्रेंड कर रहा 'संवर-रहा-छत्तीसगढ़'

रायपुर। छत्तीसगढ़ के सीएम विष्णुदेव साय सरकार के गुरुवार को 6 महीने पूरे हो गये। इस पर बीजेपी छत्तीसगढ़ का सोशल मीडिया में हैशटैग अभियान 'संवर-रहा-छत्तीसगढ़' टॉप ट्रेंडिंग कर रहा है। समूचे छत्तीसगढ़ से आम लोगों का इसे समर्थन मिल रहा है। लोग उत्सुकतापूर्वक विष्णु सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं की फोटो, वीडियो, ग्राफिक्स को सोशल मीडिया के सारे प्लेटफॉर्म में पोस्ट और शेयर कर रहे हैं। खबर लिखे जाने तक इस हैशटैग पर अब तक मात्र दो घंटे में 30 हजार से ज्यादा पोस्ट हो चुके हैं।

इस ट्रेंड के जरिये भाजपा कार्यकर्ता विष्णु सरकार के 6 महीने के कामकाज का जमकर प्रचार-प्रसार कर कर रहे हैं। सरकार की योजनाओं पर आधारित फोटो, वीडियो और ग्राफिक्स को जमकर शेयर कर कर रहे हैं। कार्यकर्ताओं का कहना है कि केवल छह महीने की विष्णु सरकार में मोदी की गारंटी के सभी प्रमुख वादों को सरकार ने प्राथमिकता से पूरा किया है। इससे प्रदेश के हर वर्ग में खुशहाली आई है। सरकार की महतारी वंदन योजना, कृषक उन्नति योजना, तेंदूपत्ता के दाम बढ़ाए जाने, 18 लाख पीएम आवास की स्वीकृति पर आधारित फोटो, वीडियो और ग्राफिक्स को लोगों का अच्छा प्रतिसाद मिल रहा है। सुशासन की सरकार में छत्तीसगढ़ संवर रहा है और आगे बढ़ रहा है।




# छत्तीसगढ़ से गुजरने वाली 54 ट्रेनें रद्द : 16 जून से 10 जुलाई तक रहेंगी कैंसिल

राजनांदगांव (दावा)। गर्मी में रेल यात्रियों की फिर मुश्किलें बढ़ने वाली हैं। छत्तीसगढ़ से होकर गुजरने वाली ट्रेनों के रद्द होने का सिलसिला थमने का नाम नहीं ले रहा है। एक के बाद एक रेल गाड़ियों को कैंसिल किया जा रहा है। पश्चिम मध्य रेलवे भोपाल रेल मंडल और दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे के बिलासपुर रेल मंडल में मेंटनेंस और विकास कार्यों की वजह से 54 ट्रेनें रद्द रहेगीं। वहीं 8 ट्रेने दूसरे रूट से होकर चलेंगी।

16 जून से 10 जुलाई तक पश्चिम मध्य रेलवे भोपाल रेल मंडल के मालखेड़ी-महादेवखेड़ी रेलवे स्टेशनों के बीच दोहरीकरण रेललाइन का कार्य किया जा रहा है। इस दूसरी रेललाइन को मालखेड़ी-महादेवखेड़ी रेलवे स्टेशनों से जोड़ने का कार्य किया जाएगा। इस वजह से 28 ट्रेनें कैंसिल रहेंगी। वहीं 2 दूसरे रुट से होकर चलेंगी। दूसरी ओर दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे के बिलासपुर रेल मंडल के कोतरलिया रेलवे स्टेशन को राष्ट्रीय ताप विद्युत निगम तलाईपल्ली माइंस लाइन से जोड़ने का कार्य किया जाएगा। इस वजह से 26 ट्रेनें कैंसिल रहेंगी। वहीं 6 दूसरे रुट से होकर चलेंगी। रेल प्रशासन ने यात्रियों को होने वाली असुविधा के लिए खेद जताया है।

# पिनकापार स्कूल प्राचार्य की मनमानी, स्कूली बच्चों से करते हैं अवैध वसूली

## वसूली राशि नहीं देने पर बोर्ड परीक्षा देने से छात्र हुआ वंचित




डोंगरगांव (दावा)। अंचल के ग्राम पिनकापार के हायर सेकंडरी स्कूल के प्राचार्य के द्वारा अवैध उगाही का मामला प्रकाश में आया है. यह बात हम नहीं स्कूल के छात्र ही बता रहें है, कि बगैर पैसे के छात्रों की ओर ध्यान नहीं देते. इतना ही नहीं स्कूल के टूट-फुट की भरपाई भी निर्दोष छात्रों से करवाते हैं. सूत्रों की मानें तो उक्त प्राचार्य की शिकायत भी अनेक बार अधिकारियों से हुई लेकिन रौब रुतबा के चलते कार्यवाही शून्य रही. मामला तूल पकड़ता देख उक्त प्राचार्य का प्रभार छीन लिया गया है लेकिन मीडिया से शिकायत करने पर बच्चों को पुनः परेशान किये जाने की खबर मिल रही है.

मामला शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय पिनकापार में कक्षा 12वीं में पढने वाले कुछ छात्रों ने डोंगरगाँव मीडियाकर्मियों को बताया कि कुछ महीने पहले विदाई समारोह में 12वीं के बच्चों को विद्यालय बुलाया गया था, जहाँ कुछ शरारती बच्चों के द्वारा टेबल में धमाचौकड़ी के चलते बिजली बोर्ड को नुकसान हुआ था परंतु स्कूल के प्राचार्य हीरुराम वर्मा द्वारा गणेश एवं थामेश कुमार से 25-25 हजार रुपये की अवैध वसूली की गई. इसी प्रकार छह माह पूर्व कक्षा का ताला टूटने की वजह से जागेश एवं भोपेश से 5-5 हजार रुपये व 20-25 बच्चों से 5-5 सौ रुपये की वसूली प्राचार्य द्वारा की गई. बताया गया कि जागेश के पिता पांच हजार की व्यवस्था नहीं कर पाए तो उसे यह कहकर भगा दिया गया कि जब तक पांच हजार नहीं दोगे तब तक बोर्ड परीक्षा कक्षा 12वीं का एडमिट कार्ड नहीं दिया जाएगा. जिसके चलते जागेश बोर्ड परीक्षा का पेपर देने से वंचित रह गया और उसका यह पूरा साल बर्बाद हो गया. बच्चे जब तक स्कूल में पढ़ाई करते रहे तब तक डरे सहमे थे किन्तु स्कूल से निकलने के बाद बच्चे स्थानीय मिडियाकर्मियों से मिलकर पूरी बात विस्तार से बताई और प्राचार्य से राशि लिये जाने की पुष्टि के बाद पूरा मामला सामने आया.

वहीं इस मामले में तत्कालीन प्राचार्य हीरूराम ने सारे आरोपों को खारिज करते हुए एवं सफाई देते हुए कहा कि बच्चों से राशि तो लिया गया है किन्तु शाला विकास समिति की सहमति और संज्ञान में लिया गया है. दो घटना में 2 बच्चों से 25 हजार, 1 से पांच हजार और सत्रह बच्चों से 5-5 सौ रूपये लिया गया था. जिसमें 25 हजार की राशि को बच्चों को लौटा दिया गया था. इस मामले में प्रभारी शिक्षकों से नुकसान का आंकलन के बाद इस राशि को बच्चों से लिया गया. आईटीसी और शाला विकास के प्रभारी श्री जैन द्वारा नुकसान की राशि सुझाए गए अनुसार लिया गया. एक छात्र का परीक्षा प्रवेश पत्र नहीं लेने आया ही नहीं जिसकी वजह से परीक्षा से वंचित रहा जबकि उसे सूचित किया गया था कि प्रवेश पत्र ले लेवें और परीक्षा दे.

दूरस्थ सरकारी स्कूलों में मानिटरिंग की कमी के चलते इस तरह की घटनाएँ सामने आती हैं. उच्च अधिकारी स्कूलों में निरीक्षण के लिए पहुंचते भी हैं तो उनका बच्चों से सीधा संवाद बहुत कम ही होता है जिसके चलते बच्चों की समस्याएँ दब कर रह जाती हैं और ऐसी परिस्थिति पैदा होती है.

स्कूली बच्चों द्वारा इतनी बड़ी राशि वसूला जाना और वह भी सरकारी स्कूलों में काफी गंभीर विषय है. पहले ही सरकारी स्कूल शिक्षक और व्यवस्थाओं की कमी से जूझते हैं जबकि शाला विकास के लिए स्कूलों में पर्याप्त राशि होती है और गरीब ग्रामीण बच्चों पर इस तरह आर्थिक बोझ डालने से सरकारी स्कूल की पहुंच और दूर होगी. चाहे जो भी हो मामला काफी गंभीर है और इस विषय की गंभीरता से जांच कर दोषियों पर शीघ्र अतिशीघ्र कार्यवाही किया जाना चाहिए.




स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक व मुद्रक दीपक कुमार बुद्धदेव द्वारा स्वस्तिक ऑफसेट एण्ड स्क्रीन प्रिंटर्स, बल्देवबाग रोड, राजनांदगांव से मुद्रित कर प्रकाशित। सम्पादक दीपक कुमार बुद्धदेव।
* समाचार चयन के लिए पी.आर.बी. एक्ट के तहत जिम्मेदार। * किसी भी विवाद की स्थिति में न्यायिक क्षेत्र राजनांदगांव रहेगा। फोन नं. - 07744-406631 e-mail : dainikdawa_rjn@yahoo.com